# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com | भोपाल, शुक्रवार 29 दिसंबर 2023


## मोहन ने चला डाला 'सुदर्शन चक्र': प्रदेश में पहली बार इतना बड़ा और ताबड़तोड़ एक्शन, उच्चस्तरीय जांच के भी आदेश

# हादसे के लिए 'जिम्मेदार' सारे अफसर ही धराशायी

**परिवहन आयुक्त, प्रमुख सचिव परिवहन, कलेक्टर व एसपी को हटाया, आरटीओ व सीएमओ निलंबित**

*सीएम ने सभी कलेक्टर-एसपी को दिए निर्देश- यदि बगैर परमिट के वाहन चलते हैं तो सतर्कता बरतें और दोषियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाएं*

### फायर ब्रिगेड देर से पहुंचने के कारण सीएमओ (चीफ म्युनिसिपल ऑफिसर) बीडी कतरोलिया को नापा गया

### इस हादसे से लोगों में इतना आक्रोश था कि जिला अस्पताल में मृतकों एवं लापता लोगों के परिजनों ने हंगामा कर दिया

सीएम डॉ. मोहन यादव घायलों से अस्पताल में मिले मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना, फिर लिया एक्शन





जिला अस्पताल में भीड़ का दृश्य

### शिनाख्तहीन शवों की पहचान के लिए होगी डीएनए जांच

1 अब राख व हड्डियों के कोयलों से तलाशी जाएगी शवों की पहचान। ऐसे शवों की डीएनए जांच होगी ताकि परिजनों को शवों के अवशेष सौंपे जा सकें।

2 हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख व्यक्त किया, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी बस हादसे पर दुख जताया

### चार सदस्यीय जांच समिति गठित, तीन दिन में सौंपेगी रिपोर्ट

मुख्यमंत्री यादव के आदेश पर अपर जिला दंडाधिकारी मुकेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी गई है। इसमें एडीएम मुकेश शर्मा, एसडीएम दिनेश सांवले, परिवहन विभाग के अधिकारी और एक सहायक यंत्री को शामिल किया है। समिति तीन दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।



### इनके खिलाफ इन धाराओं में केस

बजरंगगढ़ पुलिस ने बस ऑपरेटर भानुप्रताप सिकरवार, लापता डंपर चालक, लापता बस चालक के खिलाफ आईपीसी की धारा 304, 308, 279, मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66, 192क, 56 और 192 के तहत एफआईआर दर्ज की । यह धाराएं आपराधिक होने के साथ ही आजीवन कारावास से दंडनीय हैं। बिना परमिट और फिटनेस की चल रही यह बस भाजपा के उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह सिकरवार (छुन्ना) के भाई भानु प्रताप सिंह सिकरवार के नाम पर है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल/गुना

गुना बस हादसे मामले में डॉ. मोहन यादव की सरकार ने ऊपर से लेकर नीचे तक के अधिकारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गुना कलेक्टर तरुण राठी और एसपी विजय कुमार खत्री को हटा दिया है। वहीं, परिवहन आयुक्त संजय कुमार झा को हटा दिया गया है।

दोनों की अधिकारियों को पीएचक्यू में अटैच किया गया है। साथ ही प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह से परिवहन विभाग छीन लिया है। पीएस सिंह के पास सिर्फ पीडब्ल्यूडी की ही जिम्मेदारी है। एसीएस डॉ. राजेश राजौरा को परिवहन का प्रभार सौंप दिया है। गुरुवार की ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सेमरी घाटी पर हुआ था यह दर्दनाक हादसा बस से 16 यात्री ही सुरक्षित निकल सके

गुना से लगभग 20 किमी दूर गुना आरोन रोड पर सेमरी घाटी पर यह दर्दनाक हादसा हुआ था। गुना से आरोन जा रही सिकरवार बस ( एमपी08पी0199) को सामने आए डंपर (एमपी08एचए0443) ने टक्कर मार दी। इसके बाद बस पलट गई और विस्फोट के साथ बस में आग लग गई। कई लोग ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### बस का रजिस्ट्रेशन और बीमा नहीं था

हादसा बुधवार रात करीब साढ़े 8 बजे हुआ। बस गुना से आरोन की ओर जा रही थी, तभी सामने से आ रहे एक डंपर से बस की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस पलट गई और उसमें आग लग गई। दो-ढाई घंटे की मशक्कत के बाद बस में लगी आग पर काबू पाया जा सका। बस का रजिस्ट्रेशन और बीमा ▶▶ शेष पेज 4 पर

**क्यों लगी थी बस में आग?**

#### डीजल टैंक फटा और विस्फोट हो गया

परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह सही है कि बसों की फिटनेस होनी चाहिए। सुरक्षा की सारी जरूरतों को पूरा किया जाना चाहिए। पर जब ये बस पलटी तो इसका डीजल टैंक फट गया। उसमें आग लग गई और विस्फोट हो गया। तो अब, यह सोचना होगा कि डीजल टैंक टकराने के बाद फटे ही न। ऐसी कोई तकनीक विकसित करनी होगी। ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

### ये 13 लोग लापता

- सक्षम सिंह पुत्र संजीव सिंह (16.) निवासी अंबिका पेट्रोल पंप, आरोन
- मुश्तकीम पुत्र अजीज खान (35) निवासी आरोन
- गणेश पुत्र प्रकाश गिरी (23) निवासी बरबटपुरा, आरोन
- संगीता पुत्री रामकृष्ण ओझा (21) निवासी वकील का बाड़ा, आरोन
- अलीसा पुत्री अजीज खान (9 ) निवासी राघौगढ़
- अर्जुन पुत्र प्रहलाद गिरी (46) निवासी बरबटपुरा ,आरोन
- मनोहर लाल शर्मा निवासी आरोन
- पप्पू उर्फ फूल सिंह पुत्र मानसिंह चंदेल (38) निवासी बमूरिया
- पवन पुत्र हटे सिंह बंजारा (23) निवासी रिजौदा, आरोन
- बलवंत सिंह पुत्र मोहन सिंह ओझा (35) निवासी बारोद
- महेश पुत्र हुकुमचंद निवासी सिलावट
- महेंद्र उर्फ पप्पू पुत्र जमुनालाल यादव (40) निवासी बारोद
- वीरेंद्र सिंह यादव पुत्र सीताराम यादव निवासी कोल्हूपुरा रोड सिसोदिया कालोनी, गुना

### परिवहन विभाग के और भी जिम्मेदार अधिकारी नपेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुना जिले में हुए हादसे को हृदय विदारक बताते हुए दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी है। यादव ने कहा कि मुख्य सचिव को गुना हादसे में अन्य दोषी अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही परिवहन विभाग को दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने को कहा गया है। राज्य स्तर से सभी कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों को भी निर्देश भेजे जा रहे हैं कि यदि बगैर परमिट के वाहन चलते हैं तो सतर्कता बरतें और दोषियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाएं। परिवहन विभाग के उच्च स्तर के अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुना हादसे में प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए हैं। यादव ने कहा कि इस घटना के लिए जो भी जिम्मेदार है, उन्हें नहीं छोड़ेंगे। दुख की इस घड़ी में प्रदेश सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है। इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए प्रबंध करेंगे। सड़कों के ऐसे डेंजर जोन को भी चिन्हित किया जाएगा।

### इन अफसरों को हटाया



गुना कलेक्टर तरुण राठी (मंत्रालय अटैच)



एसपी विजय कुमार खत्री (पीएचक्यू अटैच)



परिवहन आयुक्त संजय कुमार झा (पीएचक्यू अटैच)



प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह (परिवहन)



आरटीओ रवि बरेलिया (निलंबित)



सीएमओ बीडी कतरोलिया (निलंबित)

### इनको मिला प्रभार

- ▶▶ जिला पंचायत सीईओ और कलेक्टर प्रथम कौशिक
- ▶▶ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
- ▶▶ प्रमुख सचिव परिवहन का अतिरिक्त प्रभार एसीएस डॉ. राजेश राजौरा को दिया गया

### अस्पताल पहुंचे परिजनों ने हंगामा किया



## हादसे से जुड़ी ये कहानियां

#### 1 बड़ी मन्नत के बाद पैदा हुआ था सक्षम

आरोन के प्रतिष्ठित राजावत परिवार का पुत्र सक्षम 11वीं में अध्ययनरत था। वह गुना हर दिन पढ़ने जाता था और शाम को आरोन लौटता था। वे दो भाई-बहन हैं। बड़ी मन्नत के बाद संजीव राजावत को पुत्र पैदा हुआ था। इस बस हादसे के बाद से उनका पुत्र सक्षम लापता है।

#### 2 मुस्तकीम का इंतजार कर रहे पत्नी व बच्चा

मुस्तकीम खान राइन आरोन का होनहार युवा है। वर्ष 2018 के एग्जाम में वह पटवारी बना था। उसके परिवार में केवल उसकी ही सरकारी नौकरी है। उसकी नौकरी से परिवार पटरी पर आ रहा था। लेकिन इस हादसे में वह भी गायब है। घर पर उसकी पत्नी और छोटा बच्चा उसका इंतजार कर रहे थे।

#### 3 सामाजिक समरसता के लिए कर रहे थे काम मनोहर शर्मा


आरोन निवासी शासकीय शिक्षक मनोहर शर्मा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी थे और वे सामाजिक समरसता के लिए काम कर रहे थे। लेकिन इस हादसे में वे भी गायब हैं। शर्मा को उनके परिवार के साथ उनसे जुड़े लोग दिनभर तलाशते रहे।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव दिल्ली पहुंचे



मप्र में जल्द मंत्रियों को मिलेगा पोर्टफोलियो

**भोपाल।** मप्र में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद अब मंत्रियों को पोर्टफोलियो देने की कवायद शुरू हो गई है। पिछले दो दिन से मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा चल रही थी, इस बीच मुख्यमंत्री मोहन यादव गुरुवार रात दिल्ली पहुंचे। शुक्रवार को शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात होगी। इसके बाद मध्य प्रदेश लौटने के बाद संभवतः मंत्रियों को पोर्टफोलियो ▶▶ शेष पेज 4 पर



'एक व्यक्ति एक पद सिद्धांत' का पालन

## विजयवर्गीय ने दिया भाजपा महासचिव पद से इस्तीफा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

प्रदेश की मोहन सरकार में केबिनेट मंत्री बने कैलाश विजयवर्गीय ने गुरुवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर पार्टी के महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। अपने ट्वीट में इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने लिखा कि 'पार्टी के सिद्धांत एक व्यक्ति एक पद' का पालन करते हुए इस्तीफा सौंपा है। कैलाश ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य रहा कि मैंने 9 वर्ष तक पहले अमित शाह और जेपी नड्डा के मार्गदर्शन में संगठन को गढ़ने के लिए प्राण प्रण से कार्य किया। पार्टी सूत्रों का कहना है कि खाली महासचिव पद पर पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की नियुक्ति की जा सकती है। विजयवर्गीय ने कहा है कि अब पार्टी ने मुझे एक नई भूमिका के लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर



श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह

## गर्भगृह में पीएम मोदी सहित रहेंगे पांच लोग

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर युद्धस्तर पर तैयारियां चल रही हैं। दुनिया भर के राम भक्त राम मंदिर उद्घाटन को लेकर उत्साह से भरे हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक, प्राण प्रतिष्ठा के समय पांच लोग गर्भगृह में मौजूद रहेंगे। पीएम मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ गर्भगृह में मौजूद रहेंगे। इनके अलावा संघ प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्य आचार्य गर्भगृह में मौजूद रहेंगे। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान पर्दा बंद रहेगा। सबसे पहले भगवान राम को ▶▶ शेष पेज 4 पर



**नई दिल्ली।** अबू धाबी में तैयार हो रहे बीएपीएस मंदिर के उद्घाटन समारोह के लिए पीएम मोदी को आमंत्रण मिला है। जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है।

**अंधे मोड़ पर अनियंत्रित हुआ ट्रक**

## स्कूली बच्चे बाल-बाल बचे ट्रक ड्राइवर-क्लीनर जख्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶शिवपुरी

सतनवाड़ा के खूबत घाटी पर गुरुवार सुबह अंधे मोड पर कागज से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर को तोड़ते हुए सड़क के दूसरे छोर पर जाकर पलट गया।

इस दौरान गीता पब्लिक स्कूल की बस वहां से गुजर रही थी, जो ट्रक की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं एक अन्य ट्रक भी दुर्घटना का शिकार हो गया। दुर्घटना के समय बस में स्कूली बच्चे सवार थे। जिनकी जान आफत में पड़ गई, लेकिन गनीमत यह रही कि बच्चों को इस हादसे में कोई चोट नहीं आई।

जबकि ट्रक में सवार स्टाफ घायल हो गया। जिन्हें उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में विवेचना शुरू कर दी है।



#### स्कूल बस हुई क्षतिग्रस्त ट्रक भी चपेट में आया

गीता पब्लिक स्कूल की बस एमपी 33 पी 0236 सतनवाड़ा में बच्चों को लेने सुबह पहुंची थी और करीब 7 बजे स्कूल के बच्चों को बिठाकर बस शिवपुरी के लिए रवाना हुई। जैसे ही वह खूबतघाटी के अंधे मोड़ से गुजर रही थी उसी दौरान शिवपुरी की ओर से आ रहा एक ट्रक क्रमांक आर जे 11 जीबी 2406 अनियंत्रित होकर हाईवे के बीच के डिवाडर को तोड़ते हुए दूसरी पट्टी पर आ गया और ▶▶ शेष पेज 4 पर






**'अनूठा' आसमान...**

राजधानी में मौसम एक बार फिर करवट ले रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते बीते तीन से पड़ रही गर्मी अब सर्दी में तब्दील होती जारही है। शाम करीब 6 .30 बजे कलियासोत डैम के आसमान पर लालिमा समेत कई रंग लिए बादल इस ओर संकेत कर रहे थे। यह चित्र ड्रोन से लिया हमारे फोटोग्राफर मनिंदर सिंह ने।

## ग्रामीण रूटों पर दौड़ रहीं अनफिट बसें, न फर्स्ट एड बॉक्स मिले न फायर सिलेंडर

# ज्यादातर 'मौत की बसें' रसूखदारों की, जैसे ही होती है चैकिंग, ये छुड़वा लेते हैं 'अनफिट' बसें

कपिलदेव श्रीवास्तव ⏭ भोपाल

प्रदेश के विभिन्न जिलों में चलने वाली यात्री बसें नियम कायदे को ताक में रखकर संचालित हो रही हैं। सबसे अधिक परिवहन विभाग के मुख्यालय यानी ग्वालियर संभाग के शिवपुरी, गुना, दतिया अशोकनगर, चंबल संभाग के भिंड, मुरैना और श्योपुर में देखने को मिल रही हैं। यहां के ग्रमीण रूटों पर अनफिट एवं खटारा बसें धड़ल्ले से सड़कों पर दौडा रहे हैं। इसके अलावा जबलपुर, शहडोल, सीधी, रीवा, सतना व बैतूल जिलों में अधिकांश बसें बिना परमिट व फिटनेस के दौड़ रही हैं। जिन पर आरटीओ अधिकारी कार्रवाई के बजाय उदासीन बना है।

शायद विभाग को गुना जैसे किसी बड़े हादसे का इंतजार है। वैसे भी विभाग तब तक सतर्क नहीं होता जब तक कि देश-प्रदेश एवं जिले में कोई बड़ी दुर्घटना नहीं घट जाए, हादसा होने के बाद चंद दिन विभाग को नियम कायदों का पालन कराना जरूर याद रहता है। जिन्हें कुछ ही दिन बाद पुरानी यादों की तरह भुला दिया जाता है। ऐसा ही गुना हादसे के बाद देखने को मिला है। इस हादसे के बाद परिवहन विभाग ने प्रदेशभर में बस चैकिंग अभियान चलाने के आदेश जारी किए हैं, जिसके बाद भोपाल सहित प्रदेशभर में गुरुवार को विभिन्न रूटों पर चेकिंग अभियान चलाया गया।

**घायल यात्रियों के कथन लिए**

गुना बस हादसे के बाद मुख्यमंत्री के निर्देशों पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट मुकेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। मुकेश कुमार शर्मा का कहना है कि समिति विभिन्न मुद्दों पर जांच कर तीन दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। अभी हमने घायल यात्रियों के कथन लिए हैं। इसके अलावा बस व डंपर के पास सभी कानूनी अनुमतियां थीं या नहीं इसके अलावा बस में आग कैसे लगी।

## ग्वालियर संभाग में सबसे अधिक बसें चल रहीं बिना परमिट व बगैर फिटनेस के, वाहन संचालक नियमों को नहीं मान रहे

**हादसा होने के चंद दिनों तक ही विभाग को याद रहती है बसों की चैकिंग**



### प्रदेशभर में करीब 23 हजार बसें हो रहीं संचालित

मप्र के विभिन्न बस स्टैंड से रोजाना 23 हजार बसें विभिन्न रूटों पर चलाई जा रही हैं तो वहीं स्कूल बसों की संख्या करीब 16 हजार से अधिक है। परिवहन सूत्रों के अनुसार ग्रमीण क्षेत्रों में संचालित होने वाली करीब 20 फीसदी बसों में से कुछ के पास परमिट नहीं हैं, तो कुछ के पास फिटनेस भी नहीं है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र की पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और न परिवहन विभाग द्वारा अनफिट बसों पर कार्रवाई नहीं कर रहा। कई बार खटारा बस बीच रास्ते में खराब हो जाती हैं। विगत दिनों ग्रामीण क्षेत्र तो दूर ऑल इंडिया परमिट पर दौड़ने वाली वर्मा ट्रैवल्स की बस भी भोपाल से मुंबई जाते समय नासिक के पास बीच सड़क पर खराब हो गई थी। जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह तो सिर्फ एक मामला है। रोजाना ऐसे मामले सामने आते रहे हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी उठाने के साथ जान तक गंवानी पड़ती है।



### ग्रामीण रूटों की ज्यादातर बसें कंडम

प्रदेश के सभी जिलों के ग्रामीण रूट पर संचालित होने वाली ज्यादातर बसें पुरानी और कंडम हो चुकी है। नर्मदापुरम व भोपाल संभाग के रूटों पर कई बसें 20 साल से अधिक की दौड़ रही हैं। बसों में यात्रियों को भी भेड़-बकरियों की तरह ठूंसा जाता है। बसों में फर्स्ट एड बॉक्स व अग्निशमन यंत्र होना अनिवार्य है। लेकिन इनमें ये सब नहीं हैं। हादसा होने पर घायलों को प्राथमिक उपचार नहीं मिल पाता है। गुना हादसे में भी यहीं देखने को मिला। इस बस में फर्स्ट एड बॉक्स व अग्निशमन यंत्र नहीं थे।

**हरिभूमि पड़ताल**

### दूसरे राज्यों की बसों की नहीं होती चैकिंग

बसों के संचालन के लिए सरकार ने कई नियम बनाए हैं, लेकिन सभी नियम ताक में रखे हैं और बसें चल रही हैं। प्रदेश की बसों के साथ ही दूसरे राज्यों की बसों की कभी चेकिंग नहीं की जा रही है। अन्य राज्यों की सीमा से लगे जिलों में झांसी, ललितपुर, जयपुर, कोटा, बांरा, इटावा, खातौली, इंदौर, दिल्ली सहित अन्य प्रदेशों की बसें भी संचालित हो रही हैं। इनको लेकर भी कोई चेकिंग अभियान नहीं चलाया गया है। न ही इनकी जांच होती है।

### अधिकांश बसें नेताओं की

कुछ पूर्व आरटीओ ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ऐसा नहीं है कि परिवहन विभाग के अधिकारी कार्रवाई नहीं करते हैं। समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाया जाता है, लेकिन जैसे ही अभियान शुरू होता है। बड़े नेताओं व मंत्री के फोन पर कार्रवाई नहीं करने का दबाव बनाया जाता है। दरअसल, अधिकांश बस संचालक रसूखदार हैं व राजनैतिक पार्टियों से जुड़े हुए हैं तो वहीं परिवहन विभाग के पास अब चेकिंग अमला ही नहीं है।

### फिटनेस के दौरान क्या-क्या जांच होती है?

इस दौरान सबसे पहले वाहन की नंबर प्लेट चेक की जाती है। इसके बाद वाइपर इंडिकेटर, लाइट, कलर, चेसिस नंबर व वाहन मॉडिफाइड तो नहीं है। बसों में इनके अलावा बस की खिड़की, गेट व फर्स्ट एड बाक्स, अग्निशमन यंत्र की जांच की जाती है।

### सीधी हादसे के बाद सड़कों पर उतरे थे मंत्री राजपूत

गुना हादसे के पहले 16 फरवरी 2021 सीधी जिले में बड़ा बस हादसा देखने को मिला था, जिसमें 54 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद 18 फरवरी 2021 को तत्कालीन परिवहन मंत्री व वर्तमान मंत्री गोविंद सिंह राजपूत खुद सड़कों पर बसों की चेकिंग के लिए उतरे थे। उस समय उन्होंने कहा था कि बसों की चैकिंग अभियान निरंतर चलता रहेगा। लेकिन कुछ दिनों बाद यह अभियान बंद हो गया।

### डंपर वाले की गलती थी

शुरुआती जांच में पता चला है कि डंपर चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ है। इसके अलावा इस तरह के हादसे रेसिंग के कारण होते है। जिन रूटों पर पर्याप्त गाड़ी हैं, उन रूटों पर बसों के नए परमिट जारी नहीं किए जाएं, जिससे यह रेसिंग नहीं होगी।

**जय कुमार जैन**, महामंत्री मप्र बस ऑनर्स एसोसिएशन

## आरटीओ ने की 20 बसों की जांच, 16 हजार शमन शुल्क वसूला, एक बस की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गुना जिले में यात्री बस के डंपर से टक्कर के बाद पलटने व आगजनी के दर्दनाक हादसे के बाद भोपाल सहित प्रदेश में गुरुवार से बसों का सघन चेकिंग अभियान शुरू हुआ। भोपाल में खुद आरटीओ बसों का निरीक्षण करने सड़क पर उतरे। वह दोपहर करीब 12:30 बजे परिवहन विभाग के कर्मचारियों के साथ रायसेन रोड पर पहुंचे और वहां से गुजर रही बसों को चेक किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चेकिंग अभियान सिर्फ सात दिन नहीं, बल्कि निरंतर चलेगा। नियमों का पालन नहीं करने वाले ड्राइवरों के लाइसेंस निरस्त होंगे।

### बसों में ये मिली खामियां

- फर्स्ट एड बॉक्स में एक्सपायरी दवाएं मिलीं।
- इमरजेंसी गेट पर सीट लगी मिली।
- क्षमता से अधिक यात्री मिले।
- अग्निशमन यंत्र बेकार मिले।
- एक बस बिना परमिट के मिली।
- ड्राइवर यूनिफॉर्म पहने हुए नहीं मिले।



### आरटीओ ने जांची 20 बसें

आरटीओ संजय तिवारी ने भोपाल-सागर मार्ग पर बिलखिरिया में बसों का चेकिंग अभियान चलाया। ताबड़तोड़ कार्रवाई में 20 बसों की जांच की। इसमें बिना परमिट के मिली एक बस को जब्त करने की कार्रवाई की गई। वहीं 16 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला। चेकिंग के दौरान बसों के ड्राइवर व परिचालक खाकी वर्दी नहीं पहने थे। बसों में लगे फर्स्ट एड बॉक्स में दवाएं व मरहम पट्टी नहीं मिलीं। कई बसों में जरूरी कागजात भी नहीं मिले। बसों के टायर घिसे हुए थे, वहीं कुछ में साइड ग्लास नहीं लगे थे। आरटीओ संजय तिवारी ने बताया कि गुना जैसा बस हादसा फिर न हो, इसके लिए हर बस का फिटनेस प्रमाण पत्र जांचा जाएगा। शुक्रवार को बस मालिकों के साथ बैठक कर बसों की फिटनेस कराने के निर्देश दिए जाएंगे। बिना फिटनेस, बीमा, परमिट के कोई भी बस मिलती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## 1.90 करोड़ रुपए की पेनाल्टी लगने से बसों के नए परमिट में हो सकती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीसीएलएल की 96 सिटी बसों का ग्रामीण क्षेत्रों में संचालन करने पर आरटीओ के द्वारा तीन आपरेटरों पर 1.90 करोड़ रुपए की पेनाल्टी लगाने के कारण अब बसों के नए परमिट पर परेशानी हो सकती है। बस आपरेटर कोर्ट में मामला ले गए हैं, लेकिन आरटीओ बस आपरेटरों से वैध दस्तावेज के आधार पर कार्रवाई करता है, तो इन बसों के परमिट नवीनीकरण में दिक्कत होगी।

■ **आरओओ के निर्णय पर कोर्ट में चल रही सुनवाई**

वर्ष 2021 में नगर निगम क्षेत्र से बाहर 25 किलोमीटर की परिधि तक के क्षेत्रों के रहवासियों, श्रमिकों, छात्र-छात्राओं के आवागमन के लिए बीसीएलएल बसों को ग्रामीण क्षेत्रों तक संचालन शुरू किया था। निगम सीमा से 25 किलोमीटर की परिधि को नगरीय बस संचालन की श्रेणी में रखा गया था। इसके बाद ही निगम सीमा के बाहर मंडीदीप, रातीबड़, कान्हासैया, हिनोतिया, बंगरसिया, बिलकिसगंज, बगरोदा, सूखी सेवनिया, फंदा और परवलिया जैसे बाहरी क्षेत्रों के परिवहन सेवाओं का संचालन शुरू किया गया। दो वर्षों तक आरटीओ द्वारा भी इन्हें सिटी परमिट पर ग्रामीण क्षेत्रों में बस परिवहन की छूट मिली थी। इसके बाद परिवहन आयुक्त ने इस पर रोक लगा दी थी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में संचालन के लिए अलग से टैक्स चुकाने के निर्देश दिए थे।

### गजट नोटिफिकेशन न होने से पेनाल्टी

परिवहन विभाग ने 31 मई 2022 को एक पत्र जारी कर 16 नगर पालिक निगमों के अधीनस्थ बस आपरेटरों को सिटी परमिट पर निगम सीमा से 25 किलोमीटर तक बसों के संचालन की अनुमति दी थी, जो अस्थाई छूट थी। इसके बाद नगरीय प्रशासन विभाग को नगरीय बसों के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालन को लेकर शासन से गजट नोटिफिकेशन कराना था, लेकिन इसमें अधिकारियों ने लापरवाही बरती। अब आरटीओ द्वारा 31 मई 2022 से 22 सितंबर 2023 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित 96 बसों पर पेनाल्टी लगाई है। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालन को कोर्ट ने अवैध बताया था।

## बीएमएचआरसी में शारीरिक व मानसिक विकारों के इलाज के लिए अलग ओपीडी

# बच्चों में डाउन सिंड्रोम ऑटिज्म का ऑक्युपेशनल थैरेपी से होगा इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के बीएमएचआरसी अस्पताल में अब बच्चों में होने वाली विभिन्न शारीरिक व मानसिक विकारों जैसे स्वाभाविक विकास में देरी, डाउन सिंड्रोम ऑटिज़्म, हाइपर एक्टिव डिसऑर्डर, इन्टेलेक्चुअल डिसएबिलिटी का ऑक्युपेशनल थेरेपी के जरिए इलाज शुरू हो गया है। इसके लिए ऑक्युपेशनल थैरेपी विभाग की अलग ओपीडी शुरू हो गई है।

यह ओपीडी हर मंगलवार को सुबह 9 बजे से 4 बजे तक और शनिवार को सुबह 9 बजे से 2 बजे तक संचालित होगी। ओपीडी में बीएमएचआरसी की ऑक्युपेशनल पूनम बिचपुरिया गौर बिहेवियर थेरेपी, सेंसरी इंटिग्रेशन थेरेपी, न्यूरो डेवलपमेंट थेरेपी, ओरोमोटर एक्सरसाइज के जरिए मरीजों के विकारों का इलाज़ करेंगी।

### खास बातें

- थैरेपी के लिए की जा रही है जरूरी उपकरणों की खरीदी
- हर मंगलवार सुबह 9 से 4 व हर शनिवार सुबह 9 से 2 बजे तक रहेगी ओपीडी



### ऑक्युपेशनल थैरेपी से वयस्कों व बुजुर्गों का भी इलाज

डॉ मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि ओपीडी में ऑक्युपेशन थेरेपी के जरिए वयस्कों व बुजुर्गों को भी इलाज होगा। वयस्कों व बुजुर्गों में होने वाली बीमारियों जैसे स्ट्रोक, डिमेंशिया, सीजोफ्रेनिया के विभिन्न लक्षणों जैसे व्यक्तियों व वस्तुओं की पहचान न कर पाना, रंगों में भेद न कर पाना, कोई निर्णय न कर पाना, सोचने समझने की क्षमता प्रभावित हो जाने आदि का भी ऑक्युपेशनल थैरेपी से इलाज किया जाएगा। इसके अलावा न्यूरोलॉजिकल केस जैसे स्ट्रोक आदि का भी ऑक्युपेशनल थैरेपी से इलाज किया जा सकता है।

### बच्चों में बढ़ी न्यूरो डेवलपमेंट डिसऑर्डर

बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि बीते कुछ सालों में बच्चों में न्यूरो डेवलपमेंट डिसऑर्डर जैसे ऑटिज्म व इससे संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। ऑक्युपेशन थैरेपी इन विकारों के इलाज में काफी कारगर है। ऑक्युपेशनल थैरेपी के लिए आवश्यक कई अन्य उपकरण जैसे मल्टी एक्टिविटी वर्क स्टेशन, सेंसरी इक्विपमेंट्स की खरीदी भी की जा रही है।

### बच्चों में दिखने वाले इन लक्षणों का होगा इलाज

- रोजमर्रा की दिनचर्या के कामकाज न कर पाना
- बच्चे का ठीक से चल न पाना
- अपने आप में खोए रहना, अन्य बच्चों से घुलमिल न पाना
- खिलौनों के साथ अनुचित तरीके से खेलना
- बेवजह हंसना या रोना
- वस्तुओं से अजीब तरह का लगाव रखना
- अति सक्रियता या अति निष्क्रियता
- आवाज़ के प्रति अति संवेदनशील या असंवेदनशील होना
- खतरे को भांप न पाना, उसके प्रति लापरवाह व्यवहार दिखाना

## संभल जाओ, लापरवाही पड़ सकती है भारी

# कोरोना के 5 नए मरीज मिले राजधानी में 8 मरीज एक्टिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोरोना संक्रमण को लेकर एक फिर राजधानी में दशहत बढ़ गई है। गुरूवार को कोरोना के पांच नए पॉजिटिव मरीज मिले हैं। अब तक राजधानी में कोरोना के आठ मरीज एक्टिव है, जो होम क्वारेंटाइन में रहकर इलाज करा रहे हैं।

गुरूवार को 38 मरीजों के सैंपल लिए गए थे। इनमें चार की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। शहर में कोरोना के मरीजों का मिलने का सिलसिला अब जारी हो गया है।

### ज्यादा खतरनाक नहीं यह वैरिएंट: डॉ. तिवारी

जो चार मरीज मिले हैं, उन्होंने कोविशील्ड वेक्सीन के दो डोज लगवाए हैं। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि ओपीडी में आने वाले सर्दी-खांसी के मरीजों की आरटीपीसीआर जांच कराई जा रही है। कोरोना का यह वैरिएंट ज्यादा खतरनाक नहीं है। चार-पांच दिन में मरीज खुद ठीक हो जाता है। लोगों को मास्क, सैनिटाइजर और सामाजिक दूरी का पालन करना चाहिए। अगर किसी रोगी में लक्षण मिलते हैं तो वह होम क्वारंटीन हो सकता है। चार से पांच दिनों में मरीज ठीक हो जाता है।



भोपाल, शुक्रवार 29 दिसंबर 2023 ■ पौष मास कृष्ण पक्ष-03 ■ वर्ष : 10, अंक : 282 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 24, न्यून. 12 haribhoomi com



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## घने कोहरे ने रोक दी सेमी हाईस्पीड ट्रेन की रफ्तार

### 15 घंटे से ज्यादा लेट हुई वंदे भारत ट्रेन



**नई दिल्ली।** पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश में भीषण ठंड के साथ घना कोहरा देखने को मिल रहा है। कोहरे की वजह से सड़कों पर दुर्घटनाए बढ़ गईं हैं, तो वहीं उड़ान सेवाओं पर भी असर देखने को मिला है। दिल्ली से वाराणसी (बनारस) जाने वाली नई वंदे भारत ट्रेन अपने निर्धारित समय से 15 घंटे की ज्यादा की देरी चल रही है। बुधवार को रात 11 बजकर 05 मिनट पर वाराणसी पहुंचने वाली वंदे भारत ट्रेन (22416) गुरुवार को दिन में 03:30 तक बजे तक नहीं पहुंच सकी है, जबकि वाराणसी से सुबह छह बजे चलने वाली वंदे शेष पेज 4 पर

## उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं के असर और दिन में बादल छाने से सर्दी बढ़ने लगी

# अब दिन 'ठिठुरने' लगे



**आज से डब्ल्यूडी दिखाएगा असर, कहीं अति घना कोहरा, कहीं बादल, बारिश**

**भोपाल में भी बादलों का असर बढ़ेगा, सोमवार से मंगलवार के बीच बारिश की उम्मीद**

### प्रदेश में सबसे अधिक दिन का पारा ग्वालियर में 10 डिग्री गिरकर 15.7 डिग्री पर रहा, जो सामान्य से 7.6 डिग्री कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अब दिन के तापमान में गिरावट और रात के पारे में उछाल शुरू हो गया है। प्रदेश में सबसे अधिक दिन का पारा ग्वालियर में 10 डिग्री गिरकर 15.7 डिग्री पर रहा, जो सामान्य से 7.6 डिग्री कम है। उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं के असर और दिन में बादल छाने से ग्वालियर सहित आसपास के इलाकों में सर्दी का असर बढ़ गया है। शुक्रवार से कई जिलों में बादल, अधिकतम तापमान में और गिरावट होगी। भोपाल में दिन का पारा शेष पेज 4 पर

**प्रदेश में सबसे कम रात का पारा आंवरी में 5.8 डिग्री रहा, जबकि सबसे अधिक दिन का पारा खरगोन और मंडला में 29.2 डिग्री रहा है।**

### दिन में कहां बढ़ी सर्दी?

ग्वालियर के बाद खजुराहो में दिन का पारा सबसे ज्यादा 6 डिग्री गिरा। इसके अलावा नौगांव 4, सतना, सिवनी डेढ़ डिग्री, छिंदवाड़ा, टीकमगढ़, नरसिंहपुर एक डिग्री तक गिरकर पूर्वी मप्र में औसत तापमान 26 डिग्री तक रहा। रात के तापमान में सबसे अधिक बढ़त दतिया और रीवा में 3 डिग्री तक रही। पूरे प्रदेश में दिन का औसत तापमान 26.6 डिग्री रहा, जबकि रात का औसत पारा 11. 3 डिग्री रहा। आज से दिन के तापमान में और कमी आएगी।

### अब प्रदेश में बादल घना कोहरा

आज से ग्वालियर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, दतिया, भिंड, मुरैना आदि जिलों में अति घना कोहरा रहेगा। यहां विजिबिलिटी 50 मीटर से कम यानि शून्य रहेगी। रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, दमोह में मध्यम से घना कोहरा, दृश्यता 500 मीटर तक रहेगी। वहीं शिवपुरी, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, सागर में हल्के से मध्यम कोहरा रह सकता है।

inh छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेशी युवक जबलपुर से गिरफ्तार



**भोपाल।** ग्वारीघाट थाना क्षेत्र के पोलीपाथर में एक 30 साल का युवक बीते 11 साल से छिपकर रह रहा था। युवक बांग्लादेश का रहने वाला है और 2009 में वीजा लेकर आया पर लौटकर वापस नहीं गया। युवक का नाम रपन विश्वास है, जिसने आधार और पेन कार्ड भी बनवा लिया था। पासपोर्ट के लिए अप्लाई किया। जिसके बाद जांच में ये खुलासा हुआ।

### मोबाइल मांगा तो पति की आंख में कैंची घोंपी



**बागपत।** यूट्यूब पर गाना सुनने के लिए पत्नी से उसका मोबाइल मांगना पति को महंगा पड़ गया। पत्नी से मोबाइल मांगने पर उसने अपने पति की आंख में कैंची घोंप दी। दोनों में पहले मोबाइल को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद महिला ने कैंची से अपने पति की आंख पर हमला कर दिया। पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

### सेंसेक्स और निफ्टी नए शिखर पर पहुंचे



**नई दिल्ली।** गुरुवार को बाजार नए रिकॉर्ड पर पहुंचा। माना जा रहा है कि अमेरिका का सेंट्रल बैंक अगले साल मार्च से ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। इससे दुनिया के बाजारों में तेजी आई है। भारतीय बाजार में सुबह 9.50 बजे बीएसई सेंसेक्स 337 अंक की तेजी के साथ 72,370 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी50 भी 94 अंक की तेजी के साथ 21,749 अंक पर है।

## फैसले के 63 दिन बाद राहत : भारत सरकार के प्रयास रंग लाए, इन पूर्व नौसैनिकों को कानूनी मदद मिलती रहेगी

# कतर में अब 8 भारतीयों को नहीं होगी फांसी, सजा उम्रकैद में बदली



*मामला पहली बार 30 अगस्त 2022 को सामने आया जब कतर की खुफिया एजेंसी 'राष्ट्रीय सुरक्षा ब्यूरो' ने आठ पूर्व नौसेना अधिकारियों को गिरफ्तार किया। 26 अक्तूबर 2023 को कतर के कोर्ट ऑफ फर्स्ट इंस्टांस द्वारा सभी आठ पूर्व नौसैनिकों को सजा की मौत सुनाई थी।*

**भारत ने पिछले महीने इस सजा के खिलाफ कतर में अपीलीय अदालत का दरवाजा खटखटाया था**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कतर की एक अदालत ने जासूसी के एक कथित मामले में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को बड़ी राहत दी है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को दी गई मौत की सजा को रोक दिया गया है।

जासूसी के एक कथित मामले में गिरफ्तार किए गए भारतीय नौसेना के आठ पूर्व शेष पेज 4 पर

### परिजनों ने दोहा में की थी मुलाकात

नवंबर 2022 को आठ पूर्व अधिकारियों के परिवारों वालों ने दोहा में भारतीय दूतावास के अधिकारियों से मुलाकात की। इसके बाद भारतीय दूतावास ने कहा था कि वे कतर में भारतीय नागरिकों के किसी भी जरूरी कांसुलर मुद्दे या शिकायतों का निवारण करने के लिए तैयार हैं। जनवरी 2023 में कतर में भारतीय राजदूत दीपक मित्तल ने आठ पूर्व भारतीय नौसैनिक अधिकारियों से मुलाकात की थी।

**जनवरी 2023 में भारतीय राजदूत दीपक मित्तल ने इन अधिकारियों से मुलाकात की थी।**



मोदी की कतर शासक शेख तमीम बिन हमद अल थानी से मुलाकात हुई थी

### अब आगे क्या करेगा भारत ?...कानून टीम से होगा विचार-विमर्श

विदेश मंत्रालय ने कहा कि उनकी टीम डिटेल्ड फैसले की प्रतीक्षा है और वह अगले कदम के बारे में फैसला करने के लिए कानूनी टीम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के साथ संपर्क में है। इस मामले की कार्यवाही की प्रकृति गोपनीय और संवेदनशील होने की वजह से इस समय कोई और टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।

### पनडुब्बी कार्यक्रम पर कथित रूप से जासूसी करने का शक

*26 अक्तूबर को कतर की राजधानी दोहा में अल दहरा कंपनी के आठ सेवानिवृत्त भारतीय कर्मचारियों को मौत की सजा सुनाई गई थी। यह फैसला कतर के कोर्ट ऑफ फर्स्ट इंस्टांस द्वारा सुनाया गया था। इन सभी पर पनडुब्बी कार्यक्रम पर कथित रूप से जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। सेवानिवृत होने के बाद ये सभी नौसैनिक कतर की निजी कंपनी दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजी एवं कंसल्टेंसीज सर्विसेज में काम कर रहे थे। यह कंपनी कतरी एमिरी नौसेना को ट्रेनिंग और अन्य सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी खुद को कतर रक्षा, सुरक्षा एवं अन्य सरकारी एजेंसी की स्थानीय भागीदार बताती है।*

### विदेश मंत्रालय ने कहा- कतर के अधिकारियों के समक्ष मामला उठाते रहेंगे



इसके लिए विदेश मंत्रालय विस्तृत फैसले का इंतजार कर रहा है। एमईए ने इस विषय में एक बयान जारी कर कहा कि हमने दहरा ग्लोबल मामले में कतर की अपील अदालत के फैसले पर गौर किया है, जिसमें सजाएं कम कर दी गई हैं। एमईए ने कहा कि अदालत ने जब फैसला सुनाया, तब कतर में हमारे राजदूत और अन्य अधिकारी अदालत में मौजूद थे। हम मामले की शुरुआत से ही उनके साथ खड़े हैं और हम सभी कांसुलर और कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे। हम इस मामले को कतर के अधिकारियों के समक्ष भी उठाना जारी रखेंगे।

## जमीन खरीद-फरोख्त का मामला



# ईडी के 'आरोप पत्र' में प्रियंका गांधी का नाम

**हरियाणा में पांच एकड़ जमीन की कथित खरीद फरोख्त का मामला**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा में पांच एकड़ जमीन की कथित खरीद फरोख्त को लेकर पहली बार कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम ईडी के आरोपपत्र में शामिल किया गया है।

प्रियंका के पति और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा का भी इस चार्जशीट में शामिल है। हालांकि, उनमें से किसी को भी आरोपी के रूप में सूचीबद्ध नहीं किया गया है। ईडी की चार्जशीट एक एनआरआई बिजनेसमैन सीसी थंपी और भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक सुमित चड्ढा के खिलाफ दायर की गई थी। ईडी का मानना है कि उन्होंने भगोड़े शेष पेज 4 पर


### चार्जशीट में रियल एस्टेट एजेंट संग प्रियंका के लेन-देन का जिक्र

*केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रियंका वाड्रा के दिल्ली स्थित रियल एस्टेट एजेंट एचएल पाहवा के साथ लेन-देन का जिक्र चार्जशीट में किया है। अप्रैल 2006 में फरीदाबाद के अमीपुर गांव में प्रियंका गांधी वाड्रा के नाम पर एक घर कथित तौर पर खरीदा गया था। उसी समय यह जमीन पाहवा को वापस बेच दी गई थी। पाहवा वही एजेंट हैं, जिनसे प्रियंका वाड्रा ने कथित तौर पर 2005 और 2006 के बीच अमीपुर में 40.8 एकड़ जमीन खरीदी थी और दिसंबर 2010 में उसे वापस बेच दी थी। इसी तरह की डील थंपी के साथ भी की गई थी। उनको जनवरी 2020 में गिरफ्तार किया गया था। थंपी ने 2005 और 2008 के बीच एचएल पाहवा से उसी गांव में 486 एकड़ जमीन खरीदी थी। दावा है कि उनके थंपी के साथ गहरे संबंध थे।*

## आम चुनाव से पहले जनता को मिल सकती है राहत

# पेट्रोल-डीजल के रेट में बड़ी 'कटौती' की तैयारी पीएमओ और वित्त मंत्रालय की बैठक में फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव से पहले देश की जनता को एक बार फिर से सस्ते-पेट्रोल डीजल की सौगात मिल सकती है। चुनावी सीजन में मोदी सरकार एक बार फिर से जनता के लिए तिजोरी खोलने की तैयारी कर रही है। बीते दिनों प्रधानमंत्री कार्यालय और वित्त मंत्रालय व पेटोलियम मंत्रालय के उच्च अधिकारियों के बीच इस मुद्दे को लेकर बड़ी बैठक आयोजित की गई है। माना जा रहा है कि सरकार की ओर से जल्द ही इसे लेकर कोई बड़ा शेष पेज 4 पर

### तेल कंपनियों का घाटा हुआ कम, मुनाफा बढ़ा

कच्चा तेल महंगा होने के बाद 2022 में तेल कंपनियों को पेट्रोल पर प्रति लीटर 17 रुपए और डीजल पर 35 रुपए प्रति लीटर तक का घाटा हो रहा था, लेकिन कच्चे तेल का दाम गिरने के बाद स्थिति बदल गई है और तेल कंपनियों को पेट्रोल पर 8 से 10 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 3 से 4 रुपए प्रति लीटर तक का मुनाफा हो रहा है। कच्चे तेल का दाम अपने 52 हफ्ते के निचले स्तर के आसपास चल रहा है। बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 76 डॉलर प्रति बैरल और डब्लूटीआई क्रूड 71 डॉलर प्रति बैरल के आसपास है।

## नागपुर रैली में राहुल गांधी ने कहा

# भाजपा सांसद मुझसे कहते हैं अब यहां 'सहा' नहीं जाता

एजेंसी ▶▶ नागपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर नागपुर में एक रैली को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में आज दो विचारधारा की लड़ाई है, विचार और सत्ता की लड़ाई है, लड़ाई की बुनियाद विचारधारा है। उन्होंने एक भाजपा सांसद का जिक्र करते हुए कहा कि वह कुछ दिन पहले मुझसे लोकसभा में मिले थे। कई सांसद कांग्रेस में हुआ करते थे। वह छिपकर मुझसे मिलते थे और कहते थे कि राहुलजी आपसे बात करनी चाहिए। जब मैंने उनसे पूछा कि तुम तो भाजपा में हो, सब कुछ ठीक है, तो इसके जवाब में



**वे मुझसे कहते हैं कि हमारी कोई नहीं सुनता**

उन्होंने कहा कि अब यहां सहा नहीं जाता। हमारी कोई नहीं सुनता। राहुल ने कहा भाजपा में राजाओं की विचारधारा है, यहां ऊपर से आए आदेश का पालन होता है। लेकिन कांग्रेस में सभी को बोलने की आजादी है। आजादी की लड़ाई देश की जनता ने लड़ी थी। राजा-महाराजाओं ने नहीं लड़ी थी। कांग्रेस ने गरीब जनता के लिए लड़ाई लड़ी। हिंदुस्तान की जनता, महिलाओं के कोई अधिकार नहीं थे। ये आरएसएस की विचारधारा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग फिर से देश को उसी दौर में ले जाना चाहते हैं। पढ़ें पेज 08 भी


## राजाभोज एयरपोर्ट पर भी दो उड़ानों की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**पूर्व राष्ट्रपति को भी करीब ढाई घंटे लाउंज में बैठना पड़ा, यात्रियों ने एयरपोर्ट में बिताई रात**

# सुरक्षित लैंडिंग के बाद यात्रियों ने ली राहत की सांस पूर्व राष्ट्रपति राजनाथ कोविंद भी भोपाल में 'फंसे'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

उत्तर भारत में ख़राब मौसम का असर उड़ानों की आवाजाही पर पड़ रहा है। भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर पिछले कुछ समय से उड़ानें लगातार लेट आ रही है या कैंसिल की जा रही है।



गुरुवार को भी प्रयागराज उड़ान को कैंसिल रही। वहीं हैदराबाद और मुंबई सहित कई उड़ानें लेट आईं। वहीं बुधवार गुरुवार देर रात को एयर इंडिया की दो फ्लाइट्स की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। सुरक्षित लैंडिंग होने के बाद सभी यात्रियों ने राहत की सांस ली। इसमें पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शेष पेज 4 पर

### दोनों पायलटों ने मांगी लैंडिंग की अनुमति



बीती रात बुधवार को एयर इंडिया की त्रिवेंद्रम-दिल्ली और बेंगलुरु-दिल्ली दोनों अलग-अलग उड़ान की इमरजेंसी लैंडिंग राजा भोज एयरपोर्ट पर करवाई गई। दोनों उड़ानों के पायलटों ने राजा भोज एयरपोर्ट के एटीसी से इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति ली। दोनों फ्लाइटों की बुधवार रात दस बजे के आस पास इमरजेंसी सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। त्रिवेंद्रम से दिल्ली जा रही फ़्लाइट में पूर्व राष्ट्रपति राजनाथ कोविंद भी थे। जिन्हें अन्य यात्रियों के साथ राजा भोज एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन में लाया गया था। पूर्व राष्ट्रपति को भी क़रीब दो ढाई घंटे लाउंज में बैठना पड़ा। क़रीब दो घंटे बाद बाद त्रिवेंद्रम दिल्ली फ़्लाइट भोपाल से रवाना हुई। वहीं बैंगलोर दिल्ली फ़्लाइट को भोपाल में ही स्टे करवाया गया। यह बेंगलुरु- दिल्ली फ़्लाइट गुरुवार सुबह 9 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुई।

### इनका कहना

*त्रिवेन्द्रम और बेंगलुरु से दिल्ली जा रही दोनों फ्लाइट्स को यहां भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। दिल्ली में मौसम ख़राब होने के कारण यहां विमानों को लैंडिंग करानी पड़ी। त्रिवेंद्रम से दिल्ली उड़ान रात को ही रवाना हो गई लेकिन बेंगलुरु उड़ान दूसरे दिन सुबह को दिल्ली रवाना हुई।*

***रामजी अवस्थी डायरेक्टर***
*राजा भोज एयरपोर्ट*

## मुरैना में दो मोटरसाइकिलों की भयंकर भिड़ंत

# टक्कर के बाद हवा में उछले 6 लोग 3 की मौत, घायल ग्वालियर में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया है। भिंड जिले के 6 युवक गुरुवार की सुबह दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर सिहोनियां से गुजर रहे थे। इस दौरान दोनों बाइकों की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त हुई कि सभी छह लोग दूर-दूर जाकर गिरे। इस भीषण दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक की जिला अस्पताल में मौत हो गई और तीसरे युवक को ग्वालियर



रेफर किया तो रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना सिहोनियाँ थाना क्षेत्र स्थित खड़ियाहर के पास की है। इस दुर्घटना में घायल हुए दो अन्य लोगों को उपचार के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### राहगीरों ने दी पुलिस को सूचना

दो बाइकों के टकराने के बाद सभी छह लोग उछल कर दूर जा गिरे थे। राहगीरों ने सिहोनियां थाना पुलिस को फोन किया। पुलिस ने मौके पर देखा तो मजबूत सिंह की मौत हो चुकी थी। वहीं अन्य घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां अभिषेक सिंह की मौत हो गई। रिंकू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य लोगों को ग्वालियर रेफर किया गया। जिनमें शेष पेज 4 पर

# बीआरटीएस हटाने की रिपोर्ट दो दिन में शासन को सौंपी जाएगी, बस स्टॉप भी हटेंगे

कॉरिडोर को लेकर ननि कमिश्नर फ्रैंक नोबल ए ने सिविल इंजीनियरों के साथ मीटिंग भी की, वे 2 दिन में रिपोर्ट मुख्य सचिव राणा को सौंपेंगे, रिपोर्ट में कॉरिडोर हटाने का खर्च भी दर्शाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा उच्च स्तरीय बैठक में भोपाल से बीआरटीएस हटाने का निर्णय लेने के बाद जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम रिपोर्ट तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्य सचिव वीरा राणा से 3 दिन में रिपोर्ट मांगी है। इसे तैयार करने में जिला प्रशासन और नगर निगम के अफसर जुट गए हैं। दो दिन रिपोर्ट तैयार होती रही और गुरुवार को भी बैठकों का दौर जारी रहा। कॉरिडोर को लेकर नगर निगम कमिश्नर फ्रैंक नोबल ए ने सिविल इंजीनियरों के साथ मीटिंग भी की। वे 2 दिन में रिपोर्ट मुख्य सचिव राणा को सौंपेंगे। निगम कमिश्नर नोबल ने बताया कि कॉरिडोर को फेस वाइज हटाएंगे। इसलिए इसमें आने वाले खर्च को भी रिपोर्ट में शामिल कर रहे हैं। कॉरिडोर का कितना हिस्सा कब और कहां से हटेगा, इस पर भी रिपोर्ट में लिखा गया है। साथ ही इसे हटाते समय ट्रैफिक को किस प्रकार से संचालित किया जाएगा और सिटी बसें किस प्रकार से चलेंगी।

**खास बातें**

- जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी कर रहे रिपोर्ट तैयार
- रिपोर्ट में कहां से और कितने चरणों में हटेगा, इसके बारे में भी देंगे जानकारी



**होशंगाबाद रोड व संत नगर से पहले हटेगा बीआरटीएस**

राजधानी में इस समय होशंगाबाद रोड और संत हिरदाराम नगर में बीआरटीएस का सबसे बड़ा हिस्सा है। इन दोनों स्थानों पर बीआरटीएस के दोनों तरफ ट्रैफिक जाम रहता है। इसलिए सबसे पहले इन दो स्थानों पर ही बीआरटीएस हटाने का काम शुरू होगा।

**दोनों स्थानों पर एलिवेटेड रोड**

संत हिरदाराम नगर और होशंगाबाद रोड पर एलिवेटेड रोड बनना है। संत हिरदाराम नगर में एलिवेटेड मंजूर है, जबकि होशंगाबाद रोड पर प्लान पीडब्ल्यूडी ने तैयार कर मंजूरी के लिए भेजा है। इससे ट्रैफिक को इन दोनों स्थानों पर परेशानी नहीं होगी। संत हिरदाराम नगर के व्यापारियों ने बीआरटीएस बनते समय से ही विरोध करना शुरू किया था। इसके बाद ही विधायक रामेश्वर शर्मा ने एलिवेटेड रोड का प्लान तैयार कर उसे मंजूर करवा दिया था।

**हर 50 से 100 मीटर में एक बस स्टॉप**

24 किलोमीटर के रूट में 4 किमी डेडिकेटेड लेन पहले ही हट चुकी है। अब बाकी हिस्से को भी हटाया जाएगा। इस रूट में अभी हर 50 से 100 मीटर की दूरी पर एक बस स्टॉप है। बीआरटीएस के साथ इन्हें भी हटाया जाएगा। संत हिरदाराम नगर, लालघाटी, कमला पार्क से रोशनपुरा और होशंगाबाद रोड के वीर सावरकर ब्रिज के पास से मिसरोद तक बीआरटीएस है।

**इन बिंदुओं को करेंगे शामिल**

- संत हिरदाराम नगर और होशंगाबाद रोड पर सबसे पहले बीआरटीएस हटेगा। कार्रवाई कबसे शुरू होगी और एक दिन में कितना हटेगा, यह रिपोर्ट में रहेगा।
- रोशनपुरा, कमला पार्क, कोहेफिजा एरिया से बीआरटीएस हटाने का प्लान है।
- रिपोर्ट में रात में ज्यादातर हिस्से को हटाने पर विचार हो रहा है, क्योंकि दिन में ट्रैफिक ज्यादा रहता है। ऐसे में राहगीरों को परेशानी हो सकती है।
- इसको हटाने के बाद तुरंत लेन ठीक करने का प्लान भी रिपोर्ट में रहेगा।

## खबर संक्षेप

### बीयू ने जारी की कई परीक्षा आवेदन फार्म भरने की तारीखें

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक संस्थान के लिए सत्र 2023-2024, बी.बी.ए. के नियमित एवं एम.बी.ए प्रथम सेमेस्टर के नियमित/पूर्व छात्र/एटीकेटी के लिए एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तारीखें जारी की गई हैं। सामान्य शुल्क के साथ 30 दिसंबर से 8 जनवरी 2024 तक परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन भरें जाएंगे। 300 रुपए लेट फीस के साथ 9 से 11 जनवरी तक तथा विशेष लेट फीस 1000 रुपए के साथ परीक्षा आवेदन परीक्षा शुरू होने के 3 दिन पहले तक जमा किए जा सकेंगे। विवि की वेबसाइट पर क्लिक कर कॉलेज को पहले से दिए गए कॉलेज लोगिन में जाकर फार्म भर सकेंगे। असुविधा की स्थिति में प्राचार्य विवि की परीक्षा शाखा/आईटी सेल से संपर्क कर समस्या का निवारण कर सकेंगे। कॉलेज, परीक्षार्थी की पूर्व की अंकसूची की छायाप्रति परीक्षा आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। बीयू से संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष से कहा कि सभी परीक्षाओं में छात्रों से अग्रेषण शुल्क के साथ परीक्षा संचालन शुल्क के रूप में रुपए 100/प्रति परीक्षार्थी से जमा करा सकेंगे।

### संस्कृत शिक्षण संस्थानों की संबद्धता प्रक्रिया कल से होगी शुरू

**भोपाल।** प्रदेश के संस्कृत शिक्षण संस्थानों की सम्बद्धता प्रक्रिया 30 दिसम्बर से शुरू हो जाएगी। इसको लेकर महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश के विभिन्न संस्कृत शिक्षण संस्थान सत्र 2024-25 के लिए महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान म.प्र. से अपनी नवीन सम्बद्धता प्राप्त करने अथवा सम्बद्धता नवीनीकरण के लिए एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से 15 जनवरी तक आवेदन कर सकेंगे।

### मंडी बोर्ड सहायक यंत्री पीके बंसल निलंबित

**भोपाल।** निर्माण कार्य समेत अन्य लापरवाही बरतने और अपनी मनमर्जी से नियम विरुद्ध एवं मंडी बोर्ड के दिशा निर्देशों के विपरित कराए जाने पर सहायक यंत्री मंडी बोर्ड पीके बंसल और मंडी बोर्ड उपयंत्री, मुकेश शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## एनजीटी के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने पहुंची थी नगर निगम की टीम

# न्यू जेल रोड पर अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम को भीड़ ने घेरा, प्रभारी भागकर थाने पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एनजीटी के निर्देश पर अतिक्रमण के खिलाफ गुरुवार को कार्रवाई करने न्यू जेल रोड पर पहुंचे नगर निगम के अमले को भीड़ ने घेर लिया। इस दौरान भीड़ द्वारा धमकाने के बाद अतिक्रमण विरोधी अमले का प्रभारी भीड़ से बचते भागकर थाने पहुंचा। कई लोगों ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने पर अमला प्रभारी नासिर खान को धमका दिया। इस मामले में निशातपुरा थाना पुलिस ने पप्पू मौलाना और फिरदौस के विरुद्ध केस दर्ज किया है। शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने, जान से मारने की धमकी और गाली-गलौज करने पर एफआईआर हुई है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निर्देश के बाद भोपाल के ग्रीन बेल्ट एरिया की 692 लोकेशन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसमें आसाराम बापू चौराहा, आईटी पार्क बैरागढ़, 11 मिल बायपास, नीलबड़, बरखेड़ा नाथू रोड, खजूरी बायपास, साकेत नगर सेक्टर, बांसखेड़ी, कैंसर अस्पताल समेत कई लोकेशन पर कार्रवाई हो चुकी है। जबकि गुरुवार दोपहर 12 बजे नगर निगम की टीम न्यू जेल रोड स्थित मोतीलाल नगर गेट पर पहुंची थी। इस दौरान कुछ लोग पहुंचे और कार्रवाई को लेकर विरोध जताने लगे। घेराव होता देख अफसरों ने पुलिस बुला ली।

**निगम अतिक्रमण अमला प्रभारी ने थाने पहुंचकर दर्ज कराई एफआईआर**

**शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाकर दी गई जान से मारने की धमकी**

**692** लोकेशन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही

**100** से अधिक अतिक्रमणकारियों को भेज चुके हैं नोटिस

**25 से 30 लोगों के साथ आए आरोपियों ने अतिक्रमण अमले को धमकाया**



**इन धाराओं में केस दर्ज**

मामले में निशातपुरा पुलिस ने धारा 353, 294, 506 और 34 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है। अतिक्रमण प्रभारी खान की रिपोर्ट पर यह केस दर्ज किया गया है।



**जान से मारने की धमकी दी**

अतिक्रमण प्रभारी नासिर खान ने बताया कि बुधवार को न्यू जेल रोड एरिया से पप्पू मौलाना नामक युवक का अतिक्रमण हटाया था। गुरुवार को भी मोतीलाल नगर गेट के पास कार्रवाई जारी रही। इसी दौरान पप्पू, उसका साथी फिरदौस 25 से 30 लोगों के साथ आए और घेर लिया। उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद निशातपुरा पुलिस को जानकारी दी गई। पप्पू और फिरदौस पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

**कोलार में भी नोटिस देना शुरू किया**

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निर्देश के बाद कलियासोत नदी के 33 मीटर के दायरे में आ रहे अतिक्रमणों पर कार्रवाई तेज हो गई है। राजस्व विभाग ने सीमांकन का कार्य पूरा कर लिया है। नगर निगम ने यहां भी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने नोटिस देना शुरू कर दिया है। कलियासोत नदी के दायरे में कृषि भूमि, कच्चे और पक्के निर्माण को मिलाकर 100 से ज्यादा अतिक्रमण मिले हैं। खास बात यह है कि अवैध अतिक्रमण करके कहीं भूमि में कृषि कार्य किया जा रहा था, तो कहीं कालोनियां काटी गई हैं। कहीं कॉम्प्लेक्स मकान और अस्थाई शेड भी बना लिए गए हैं।

**अतिक्रमणकारियों को नोटिस**

राजस्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर नगर निगम अब तक 100 से अधिक अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेज चुका है। एनजीटी के निर्देश के अनुसार 31 दिसंबर से पहले सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेजा जाना जरूरी है। जिला प्रशासन की ओर से कलियासोत नदी के 36 किलोमीटर के दायरे में चार अलग-अलग चरणों में दामखेड़ा पुल से सनखेडी, बंजारी और सलैया, बावड़िया-1, बावड़िया-2 और कोलार क्षेत्र के चंदनपुर से दामखेड़ा पुल तक सर्वे किया गया है। राजस्व विभाग की टीम ने 19 दिसंबर से सीमांकन का काम शुरू किया था।



## धूमधाम से मनाया सांई धाम मंदिर का 30वां स्थापना दिवस

**भोपाल।** साईं कृपा सेवा समिति एवं न्यास साईं धाम नेहरू नगर के 30वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। न्यास के अध्यक्ष प्रभात सोनी एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि प्रातः काल अभिषेक दोपहर कांकड़ आरती बाद खाटू श्याम जी की प्रतिमा की स्थापना वैदिक ब्राह्मणों द्वारा संपन्न कराई गई। सांयकाल भजन संध्या, खजाना वितरण, खिचड़ी वितरण एवं अतिथियों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में महंत अनिलानंद, वैभव भटेले रामजीवन दुबे, विधायक भगवान दास सबनानी, पूर्व मंत्री पी सी शर्मा विभिन्न मंदिरों के महंत सहित ट्रस्ट की वर्तमान संस्थापिका कृष्णा सोनी, विश्व बंधु सोनी आदि मौजूद रहे।

## बोरी में भरा कचरा सड़क पर फेंक कर जा रहे पति-पत्नी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



नगर निगम के स्वाथ्य अधिकारी द्वारा प्रातः कालीन निरीक्षण के दौरान एम्स अस्पताल के पीछे पिपलिया पेंदे खां मार्ग पर सुबह करीब सवा आठ बजे एक दंपती मोटर साइकिल पर बोरी में भरा कचरा लेकर आए और सड़क पर फेंक कर जा रहे थे। नगर निगम ने शिव मंदिर निवासी संजय रैदास और ममता को आगे जाकर रोका और स्पॉट फाइन किया। स्वास्थ्य अधिकारी राकेश शर्मा के अनुसार पति-पत्नी अपनी मोटर साइकिल एमपी 04 वीसी 9475 पर घर से कचरा की भरी हुई बोरी लेकर आए और एम्स के पीछे पिपलिया मार्ग पर फेंक दिया गया। लगभग 3 किमी पीछा करते हुए बरखेड़ा में उनको रोका गया। उनके द्वारा बताया कि गलती हो गई। उनके इस प्रकार के कृत्य पर 500 रुपए का स्पॉट फाइन किया गया।

## एसबीआई ने भेल क्षेत्र में शुरू किया पौधरोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने ललितांबा सोशल वेलफेयर सोसाइटी के साथ मिलकर भोपाल के भेल कैंपस में एक व्यापक पौधरोपण अभियान की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य मानव गतिविधियों के पर्यावरण पर प्रभाव को कम करने और एक हरित और सतत भविष्य के लिए बीज बोना है। जिसमें लगभग अलग-अलग प्रजातियों के पौध लगाए हैं।

कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के उप प्रबंध निदेशक मानव संसाधन एवं विकास अधिकारी ओपी मिश्रा, उप प्रबंध निदेशक बिनोद कुमार मिश्रा, चंद्रशेखर शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक कुंदन ज्योति, महाप्रबंधक अमिताभ पाराशर, महाप्रबंधक नीरज प्रसाद, महाप्रबंधक दीपक कुमार झा, उपमहाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी, लोकेश चंद्र उप महा प्रबंधक सहित महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने कार्यक्रम में भाग लिया और पेड़ लगाने में व्यापक भूमिका निभाई। बिनोद कुमार मिश्रा उप प्रबंध निदेशक ने पर्यावरण के प्रति व्यक्तिगत योगदान देने की महत्ता को जोर दिया, और सभी को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की सलाह दी।

**मामले की जांच कर रहे एसआई संतराम खन्ना की तबीयत बिगड़ी**

## सुसाइड मामलाः 10वीं के छात्र के पास पिस्टल कहां से आई पुलिस कर रही जांच,राज बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित आईबीडी कॉलोनी में सीने में पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या करने वाले 10वीं कक्षा के छात्र अंश अरजरिया की आत्महत्या का राज अब भी बरकरार है। मर्ग जांच कर रहे एसआई संतराम खन्ना की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उनका दायां हाथ सुन्न हो गया है।

उन्हें जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जांच प्रभावित न हो इसलिए जांच अन्य सब इंस्पेक्टर को सौंपी जाएगी। कोलार टीआई आशुतोष उपाध्याय ने कहा कि जांच प्रभावित न हो इसलिए शुक्रवार को दूसरा इन्वेस्टिगेटर ऑफिसर नियुक्त करेंगे। जांच में पुलिस एक तरफ आत्महत्या का पता लगा रही है, वहीं दूसरी तरफ पुलिस की जांच पिस्टल पर अटकी हुई है कि छात्र के पास आखिरकार पास पिस्टल कहां से पहुंची। पुलिस का मानना है कि पिस्टल की कहानी सुलझने के बाद सुसाइड की वजह की कहानी सुलझ सकती है। इसके लिए पुलिस छात्र के मोबाइल की कॉल डिटेल की जांच कर यह पता करेगी। इसके अलावा कोचिंग और स्कूल के उसके दोस्तों से भी पूछताछ की जा रही है। उल्लेखनीय है कि आईबीडी कैंपस निवासी प्रदीप अरजरिया हिंदुस्तान प्राइवेट लिमिटेड में जॉब करते हैं। उनका 15 वर्षीय बड़ा बेटा अंश अरजरिया मदर टेरेसा स्कूल कोलार में 10वीं का छात्र था। मंगलवार को वह घर में अकेला था। मां मधु अरजरिया 13 साल के अपने छोटे बेटे को लेकर पार्क में घूमने गई थीं।

## आरजीपीवीः कल तक नामांकन फार्म जमा करना आवश्यक, सूचना जारी

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के तहत विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेशित विद्यार्थियों के नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नामांकन प्रक्रिया ऑनलाइन की जा रही है। बीटेक, बी.फार्मेसी, एमबीए, एमबीए (इंटीग्रेटेड), बी.डिजाइन, बीटेक (पार्ट टाइम), एमसीए, एमसीए (इंटीग्रेटेड), बी.आर्क, एमई, एमटेक, एम.फार्मा, एमटेक (पार्ट टाइम) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित और लेटरल एंट्री से सेकंड ईयर/थर्ड सेमेस्टर में प्रवेशित विद्यार्थी नामांकन करा सकते हैं। विवि प्रशासन द्वारा आवेदन की अंतिम तारीख 30 दिसंबर 2023 तय की गई है।

**कन्याकुमारी में तीन दिनी बैठक के दौरान मंच के उद्देश्यों से हुए प्रेरित**

# स्वदेशी जागरण मंच से जुड़े उज्जैन के 75 सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश को आर्थिक रूप से सशक्त और विश्व गुरु बनाने स्वदेशी जागरण मंच की तीन वृहद बैठक कन्याकुमारी में आयोजित की गई। कन्याकुमारी के विवेकानंद केंद्र पर संपन्न इस बैठक में देश के 45 प्रांत की 44 मातृ शक्तियों ने हिस्सा लेकर कार्यशाला को ऊर्जावान बनाया।

बैठक में मंच की मध्य भारत सह महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज ने स्वावलंबी भारत अभियान को लेकर 10 मिनट का विषय रखा। इसके साथ ही कन्याकुमारी पहुंचे उज्जैन के 75 लोगों से स्वदेशी स्वावलंबी भारत अभियान पर चर्चा की। सभी सदस्य मंच की गतिविधियों से प्रेरित हुए और अभियान से जुड़ने को तैयार हुए। ये सभी लोग 12 ज्योतिर्लिंगों की एक महीने की यात्रा पर थे और इसी दौरान मंच के सदस्यों से भेंट हो गई।



**अखिल भारतीय पदाधिकारियों ने दिया आशीर्वाद**

इसके बाद सभी को अखिल भारतीय स्वदेशी जागरण मंच के संयोजक आर सुंदरम और सह संयोजक अश्विनी महाजन से मिलवाया। अखिल भारतीय महिला सह प्रमुख अलका सैनी की उपस्थिति में विवेकानंद केंद्र में भारत माता के स्थान पर तीनों अखिल भारतीय पदाधिकारी ने सीमा भारद्वाज को सही विषय रखने पर आशीर्वाद दिया।

**संगठन और कन्याकुमारी आने का बताया मकसद**

इससे पहले विवेकानंद केंद्र में मध्य भारत सह महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज ने बताया कि कन्याकुमारी में स्वदेशी जागरण मंच की राष्ट्रीय सभा के एक दिन पहले 22 दिसम्बर को हम सभी वहां पहुंच गए थे। वहां एक बस में उज्जैन के आस-पास के जिले के विभिन्न संगठनों और समाजसेवी के करीब 75 भाई-बहन भी वहां मिले। उन्होंने हम सभी को प्रसादी दी। सीमा ने बताया कि, हमने उन्हें अपने संगठन और कन्याकुमारी आने का मकसद बताया।



**बंगले पर पूर्व मुख्यमंत्री का दरबार**

## जनता ने शिवराज से की शिकायत, रेत माफिया की मनमानी और एसडीएम ने किया दुर्व्यवहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस्तीफा देने बाद पहली बार नए आवास पर गुरुवार को जनता दरबार लगाया। यहां एक महिला बुधनी में रेत माफिया और एसडीएम के दुर्व्यवहार की शिकायत लेकर पहुंची। एक महिला ने लाड़ली बहना के पैसे नहीं मिलने की भी शिकायत की। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह बुधवार को नए आवास बी-8, 74 बंगले पर शिफ्ट हो गए। इसके बाद शिवराज ने ऐलान किया कि वे रोजाना 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक बंगले पर रोजाना आम लोगों से मुलाकात करेंगे।

गुरुवार को जनता दरबार में पार्टी के कार्यकर्ता, शिकायतकर्ता और स्कूल के बच्चे पहुंचे। पहले दिन जनता दरबार में 300 से ज्यादा लोग पहुंचे। जनता दरबार में शिवराज के पैतृक ग्राम जैत से महज दो किलोमीटर दूर नारायणपुर से महिला किसान रामेती बाई पहुंची। रामतीबाई ने बताया कि गांव में रेत माफिया की मनमानी चल रही है। रेत माफिया हमारे खेतों में से रेत के डंपर निकालते हैं। इस वजह से खेत तो खराब हो ही रहा है, धूल के कारण आसपास की फसलों को भी नुकसान हो रहा है। रामेती बाई के साथ आए अभिलेष पटेल ने बताया कि प्रशासन के अफसर रेत माफिया की मदद करते हैं। रामेती बाई के अलावा 7 से 8 किसान और भी हैं, जिनके खेतों में से रेत माफिया डंपर निकालते हैं। रामेतीबाई ने बताया कि इसकी शिकायत बुधनी एसडीएम राधेश्याम बघेल से भी की। उन्होंने सोमवार को खेत पर आकर देखने की बात कही, लेकिन वह नहीं पहुंचे। अगले दिन जब हम दूसरे दिन एसडीएम ऑफिस पहुंचे। यहां एसडीएम ने दुर्व्यवहार किया। कहा- मैं रेत वगैरह के काम में नहीं जाऊंगा। यह कहते हुए भगा दिया। किसानों ने पुलिस द्वारा परेशान करने की भी बात कही।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी ने किया नमन

# पटवा, कुशाभाऊ ठाकरे को अर्पित की श्रद्धांजलि




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया तथा प्रदेश के विकास में दिए गए उनके योगदान का स्मरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटवा के 74 बंगला स्थित निवास पहुंचकर सुंदरलाल पटवा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती फूलकुंवर पटवा से भेंट की।

कुशाभाऊ ठाकरे एवं पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, पूर्व मंत्री कमल पटेल, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सनवर पटेल सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# कर्मचारियों और पेंशनरों को नए साल में 4 फीसदी डीए की सौगात मिलने के आसार, वित्त विभाग ने सीएम सचिवालय भेजी फाइल

*केंद्र जुलाई 2023 से महंगाई भत्ता 4% से बढ़ाकर 46 प्रतिशत कर चुका है*

*प्रदेश के साढ़े 7 लाख से अधिक नियमित अधिकारियों कर्मचारियों उपहार मिलेगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों को नए साल की शुरूआत में खुशखबरी मिल सकती है। उनका महंगाई भत्ता 4 फीसदी बढ़ सकता है। फिलहाल मध्य प्रदेश में कर्मचारियों को 42 फीसदी की दर से महंगाई भत्ता मिल रहा है।

यह 4 प्रतिशत बढ़ने से अब केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता 46 फीसदी हो जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस संबंध में वित्त विभाग द्वारा प्रस्ताव बनाकर फाइल मुख्यमंत्री को भेजी गई है। केंद्र सरकार जुलाई 2023 से अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत बढ़कर 46 प्रतिशत कर चुकी है।

वित्त विभाग ने पहले भी प्रस्ताव तैयार किया था, लेकिन विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण इस पर निर्णय नहीं हो पाया था। राज्य सरकार ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के माध्यम से प्रस्ताव चुनाव आयोग को भेजा था।

## जनवरी में फिर केंद्र सरकार महंगाई भत्ते में वृद्धि कर सकती है

आयोग ने मतदान तक रुकने के निर्देश दिए थे। इसके बाद से मामला अटका हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, वित्त विभाग ने अब प्रस्ताव बनाकर निर्णय के लिए मुख्य मंत्री कार्यालय भेज दिया है। दरअसल जनवरी में फिर केंद्र सरकार महंगाई भत्ते में वृद्धि कर सकती है। प्रतिवर्ष जनवरी और जुलाई में महंगाई भत्ता बढ़ाया जाता है। इसे देखते हुए वित्त विभाग ने मुख्यमंत्री को चार परसेंट महंगाई भत्ता बढ़ाने की फाइल भेज दी है। अब मुख्यमंत्री को इसे स्वीकृत करना है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री नए साल में इसे स्वीकृत कर प्रदेश के साढ़े 7 लाख से अधिक नियमित अधिकारियों कर्मचारियों और यह उपहार दे सकती है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली दरबार ने मुख्यमंत्री को अधिकार दिए भी है या नहीं

**भोपाल।** मप्र में मंत्रियों को विभाग बंटवारे में हो रही लेटलतीफी पर विपक्ष ने तंज कसा है। कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सोशल मीडिया पर लिखा कि सीएम के चयन का फैसला 10 दिन में, मंत्रिमंडल का फैसला 12 दिन में, अब विभागों के बंटवारे में देरी और खींचतान जारी है। आखिर प्रदेश के मुख्यमंत्री को कोई अधिकार दिया भी गया है कि नहीं, या सारे फरमान दिल्ली दरबार से जारी हो रहे हैं। डबल इंजन की सरकार में दिल्ली का इंजन ही चलता दिखाई दे रहा है। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने ट्वीट किया कि भाजपा की लेटलतीफी से शासन व्यवस्था ठप पड़ी है।



### एसएएस श्रीवास्तव बने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज के निज सहायक

**भोपाल।** राज्य शासन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राजेश श्रीवास्तव उप सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की निजी स्थापना में विशेष सहायक के पद पर पदस्थ किया है। इस संबंध में राज्य शासन द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं। श्रीवास्तव पिछले कई सालों से पूर्व सीएम के साथ जुड़े हुए थे। नीरज वशिष्ठ को मंत्रालय में अटैच किया गया है।

# विधानसभा चुनाव में हारी हुई सीटों पर मंथन, शिकायत करने वालों से लिखित में मांगे भितरघातियों के नाम

*बैठक में सीएम, भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, प्रदेशाध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री हुए शामिल*

**पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले नेताओं को फिर से पार्टी में शामिल नहीं करने की मांग**

*हारे हुए प्रत्याशियों को सौंपी युवाओं को विकसित भारत यात्रा में एंबेसडर बनाने की जिम्मेदारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली बड़ी जीत के बाद अब भाजपा लोकसभा की तैयारियों में जुट गई है। विधानसभा चुनाव में हारी हुई सीटों पर मंथन जारी है। भाजपा के पराजित विधानसभा प्रत्याशियों की महत्वपूर्ण बैठक गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने चुनाव हारे उम्मीवारों से चर्चा की।

हार की समीक्षा बैठक में भितरघातियों का मुद्दा भी उठा। बैठक में हारे हुए प्रत्याशियों ने कई नेताओं की शिकायत की। संगठन ने शिकायत करने वाले नेताओं से कहा कि पार्टी को नुकसान पहुंचाने वाले नेताओं की जानकारी लिखित में दें। वहीं बैठक में कुछ नेताओं ने पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले नेताओं को फिर से पार्टी में शामिल नहीं करने की मांग की। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी और मोदी गारंटी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही विकसित भारत यात्रा में युवाओं को एंबेसडर बनाए जाने का बड़ा निर्णय भी लिया गया।



### हार के कारणों पर हुई प्रत्याशियों से चर्चा

बैठक के बाद मीडिया से चर्चा के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि हमारे ऐसे प्रत्याशी जिन्हे सफलता नहीं मिल सकी, उन सभी प्रत्याशियों के साथ यह बैठक की गई थी। यह सभी भाजपा के कार्यकर्ता है। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने विधानसभा में अपनी समीक्षा के साथ कौन-कौन से कारण है जिससे पीछे रह गए। इन विषयों पर भी चर्चा हुई। हारी हुई विधानसभाओं के उम्मीदवारों को कहा गया है कि संगठन के साथ मिलकर विकसित भारत संकल्प के एंबेसडर बनाने की जिम्मेदारी उनकी है। बैठक में तय किया गया है कि युवाओं को इस यात्रा का एंबेसडर बनाया जाएगा।

## भाजपा का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए समाजों को जोड़ने का कार्य करेंगे भाजपा के सभी मोर्चे

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मोर्चों की संयुक्त बैठक



भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चा पदाधिकारी पार्टी का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए समाज को जोड़ने का कार्य करें। मोर्चा अध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारी इसके लिए आगामी दिनों की पूरी कार्ययोजना बनाकर जिला और मंडल स्तर तक के पदाधिकारी की सहभागिता निर्धारित कर काम में जुट जाएं। सभी मोर्चा विकसित भारत एंबेसडर बनाने के लिए अभियान चलाकर नए लोगों को जोड़ें। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कही। राजधानी स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरूवार को भाजपा के सभी मोर्चों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, भाजपा के सभी सातों मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार की योजनाओं का लाभ आम जन को दिलाने का प्रयास किया जाना चाहिए। सभी मोर्चा नव मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के लिए अभियान चलाएं और नमो मित्र, नमो वॉरियर्स बनाने के कार्य को प्राथमिकता से करें।

### गरीबों को योजना का लाभ दिलाएं: सीएम

*बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं और पात्रों को इसका लाभ दिलाने का कार्य करें। अभी प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है, उसमें सहभागिता कर योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को उनका लाभ दिलाने का कार्य करें। सरकारी आयोजनों में जनता की सहभागिता और बढ़ाएं, ताकि भाजपा सरकार और बेहतर तरीके से जनता की सेवा कर सके।*

### अपने गांव के मंदिर को अयोध्या धाम बनाएं

*प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि पार्टी के सभी मोर्चा नमो एप और नमो वॉरियर्स बनाने का कार्य प्राथमिकता से करें। सभी मोर्चे अपने कार्यक्रम निर्धारित करें, उन्हें समय-सीमा में पूरा करने का लक्ष्य लेकर कार्य करें। हर व्यक्ति 22 जनवरी को अयोध्या नहीं पहुंच सकता, इसलिए अपने गांव के मंदिर को उस दिन अयोध्या धाम की तरह सजाएं और पूजा-पाठ और भंडारे का आयोजन करें।*

### लोकसभा चुनाव में भाजपा के मत प्रतिशत को और बढ़ाना है: विष्णुदत्त

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका विकास, सबका साथ और सबका विश्वास के मंत्र पर आगे कार्य करना है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के मत प्रतिशत को और बढ़ाना है, इसके लिए अभियान चलाएं। सभी मोर्चा पदाधिकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हों और सरकार की योजनाओं का जनता को लाभ दिलाएं। मोर्चा पदाधिकारी विकसित भारत एंबेसडर बनाने का अभियान चलाकर नए लोगों को नमो एप से जोड़ें।*

आईपीएस-आईएएस, आईएफएस के पास 31 जनवरी तक समय

# 31 दिन के भीतर नहीं दिया संपत्ति का ब्यौरा, फिर प्रमोशन में आएगी दिक्कत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सभी आईपीएस-आईएएस और आईएफएस अफसरों को एक जनवरी से 31 जनवरी के बीच 31 दिन में अपनी अचल सम्पत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक करना होगा। जो अफसर निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी सम्पत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक नहीं करेंगे, उन्हें आगे मिलने वाले प्रमोशन में रुकावट आ सकती है। सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी आईएएस अफसरों को इस संबंध में निर्देश जारी किए है। सभी आईएएस अफसरों को कहा गया है कि वर्ष 2023 में पूरे एक साल के भीतर उन्होंने क्या नई अचल सम्पत्तियां खरीदी है और उनके पास अब कुल कितनी अचल सम्पत्ति है इसका ब्यौरा एक जनवरी की स्थिति में स्पैरो डॉट ई ऑफिस डॉट गॉव डॉट इन वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड करें। सभी आईएएस अफसरों से कहा गया है कि ऑनलाइन प्रस्तुत किए गए अचल सम्पत्ति विवरण पत्रक की अलग से मैन्युअली कॉपी प्रिंट आउट, हार्ड कापी सामान्य प्रशासन विभाग को भेजने की जरुरत नहीं है।

### उपहार और रिश्तेदारों से मिली सम्पत्ति का करना होगा जिक्र

*भारतीय पुलिस सेवा और भारतीय वन सेवा के सभी अधिकारियों को भी एक जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 के बीच उनके द्वारा स्वयं और परिवारजनों के नाम से खरीदी गई अचल सम्पत्ति का ब्यौरा ऑनलाइन सबमिट करना होगा। अफसरों को अचल सम्पत्ति खरीदने के लिए विभाग प्रमुख को दी गई जानकारी और ली गई पूर्व अनुमति, उपहार में परिजनों और रिश्तेदारों से प्राप्त अचल सम्पत्ति और पारिवारिक सम्पत्ति में वसीयत के जरिए मिले सम्पत्ति का ब्यौरा भी देना है जो एक साल के भीतर उन्हें मिला है। तय समयसीमा के भीतर सम्पत्ति का ब्यौरा नहीं देने वाले आईपीएस-आईएएस और आईएफएस अफसरों को नोटिस जारी किए जाएंगे। भविष्य में होंने वाली विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में सम्पत्ति का ब्यौरा नहीं देने वाले अफसरों का जिक्र किया जाएगा और ब्यौरा उपलब्ध नहीं कराए जाने तक उनकी पदोन्नति के फैसले भी रोके जा सकते हैं।*

## निष्पक्षता के साथ कराए जाएंगे जिला अभिभाषक संघ चुनाव

**भोपाल।** जिला अभिभाषक संघ के 8 जनवरी को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव को लेकर मुख्य चुनाव अधिकारी रवीन्द्र तिवारी ने चुनाव अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। तिवारी ने चुनाव अधिकारियों को कहा है कि चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ कराए जाएंगे। कोई भी चुनाव अधिकारी किसी भी उम्मीदवार के पक्ष समर्थन में मतदाता वकीलों से वोट देने की अपील न करें। उम्मीदवार अथवा उनके समर्थकों के कार्यक्रम में शामिल न हों। इस दौरान रोहित श्रोति, मनीष द्विवेदी, ललित मिठवानी, हेमंत वर्मा, रजनीश बरैया, सुनील सेवलानी, विपिन पण्डया, सौरभ जैन, किरण साहू, मंजू जैन, शंकर प्रसाद शुक्ला, रविशंकर गुर्जर, रोशन कुमार, हेमंत पाल, कपिल मेहरा, राम गुर्जर और गौरव चौहान सहित अन्य चुनाव अधिकारी उपस्थित थे।

## पीसीसी चीफ पटवारी बोले, गुना बस हादसे के पीछे भ्रष्टाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुना में हुए दर्दनाक बस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। अब इस हादसे को लेकर कांग्रेस ने सरकार को घेरा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने हादसे का कारण भ्रष्टाचार को भी बताया है। उन्होंने हादसे को 13 लोगों की मौत संस्थागत हत्या का मामला बताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि गुना में समूची व्यवस्था भ्रष्टाचार की अग्नि में जलकर स्वाह हो गई। पटवारी ने कहा कि बताया गया है कि अपनी चलने की 15 वर्ष की समयावधि समाप्त होने के बाद भी बस भ्रष्टाचार के पहियों पर मौत बनकर बेधड़क दौड़ रही थी। बस का न रजिस्ट्रेशन था न बीमा। पटवारी ने कहा कि 18 सालों से जो भाजपाई सत्ता ईमानदारी के हर पैमाने पर अनफिट हो, उससे और उम्मीद भी क्या की जा सकती है। पीसीसी चीफ ने कहा कि इस हृदय विदारक घटना की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है।





## श्री भवंस भारती पब्लिक स्कूल में चल रही नेशनल हॉकी चैंपियनशिप

### आईएटीवी इंदौर से हारी इंडियन ओमान स्कूल की टीम

# आर्मी पब्लिक और बाबा कादेड़ा सिंह स्कूल मथुरा का पहला मुकाबला रहा बेनतीजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री भवंस भारती पब्लिक स्कूल में चल रही सीबीएसई नेशनल हॉकीके तीसरे दिन गर्ल्स केटेगरी से पहला मुकाबला आर्मी पब्लिक स्कूल सेंट्रल जेल एवं बाबा कादेड़ा सिंह विद्यालय मथुरा के बीच खेला गया। इस मैच में दोनों ही टीमों को बिना किसी गोल के संतोष करना पड़ा। इस प्रकार यह मैच ड्रॉ रहा। दूसरा मुकाबला इंडियन स्कूल ओमान एवं आईएटीवी एकेडमी इंदौर के बीच खेला गया, जिसमें इंदौर ने ओमान स्कूल को 2-0 से हराया। तीसरा मुकाबला ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ एवं बेलामल स्कूल चेन्नई के बीच खेला गया, रायगढ़ ने चेन्नई को 8-0 से हराया। चौथा मुकाबला अनेकांत इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं डालमिया विद्यामंदिर राजस्थान के बीच खेला गया। इस मुकाबले में अनेकांत ने डालमिया को 1-0 से हराया। वहीं दिन का पांचवा मुकाबला श्री ठाकुर दास बालिका विद्यालय गाजियाबाद एवं श्री राम विद्या मंदिर हरिद्वार के बीच खेला गया, जिसमें हरिद्वार ने गाजियाबाद को 3-0 से शिकस्त दी।




### बॉयज कैटेगरी में रायगढ़ ने अमृतसर को 2-0 से हराया

साई के ग्राउंड नंबर दो पर बॉयज कैटेगरी में पहला मुकाबला ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ एवं संत ज्ञानी गुरवाचंद स्कूल अमृतसर के बीच खेला गया, जिसमें ओपी जिंदल ने अमृतसर को 2-0 से हराया। वहीं दिन का दूसरा मुकाबला सैनिक स्कूल नालंदा एवं महर्षि विद्या मंदिर स्कूल तमिलनाडु के बीच खेला गया, जिसमें महर्षि विद्या मंदिर ने सैनिक स्कूल को 2-0 से हराया। तीसरा मुकाबला डिवाइन चाइल्ड स्कूल गुजरात एवं सच्चिदानन्द स्कूल तमिलनाडु के बीच खेला गया जिसमें सच्चिदानंद ने गुजरात को 8-0 से हराया। इसके साथ ही दिन का अगला मुकाबला सनबीम स्कूल बलिया उत्तर प्रदेश एवं बसवेश्वर इंटरनेशनल स्कूल कर्नाटक का बीच खेला गया, जिसमें बसवेश्वर इंटरनेशनल स्कूल कर्नाटक ने सनबीम स्कूल बलिया को 3-0 से हराया।

# एमसीसीए ने अरेरा क्रिकेट अकादमी को हराकर किया फाइनल में प्रवेश

### मशरूम वर्ल्ड मास्टर्स एवं सीनियर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता

**आज के मैच**
मीडिया-11 विरुद्ध फ्रेंड्स इलेवन (मैत्री मैच)
फेथ क्रिकेट अकादमी विरुद्ध आरसीसी (दूसरा सेमीफाइनल इंटर क्लब)



**भोपाल।** स्पोर्ट्स क्लब भोपाल द्वारा आयोजित मशरूम वर्ल्ड मास्टर्स एवं सीनियर्स कप क्रिकेट में बुधवार को एमसीसीए विरुद्ध अरेरा क्रिकेट अकादमी के मध्य पहला सेमीफाइनल मैच (इंटर क्लब) खेल गया जिसमें अरेरा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमसीसीए ने तय 20 ओवर में 9 विकेट पर 192 रन बनाए।

### अरेरा 184 रन पर ऑलआउट

*जवाबी पारी खेलने उतरी अरेरा क्रिकेट अकादमी की 19.4 ओवर में 184 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। अरेरा के तनिष्क यादव ने शानदार 79 रन की पारी खेली, जबकि राजवीर ने 22, रणवीर ने 19, अयान ने 18 और प्रांजल ने 16 रनों का योगदान दिया। एमसीसीए के गेंदबाज शिवांश ने 4 विकेट लिए, जबकि पियूष, अरबाजउद्दीन और प्रारब्ध ने 2-2 विकेट लिए। शिवांश और अरबाजउद्दीन को सयुंक्त रूप से मेन ऑफ द मैच चुना गया। इसके बाद मास्टर्स ग्रुप में रेलवे मास्टर्स और आईपीसीए के बीच मैच खेला गया, जिसमें आईपीसीए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। आईपीसीए ने 5 विकेट खोकर 244 रन बनाए, जिसमें जेपी यादव ने नाबाद ने 99 रन, परवेज़ ने 43, फ़रिज़ ने 32 रन, जामरान ने 31 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी रेलवे मास्टर्स की टीम 17.4 ओवर मे 148 रन ही बना सकी। तबरेज़ ने नाबाद 59 रन, मुबारक ने 27 रन, शरद ने 19 रन बनाए जबकि अमनदीप ने 10 रन की पारी खेली।*

### बीयू की मंजू ने जीता रजत पदक



**भोपाल।** भुवनेश्वर (उड़ीसा) में 26 से 29 दिसंबर 2023 तक ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित की गई। इस चैंपियनशिप में अकादमी की एथलीट मंजू यादव ने बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करते हुए 3000 मीटर सेंट सीएच में 10:15.87 सेकंड के प्रदर्शन के साथ रजत पदक जीता।

## इस प्रतियोगिता के आधार पर 27वीं इंटरनेशनल के लिए टीम का चयन

### 19 पदकों के साथ जम्मू कश्मीर दूसरे तो 17 पदकों के साथ हिमाचल

# नेशनल कराते में 37 पदकों के साथ मप्र ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




युवा कल्याण एवं खेल विभाग तथा रेलवे इंस्टीट्यूट के सहयोग से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्था यूथ स्पोर्टस कराते एसोसिएशन एमपी द्वारा 20वीं नेशनल कराते रेल्वे इंस्टीटयूट के बेंडमिंटन हाल में किया गया। इसमें मप्र, पंजाब, उप्र, महाराष्ट्र, चंडीगढ, राजस्थान, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, छग, तमिलनाडु, केरल आदि राज्यों के 527 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मप्र 37 पदक के साथ ओवरआल चैंपियन बना। जम्मू कश्मीर 19 पदक के साथ दूसरे स्थान पर तथा हिमाचल 17 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इस प्रतियोगिता के आधार पर 27वीं इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप के लिए टीम का चयन किया गया है।

प्रतियोगिता का शुभारंभ शिहान शाहबाज शेख ने किया। समापन पर मुख्य अतिथि राजेश पाण्डेय, सचिव पमरे भोपाल, विशेष अतिथि परवेज अंसारी एडीशनल एसपी., दिनेश जोशी डीएसपी थे।










Fraud कॉल से सावधान Reliance jio 5G कंपनी में पार्ट/ फुलटाईम घर बैठे SMS Job करके लड़के/लड़कियां, गृहणियां, कमाए (21,500-67,500) महीन लैपटॉप मोबाइल मुक्त नाम पता Whatsapp करें 6296026501
R- 23/12 to 29/12/23

छत्तीसगढ़ की सिक्योरिटी कंपनी को रायपुर, दुर्ग, हेतु सुरक्षागार्ड 40 M/F सुपरवाइजर 10 पद वेतन 10,000/- से 15,000/- फ्री आवास कैंटीन सुविधा संपर्क यश सिक्योरिटी सर्विसेस कुशालपुर चौक रायपुर छत्तीसगढ़ 8982225333, 8839618641, 8815170599, 9770196262
R- 27/12 to 30/12/23

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम ABHICHAL JAIN था, परन्तु अब मैंने नाम परिवर्तित कर AVICHAL JAIN S/O AKHILENDRA JAIN निवासी H.NO- 38, 39, ANEKANT NAGAR, NEAR LILY TALKIES, BHOPAL (M.P.) कर लिया है, अब मुझे AVICHAL JAIN S/O AKHILENDRA JAIN के नाम से जाना व पहचाना जाए।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम AKHELANDRA JAIN था, परन्तु अब मैंने नाम परिवर्तित कर AKHILENDRA JAIN S/O ADISH JAIN निवासी H.NO- 37, KAUSHAL KUNJ, LALWANI PRESS ROAD,BHOPAL (M.P.) कर लिया है, अब मुझे AKHILENDRA JAIN S/O ADISH JAIN के नाम से जाना व पहचाना जाए।




**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

## सेंट थॉमस विंटर लीग का तीसरा दिन

# आईपीसी एफसी ने कैंपियन को, सेंट मोंटफोर्ट ने बाल भवन को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सेंट थॉमस विंटर लीग के तीसरे दिन फुटबॉल में अंडर 13 आयु वर्ग में 2 मैच खेले गए। पहले मैच में आईपीसी एफसी ने कैंपियन को 3-0 से हराया। दूसरे मैच में सेंट थॉमस एफसी ने बाल भवन को 3-0 से हराया। वहीं अंडर 15 आयु वर्ग के पहले मैच में आईपीसी एफसी ने एसपीएस गांधी नगर को 3-0 से, दूसरे मैच में बाल भवन ने यंग चैंपियन को 5-0 से, तीसरे मैच में जगुआर एफसी ने ग्लैडिएटर को 7-0 से, चौथे मैच में कैंपियन एफसी ने फ्लाइंग स्टार एफसी को 4-0 से, पांचवे मैच में सेंट थॉमस एफसी ने सेंट पॉल एफसी को 4-0 से हराया। इसके साथ ही बास्केटबॉल में अंडर 14 (बालिका) आयु वर्ग के इकलौते मैच में सेंट मोंटफोर्ट ने बाल भवन को 24-04 से हराया। अंडर 17 (बालिका) में सेंट थॉमस ने सेंट थेरेसा को 22-14 से, दूसरे मैच में आइकॉनिक ने सेंट थॉमस को 21-17, अंडर 17 (बालक) आयु वर्ग में बाल भवन ने कंपन को 25-17 से हराया।

**बिजनेस साइट**

# एग्रेसिव हाइब्रिड फंड को अच्छी तरह से समझें

ग्वालियर। जबकि लॉन्गटर्म एसेट बनाना प्रत्येक निवेशक का लक्ष्य है, बाजार में गिरावट को एक आम चिंता है। पोर्टफोलियो की स्थिरता में सुधार करने का एक तरीका इक्विटी के अलावा एक निश्चित आय तत्व को शामिल करना है। जोखिम और रिटर्न को संतुलित करके, यह रणनीतिक संयोजन निवेशकों को अधिक उपयुक्त और लचीली निवेश रणनीति देना चाहता है। हाइब्रिड फंड म्यूचुअल फंड द्वारा पेश किए जाने वाले उत्पादों का एक समूह है। ये फंड रणनीतिक रूप से इक्विटी और डेट सिक्योरिटीज दोनों में निवेश आवंटित करके दोनों बाजारों की सर्वोत्तम विशेषताओं - ऋण से जुड़े कम जोखिम के साथ इक्विटी पर उच्च रिटर्न की संभावना-को संयोजित करने का प्रयास करते हैं।



बृजेश सिंह
डायरेक्टर, आर.पी.एल. वेल्थ इंडिया प्रा.लिमि. ग्वालियर

एग्रेसिव हाइब्रिड हाइब्रिड फंडों में सबसे महत्वपूर्ण म्यूचुअल फंड श्रेणियों में से एक है। जब अन्य हाइब्रिड फंडों की तुलना की जाती है, तो "एग्रेसिव" लेबल इक्विटी में उच्च आवंटन का संकेत देता है और इसमें काफी वजन होता है। इस अनूठी गुणवत्ता के कारण, आक्रामक हाइब्रिड फंड संतुलित या रूढ़िवादी फंडों की तुलना में विकास पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं, लेकिन उनमें जोखिम का स्तर भी अधिक होता है। सेबी की आवश्यकताओं के अनुसार, फंड को न्यूनतम इक्विटी आवंटन 65 प्रतिशत और 80 प्रतिशत के बीच बनाए रखना चाहिए।

इससे पता चलता है कि फंड मैनेजर बदलती आर्थिक और बाजार स्थितियों के जवाब में इस सीमा के भीतर इक्विटी भागीदारी की मात्रा को संशोधित करने में सक्षम है। बैलेंस्ड एडवांटेज और एग्रेसिव हाइब्रिड फंड के बीच अंतर करना कभी-कभी भ्रमित करने वाला हो सकता है। मुख्य अंतर यह है कि बैलेंस्ड एडवांटेज फंड आमतौर पर एसेट आवंटन के लिए अधिक लचीलापन और व्यापक रेंज प्रदान करते हैं।

क्योंकि एग्रेसिव हाइब्रिड फंड शुद्ध इक्विटी में न्यूनतम 65 प्रतिशत बनाए रखते हैं, ये हाइब्रिड श्रेणी के भीतर अपने उच्च जोखिम प्रोफाइल के कारण मध्यम से लॉन्गटर्म निवेशकों के लिए अधिक उपयुक्त हैं। एक अन्य कारक जो इन फंडों को आकर्षक बनाता है वह यह है कि इक्विटी में न्यूनतम 65 प्रतिशत आवंटन के कारण इन पर इक्विटी के रूप में कर लगाया जाता है।

एग्रेसिव हाइब्रिड म्यूचुअल फंड, संक्षेप में, निवेशकों को अस्थिर बाजार स्थितियों की स्थिति में विकास क्षमता और सुरक्षा जाल प्रदान करके बाजार की जटिलताओं को प्रबंधित करने का एक व्यावहारिक तरीका प्रदान करते हैं। लंबी अवधि के निवेशक इस प्रकार के फंड में एसआईपी शुरू करने के बारे में सोच सकते हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल इक्विटी एंड डेट फंड लंबे समय से इस श्रेणी में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से एक रहा है।

## जैकेट का शेष

### हादसे के लिए 'जिम्मेदार' ...

सुबह ही आरटीओ रवि बरेलिया को सस्पेंड कर दिया गया है। फायर ब्रिगेड देर से पहुंचने के कारण सीएमओ (चीफ म्युनिसिपल ऑफिसर) बीडी कतरोलिया को भी सस्पेंड कर दिया गया है। कलेक्टर का अतिरिक्त प्रभार जिला पंचायत सीईओ प्रथम कौशिक को सौंपा गया है। हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख व्यक्त किया है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी बस हादसे पर दुख जताया है।

### सेमरी घाटी पर हुआ ...

दुर्घटना से पहले ही घायल हो चुके थे और बस के कांच लगे होने एवं आग लगने से लोग बाहर नहीं निकल पाए। इसके बाद बस में बैठे 12 लोग एवं डंपर चालक जल गया। हादसा इतना भीषण था कि बस में फंसे लोगों को बचाया नहीं जा सका। बस में बच्चे समेत लगभग 40 से 45 सवारी होने का अनुमान है। लेकिन 16 यात्री ही सुरक्षित निकल पाए हैं।

### बस का रजिस्ट्रेशन...

नहीं था। फिटनेस सर्टिफिकेट भी एक्सपायर हो चुका था। घायल यात्रियों के बयान के आधार पर बस मालिक भानु प्रताप सिकरवार, ड्राइवर और डंपर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में बस और डंपर चालकों के नाम नहीं लिखे हैं। केवल गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज किए गए हैं।

### मुख्यमंत्री मोहन...

दिए जाएंगे। सूत्रों का कहना है कि गुना घटनाक्रम को लेकर भी चर्चा हो सकती है। आखिर प्राथमिक जांच में हादसे की क्या वजहें रहीं, इस पर भी मुख्यमंत्री यादव केंद्रीय संगठन को रिपोर्ट दे सकते हैं। मध्य प्रदेश के दो डिप्टी सीएम के पास कौन से विभाग रहेंगे। उसके अलावा कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, विजय शाह सहित गोविंद राजपूत, प्रद्युम्न तोमर को कौन-कौन से विभागों की जिम्मेदारी दी जा सकती है। इस पर भी मंथन मुख्यमंत्री दिल्ली में करेंगे।

मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मंत्रियों की जिम्मेदारियां को लेकर भी भाजपा ने काफी चौका देने वाला नाम तय किया था। ठीक उसी तरीके से विभागों के बंटवारे में भी जिम्मेदारी उन्हें दी जाएगी। सीएम के अचानक दौरे से स्पष्ट है कि नए साल से पहले ही मंत्रियों को विभाग सौंप दिए जाएंगे।

### विजयवर्गीय ने दिया ...

भेजा है। मैं प्रधानमंत्री का संकल्प 2047 में भारत, विश्व का शक्तिशाली देश बने, इस दिशा में मप्र को शक्तिशाली बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में काम करुंगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र विकास की एक नई इबारत लिखेगा।

### गर्भगृह में पीएम ...

आईना दिखाया जाएगा, जिसमें रामलला अपना चेहरा देखेंगे। दलपूजा के लिए आचार्यों की 3 टीमें बनाई गई हैं। पहले दल का नेतृत्व स्वामी गोविंद देव गिरि करेंगे। दूसरे दल का नेतृत्व शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती करेंगे। विजयेंद्र सरस्वती कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य हैं। तीसरी टीम में काशी के 21 विद्वान रखे गए हैं। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं।

### स्कूल बस हुई...

सड़क पर ही पलट गया। अचानक हुए इस हादसे से बस चालक घबरा गया और इससे पहले की वह कुछ करता तभी ट्रक में भरे कागज के रोल एक-एक कर स्कूल बस पर आ कर गिर गए। जिससे बस का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और बस में बैठे बच्चे झटका लगने से बस में ही गिर गए। तुरंत ही बस स्टाफ ने बच्चों को बस से बाहर निकाला तभी वहां से गुजर रहा एक और ट्रक सड़क पर गिरे कागज के रोलों से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में बस में सवार सभी बच्चे सुरक्षित हैं। सूचना पाकर पुलिस भी घटना स्थल पर आ गई वहीं बच्चों के पालक भी जानकारी लगने पर मौके पर आ गए और बच्चों को अपने साथ ले गए।

## पेज एक का शेष

### अब दिन 'ठिठुरने'...

1.4 डिग्री गिरकर 27.8 डिग्री रहा। रात का तापमान 1.2 डिग्री बढ़कर 14 डिग्री पर पहुंच गया है। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को कई जिलों में घने से अति घना कोहरा रहेगा। शनिवार तक कहीं-कहीं बारिश का भी अनुमान है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ शुक्रवार से असर दिखाएगा। इससे बादल, कोहरा, बारिश का असर धीरे धीरे बढ़ेगा। गुरुवार को प्रदेशभर में दिन के तापमान में गिरावट बादल और सर्द हवाओं के कारण रही है। उज्जैन, पचमढ़ी, नर्मदापुरम, इंदौर आदि जिलों में दिन का पारा 3 डिग्री के करीब तक गिरा है।

### 15 घंटे से ज्यादा लेट...

*भारत ट्रेन (22415) बुधवार को रात में 09 बजे के बाद नई दिल्ली पहुंची।*
*केरल एक्सप्रेस साढ़े 12 घंटे लेट*
*- शिवगंगा एक्सप्रेस नौ घंटे और नई दिल्ली*
*- बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस सात घंटे की देरी से चल रही हैं।*
*इसके अलावा बरौनी-नई दिल्ली हमसफर क्लोन एक्सप्रेस, पटना-आनंद विहार टर्मिनल सुपरफास्ट विशेष और गाजीपुर सिटी-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस 12 घंटे से भी ज्यादा विलंब से दिल्ली पहुंची। देरी से दिल्ली पहुंचने के कारण हमसफर, राजधानी, शताब्दी और वंदे भारत के साथ अन्य ट्रेनों के प्रस्थान समय में बदलाव करना पड़ा। साथ ही नई दिल्ली से तिरुवनंतपुरम जाने वाली केरल एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय बुधवार देर शाम 8.10 बजे की जगह 12.20 घंटे की देरी से गुरुवार को सुबह साढ़े आठ बजे रवाना हुई।*

### कतर में अब 8...

कर्मियों को कतर की अदालत ने अक्तूबर में मौत की सजा दी थी। दोहा स्थित दहरा ग्लोबल के सभी कर्मचारियों, भारतीय नागरिकों को अगस्त 2022 में हिरासत में ले लिया गया था। भारत ने पिछले महीने मौत की सजा के खिलाफ कतर स्थित अपीली अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

### ईडी के आरोप...

हथियार डीलर संजय भंडारी की मदद की, जिस पर कानूनों के साथ ही आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने का आरोप है। हालांकि, इस मामले में अब तक प्रियंका की कोई भी प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### पेट्रोल-डीजल के...

ऐलान हो सकता है। बताया गया है कि सरकार की ओर से पेट्रोल-डीजल के रेट में करीब 10 रुपए की कटौती कर के जनता को बड़ी राहत दी जा सकती है। अधिकारियों के बीच हुई इस बैठक में पेट्रोल-डीजल के रेट कम करने के लिए अलग-अलग विकल्पों पर विस्तार से बातचीत की गई है। सरकार और तेल कंपनियां दोनों मिलकर इस खर्च का वहन करने की प्लानिंग कर रही हैं।

### सुरक्षित लैंडिंग के बाद ...

भी फंस गए, जिन्हें भोपाल में उतारना पड़ा। ख़ासकर उत्तर भारत में ज़्यादा ख़राब मौसम विमानों का रास्ता रोक रहा है, जिससे सेक्टर आपरेशन के चलते विमानों को अन्य रूट पर भी लेट भेजा जा रहा है।

### राहगीरों ने दी ...

से रास्ते में एक युवक की मौत हो चुकी है। सिहोनियाँ थाना पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि भी हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन अशान्त हो सकता है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कुटुम्ब परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्चों में वृद्धि होगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में पदोन्नति के साथ परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान भी हो सकता है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।

**कुंभ** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5378

**बाएँ से दाए-**
1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**
2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -5377 का हल**

## सूडोकू सवाल 5388 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

सूडोकू सवाल - 5387 का हल

## खबर संक्षेप

### आईआईटी को बुनियादी ढांचे में मील के पत्थर हासिल

गुवाहाटी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने अनुसंधान बुनियादी ढांचे, प्लेसमेंट और सहयोग में मील के पत्थर हासिल किए हैं। इनमें शामिल हैं जी20 - वाई20 इंसेप्शन मीट की मेजबानी, स्मार्ट ड्रोन विकसित किया और असम एडवांस्ड हेल्थकेयर इनोवेशन इंस्टीट्यूट की स्थापना की। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 14 विषयों को स्थान मिला, प्रति संकाय अनुसंधान उद्धरण में 32वां स्थान, विश्व के शीर्ष 25 फीसदी संस्थानों की सूची में प्रवेश के साथ वैश्विक पहचान मिली।

### तुअर,उड़द की बढ़ी ड्यूटी फ्री इंपोर्ट की डेडलाइन

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने तुअर (अरहर) और उड़द दाल के आयात पर शुल्क से छूट की अवधि एक साल के लिए बढ़ा दी है। अब 31 मार्च 2025 तक इन दोनों दालों के आयात पर कोई ड्यूटी नहीं देनी होगी, यानि कि फ्री में इंपोर्ट किया जा सकेगा। यह फैसला देश के अंदर दालों की उच्च महंगाई पर अंकुश लगाने में मददगार साबित होगा। मंत्रालय की मंजूरी के बाद इस बारे में डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड की ओर से 28 दिसंबर को नोटिफिकेशन जारी किया गया है।

### भारतपे के राजस्व में 182 फीसदी की वृद्धि

नई दिल्ली। भारतपे ने वित्तीय वर्ष 2023 के लिए अपने वित्तीय प्रदर्शन की घोषणा की, जिसमें व्यावसायिक क्षेत्रों में हुई वृद्धि और रणनीतिक प्रगति को दिखाया गया है। फिनटेक फर्म का जो रेवेन्यु वित्त वर्ष 2022 में 321 करोड़ रुपए था वह बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 904 करोड़ रुपए हो गया यानि कि ओपरेशन से रेवेन्यु में 182 फीसदी की वृद्धि हुई।
लॉस बिफोर टैक्स तेजी से कमी आई है, जो कि 5,594 करोड़ रुपए से गिरकर 886 करोड़ रुपए हो गई। इसके अलावा, ईबीआईटीडीए लॉस में भी लगभग 158 करोड़ रुपए की कमी आई।

---

## ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने गुना बस हादसे को लेकर परिवहन विभाग को घेरा

# ट्रांसपोर्टरों ने कहा-आरटीओ में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी

**बस हादसा परिवहन विभाग के कारनामों की पोल खोलने के लिए काफी है**

आत्माराम सोनी ▶▶ भोपाल

गुना बस हादसा को ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने दुखद घटना और मध्यप्रदेश परिवहन विभाग (आरटीओ) की नाकामी का नतीजा करार दिया है। ट्रांसपोर्टरों ने आरटीओ को घेरते हुए कहाकि आरटीओ में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। गाड़ी का बिना फिटनेस के चलना आरटीओ के भ्रष्टाचार को उजागर कर रहा है।
परिवहन विभाग का भ्रष्टाचार प्रदेश की सड़क नंगा घूम रहा है। सभी के महीने बंधे हुए हैं। विभाग द्वारा वाहनों की चेकिंग जगह-जगह की जा रही है बावजूद सड़कों पर बिना फिटनेस और परमिट के वाहन सरपट दौड़ रहे हैं। ट्रांसपोर्टर सीएल मुकाती के अनुसार गुना बस हादसा परिवहन विभाग के कारनामों की पोल खोलने के लिए काफी है। विभाग सिर्फ चेकपोस्टों में वाहन चालकों को परेशान कर वसूली करने की ओर ध्यान दे रहा है वाहनों के फिटनेस और परमिट की ओर नहीं।



हरिभूमि चर्चा

**"हे मोहन, सुदर्शन चक्र चलाईये"**

### तीन दिन पहले भी घट चुकी है बड़ी घटना

ट्रांसपोर्टरों के अनुसार इंदौर- खलघाट एबी रोड के गणपती घाट को मंगलवार शाम 4.30 बजे फिर घटनाओं का दौर जारी हुआ। ट्राले ने डिवाइडर कूदकर घाट चढ़ रहे ट्रक को टक्कर मारी। जिसमें एक ड्राइवर की मौत हो गई। वही 5 बजे एक बड़े ट्राले ने दो कारों को टक्कर मारी। आधे घंटे बाद फिर हुआ एक ट्रक में एक और हादसा हुआ। दो गाड़ियों को फिर चपेट में लिया, लेकिन शासन- प्रशासन सोया हुआ है। वहीं गणेश घाट जो की मौत के घाट से प्रसिद्ध हो चुका है और मौत का तांडव नहीं थमा। एनएचआई की लापरवाही लोगों की जान ले रही है। प्रशासन भी नहीं कर पा रहा है एनएचएआई पर कोई कार्यवाही और टोल वसूलने वाली कंपनी भी सुरक्षा के उपाय नहीं कर रही है। मुकाती ने कहा कि मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि हे मोहन, सुदर्शन चक्र चलाइए।

### मोहन सरकार को विभाग पर सुदर्शन चक्र चलाना पड़ेगा



मैंने गुरुवार को सुबह सोशल मीडिया (एक्स) पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम लिखा कि बस 15 वर्ष पुरानी है रोड पर कैसे चल रही थी? फिटनेस बीमा नहीं है आरसी की कॉपी भी डाली है, परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी हैं अतः मोहन सरकार को सुदर्शन चक्र चलाना पड़ेगा विभाग पर।
**सीएल मुकाती**, अध्यक्ष, ट्रक ऑपरेटर एवं ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन इंदौर

### सड़क पर विभाग का भ्रष्टाचार दिख रहा



गाड़ी का बिना फिटनेस के चलना आरटीओ के भ्रष्टाचार को उजागर कर रहा है। सड़क परिवहन विभाग का भ्रष्टाचार नंगा घूम रहा है। सभी के महीने बंधे हुए हैं। विभाग द्वारा वाहनों की चेकिंग जगह-जगह पर की जा रही है बावजूद सड़कों पर बिना फिटनेस के वाहन सरपट दौड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मांग है कि आरटीओ में भ्रष्टाचार को जो बोलबाला है उस पर शिकंजा कसा और बसों में बस चालक द्वारा टनों माल लोड जो किया जाता है उसे बंद किया जाए।
**ठाकुरलाल राजपूत**, अध्यक्ष, ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन भोपाल

### मुख्यमंत्री परिवहन विभाग में शिकंजा कसें



गुना में जो बस हादसा हुआ है उसमें मध्यप्रदेश परिवहन विभाग की सबसे बड़ी नाकामी उजागर हो रही है। बस बिना फिटनेस के चल रही थी। विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते फिटनेस के लिए पहुंचने वाले वाहनों को तीन से चार दिनों तक इंतजार करना पड़ता है। आरटीओ में ऐसा कोई भी अधिकारी नहीं है जो भ्रष्टाचार में लिप्त नहीं हो। अतः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सरकार से अनुरोध है कि परिवहन विभाग में शिकंजा कसें और विभाग की कमान ऐसे अनुभवी और जानकार केबिनेट मंत्री को दे जो आरटीओ में व्याप्त भ्रष्टाचार की जड़ों को समूल नष्ट करें और विभाग का कायाकल्प हो।
**अशोक गुप्ता (असाटी)**, अध्यक्ष,भोपाल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

### विभाग वसूली के बजाए वाहनों के फिटनेस पर ध्यान दे



गुना बस हादसा जो हुआ वह धुंध के कारण हुआ । अतः वाहन चालकों धुंध में गाड़ी नही चलानी है। लेकिन जब बात बस फिटनेट की आती है तो यह बिना फिटनेस के चल रही है जो मध्यप्रदेश परिवहन विभाग के कार्य प्रणाली की पोल खोल रही है। अतः सरकार को विभाग की लचीली कार्यप्रणाली के प्रति सख्त होना चाहिए और और विभाग के अफसर चेकपोस्टों पर वसूली कराने की ओर से ध्यान हटाकर वाहनों के फिटनेस पर ध्यान दे।
**हरीश डाबर**, मैनेजिंग मेंबर और भोपाल प्रतिनिधि, ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

### निरंतर घटित हो रही घटनाएं



गुना बस हादसा और खलघाट हादसा दोनों ही बहुत दुखद है। विधानसभा चुनाव के दरम्यान निर्वाचन आयोग द्वारा लगाई गई आचार संहिता के दौरान सिर्फ मंत्री-मिनिस्टर शून्य हुए थे। प्रशासनिक अधिकारियों नीचे से लेकर ऊपर तक सभी को बेहतर कार्यप्रणाली की ओर ध्यान देना था, लेकिन विभाग में जिम्मेदारों ने ध्यान नही दिया। मध्यप्रदेश परिवहन विभाग में 90 दिनों तक खूब मनमानी हुई।
**उमेश तिवारी**, महासचिव,भोपाल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

---

## 18 थाना क्षेत्रों में शक्ति कियोस्क, महिलाओं को मिलेगा रोजगार

# एसबीआई ने महिलाओं को सशक्त बनाने की 'शक्ति कैफे' की शुरुआत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय स्टेट बैंक ने मध्य प्रदेश पुलिस के सहयोग से भोपाल के 18 थाना क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा संचालित शक्ति कैफे के संचालन को समर्थन देने के लिए 20 लाभार्थियों को हर एक को 1,00,000 की राशि दी। शक्ति कैफे एसबीआई और मप्र पुलिस की एक नए कदम की शुरूआत है। जिसका उद्देश्य रोजाना रोजगार के अवसर प्रदान करना है और हिंसा से प्रभावित महिलाओं को न्याय मिलने में सहायता करना है।
ऊर्जा सहायता डेस्क को 2017 में भोपाल के थाना क्षेत्रों में स्थापित किया गया था, जो 2021 में शक्ति समितियों के माध्यम से मध्य प्रदेश के हर थाने क्षेत्र में विस्तारित किया गया। जहां प्रत्येक थाने के महिला कर्मचारी हिंसा से प्रभावित महिलाओं को न्याय के लिए सहायता करती हैं। इस पहल को 2023 में सर्वोच्च न्यायालय की ज्यूवेनाइल जस्टिस कमेटी ने एक उत्कृष्ट अभ्यास के रूप में मान्यता दी है।

**शक्ति समितियों के माध्यम से प्रदेश के हर थाने क्षेत्र में विस्तारित**




### महिलाएं चाय और नाश्ता प्रदान करने वाले कियोस्क का संचालन करेंगी

एसबीआई ने 18 थाना क्षेत्रों में सभी महिलाओं को शक्ति कियोस्क के रूप में रोजगार प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल ली है, जो उन्हें स्व-रोजगारी और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में मदद करेगा। ये महिलाएं चाय और नाश्ता प्रदान करने वाले कियोस्क का संचालन करेंगी। एसबीआई के उच्च अधिकारी, उप प्रबंध निदेशक बिनोद कुमार मिश्रा, मुख्य महाप्रबंधक भोपाल मंडल चंद्रशेखर शर्मा, जनरल मैनेजर नेटवर्क -1 कुंदन ज्योति, उपमहाप्रबंधक व्यवसाय एवं परिचालन लोकेश चंद्रा, उपमहाप्रबंधक आरसी मिश्रा एवं अन्य भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी के साथ भोपाल के पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्र, विनीत कपूर आईपीएस एवं भोपाल पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी के साथ-साथ थाने के अध्यक्षउपस्थित थे।

---

## आग पर काबू पाने के दौरान दो ठेका मजदूर झुलस गए

# टोडियारपेट पीओएल टर्मिनल पर इंडियन ऑयल के टैंक में आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चेन्नई

इंडियन ऑयल ने अपने टोडियारपेट पीओएल टर्मिनल पर एक टैंक में आग लगने की दुर्घटना की खेद जनक रिपोर्ट दी। यह घटना एक ठेकेदार द्वारा प्रबंधित इथेनॉल भंडारण टैंक की नियोजित रखरखाव गतिविधि के दौरान हुई।
आंतरिक अग्निशमन प्रणाली द्वारा त्वरित कार्रवाई में आग पर तुरंत काबू पा लिया गया और बुझा दिया गया। दुर्भाग्यवश, आग पर काबू पाने के दौरान दो ठेका मजदूर झुलस गए और अफसोस की बात है कि एक ठेका मजदूर पेरुमाल, कीर जलने के कारण घटनास्थल पर ही जान चली गई। दूसरे ठेका मजदूर को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### मृतक के परिवार को पांच लाख रुपए की तत्काल अनुग्रह राहत

इंडियन ऑयल ने मृतक के परिवार को रुपए पांच लाख की तत्काल अनुग्रह राहत की घोषणा की है। घटना के मूल कारण का पता लगाने के लिए जांच टीम की सहायता के लिए प्रधान कार्यालय, मुंबई और क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नई से विशेषज्ञों की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची। सामान्य प्रचालन फिर से शुरू होने से पहले जनशक्ति और मशीन की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए टीम द्वारा सभी संभव उपाय किए जाएंगे। चेन्नई शहर में उत्पाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक स्थानों से पीओएल की आपूर्ति की गई है। वरिष्ठ प्रबंधन लगातार स्थिति की निगरानी कर रहा है और ग्राउंड टीम को सभी आवश्यक सहायता सुनिश्चित कर रहा है।

---

## बिजनेस न्यूज

### आईसेक्ट में हुई द्वितीय बैच की 8 दिवसीय डीआरए ट्रेनिंग



भोपाल। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस द्वारा आईसेक्ट लिमिटेड को डेब्ट रिकवरी एजेंट (डीआरए) ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के रूप में मान्यता सितंबर 2023 में प्राप्त हुई थी। इसके अंतर्गत द्वितीय बैच की डीआरए ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूर्ण की गई हैं। मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के 34 प्रतिभगियों ने इस ट्रेनिंग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके समापन सत्र में आईसेक्ट एफआई और सर्विसेज के महाप्रबंधक अनुराग गुप्ता ने प्रतिभागियों को सम्बोधित किया एवं डीआरए की भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को ट्रेनिंग सर्टिफिकेट वितरित किए गए। इस ट्रेनिंग के बाद सभी प्रतिभागी इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस द्वारा आयोजित डीआरए की परीक्षा में भाग लेंगे। इसमें बतौर विशेषज्ञ ट्रेनर जेके तनेजा, नरेश चंद्र दुदानी और भरत कुमार दलाल ने प्रतिभागियों को इससे जुड़े कार्यों की मूलभूत जानकारियां साझा कीं।

### आईईएस कॉलेज की विजेता टीम को राज्यपाल ने दिया आशीर्वाद



भोपाल। आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी भोपाल की टीम गो ग्रीन ने कोयला मंत्रालय द्वारा दिए गए समस्या कथन का समाधान प्रदान करने के लिए स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 जीता। जिसके उपरांत विजेता टीम को मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा आशीर्वाद दिया गया। आईईएस यूनिवर्सिटी के सीईओ देवांश सिंह के साथ आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी भोपाल की विजेता टीम को एक विशेष बातचीत के दौरान राज भवन में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बधाई दी। राज्यपाल ने छात्रों को आदिवासी समुदाय के कल्याण और प्रगति और डिजिटल भारत की प्रगति के लिए अपने ज्ञान और नवाचार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। साथ ही आईईएस की विजेता टीम को इस उपलब्धि पर राधा सिंह, राज्य मंत्री एवं दिलीप जयसवाल, राज्य मंत्री द्वारा भी आशीर्वाद एवं बधाई प्राप्त की। एसआईएच को दुनिया के सबसे बड़े ओपन इनोवेशन मॉडल के रूप में प्रशंसित किया गया है और यह छात्रों के बीच उत्पाद नवाचार और समस्या.समाधान की संस्कृति को विकसित करता है। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2023 के ग्रैंड फिनाले में आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी की टीम गो ग्रीन विजयी रही। जिसके लिए टीम को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा विजेता टीमों को 1 लाख रूपए के नगद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया।

### आईआईटी में हुआ मेटाबॉलिक इंजीनियरिंग पर शोध

भोपाल। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ळआईआईटी व्और आईआईटी के शोधकर्ताओं ने कैंसर की दवा कैंपटोथेसिन का उत्पादन बढ़ाने के लक्ष्य से नॉथापोडिट्स निमोनियाना पौधों की कोशिकाओं की मेटाबॉलिक इंजीनियरिंग की है। आईआईटी मद्रास के प्लांट सेल टेक्नोलॉजी लैब के शोधकर्ताओं ने कम्प्यूटेशनल टूल से एन-निमोनियाना प्लांट सेल्स के लिए जीनोम स्केल मेटाबोलिक मॉडल बनाया है। इससे कैंसर की दवा जैसे कैम्पटोथेसिन का उत्पादन बढ़ेगा। यह सर्वाधिक मांग वाले अल्कलॉइड में तीसरे नंबर पर है और भारत में इसका व्यावसायिक उत्पादन नॉथापोडिट्स निमोनियाना से किया जाता है जो अब लुप्तप्राय पौधा है। आईआईटी मद्रास के शोधकर्ताओं ने 2021 में प्रकाशित एक शोध पत्र में पौधों से मिलने पाली कैंसर की दवा कैम्पटोथेसिन के विकल्प के रूप में माइक्रोब प्रस्तुत किया जो सस्टेनेबल है और अधिक मात्रा में दवा पैदा करने में सक्षम है। प्रोजेक्ट की प्रधान अन्वेषक प्रोफेसर स्मिता श्रीवास्तव,भूपत एवं ज्योति मेहता स्कूल ऑफ बायोसाइंसेज जैव प्रौद्योगिकी विभाग आईआईटी मद्रास ने इस शोध की अहमियत बताई। बायोप्रोसेस इंजीनियरिंग के सिद्धांतों पर मेटाबॉलिक इंजीनियरिंग से कैम्पटोथेसिन का अधिक और सस्टेनेबल उत्पादन हो पाएगा।

### टेंट व्यापारी हुए निलोंस की फैक्ट्री में प्रोडक्ट निर्माण से रूबरू



भोपाल। मध्यप्रदेश के लगभग 60 टेंट एवं कैटरर्स व्यापारियों ने फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के बैनर तले सपरिवार जलगांव महाराष्ट्र में निलोंस इंटरप्राइजेज की फैक्ट्री में जाकर उनके द्वारा निर्मित किए जा रहे विभिन्न प्रकार के अचार, मसाले, केचप आदि की उत्पादकता से रूबरू हुए। फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी रिंकू भटेजा ने बताया की फैक्ट्री में व्यापारियों ने देखा की बहुत ही स्वच्छता एवं उच्च क्वालिटी के अचार मसाले निर्मित किए जा रह हैं। कंपनी के चिराग देवघर, सुनीत झा, सुयश, तुषार ने कंपनी द्वारा निर्मित उत्पादकों की जानकारी दी। भोपाल से रिंकू भटेजा, विशाल शर्मा, योगेश श्रीवास्तव, विनेश अग्रवाल, संतोष गिरी, जबलपुर से विनोद राठौड़ के एल जायसवाल, स्टीफन मरियान आदि अनेकों टेंट एंड कैटर्स व्यापारियों द्वारा फैक्ट्री का निरीक्षण किया गया।

### रिन्यू एनर्जी सर्दियों में दो लाख कंबल बांटेगा

भोपाल। रिन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी ने गिफ्ट वार्म्थ का 9वां संस्करण शुरू करने की घोषणा की है। यह कड़ाके की ठंड में समाज के वंचित वर्गों की सहायता करने की एक पहल है। इस साल रिन्यू ने मध्य प्रदेश, गुजरात, ओडिशा और उत्तराखंड, दिल्ली एनसीआर, राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में 2 लाख से अधिक कंबल बांटने के लिए स्थानीय प्रशासन का सहयोग लिया है। यह कंबल वितरण अभियान जनवरी तक चलेगा, ताकि सबसे अधिक ठंड पड़ने के दौरान इसका अधिकतम फायदा मिल सके। इस वर्ष रिन्यू राजस्थान में 37000 कंबल वितरित करेगा। सस्टेनेबिलिटी की को-फाउंडर और चेयरपर्सन, वैशाली निगम सिन्हा ने कहा कि हाल के वर्षों में जलवायु संकट के कारण शीत लहर की तीव्रता बढ़ी है। मौसम में होने वाले उतार-चढ़ाव के कारण लाखों लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### स्टार हेल्थ ने किया दावों के निपटान के लिए 13 करोड़ रुपए का भुगतान

भोपाल। स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस ने घोषणा की कि उसने पिछले 6 महीनों में, यानी अप्रैल 2023 से सितंबर 2023 के बीच भोपाल में 13 करोड़ रुपए के दावों का निपटान किया। कंपनी ने नेटवर्क अस्पतालों के दावे के निपटान के लिए 9 करोड़ रुपए और गैर-नेटवर्क अस्पतालों के दावों के निपटान के लिए 4 करोड़ रुपए का भुगतान किया। स्टार हेल्थ ने भोपाल में कैशलेस दावा निपटान के तौर पर 7 करोड़ रुपए से अधिक और प्रतिपूर्ति (रिइम्बर्समेंट) दावा निपटान के तौर पर 6 करोड़ रुपए का भुगतान किया। कंपनी ने ग्राहकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को कायम रखते हुए, सभी कैशलेस दावों का निपटारा 2 घंटे के भीतर कर दिया। ज्यादातर मामलों में, कैशलेस उपचार के लिए शुरुआती ऑथराइजेशन 2 घंटे के भीतर दिया गया।

### आशीर्वाद ने आटे के लिए ग्राहकों को दिया क्वालिटी सर्टिफिकेट



भोपाल। आटा ब्रांड आशीर्वाद ने एक अनूठा कदम उठाते हुए अपना एक नया कैंपेन लिख के ले लो लांच किया है। इसका मकसद ग्राहकों को आटे के जरूरी गुणवत्ता मानकों की जानकारी से लैस करना है। ऐसी उम्मीद की जा रही है इससे उन्हें सही निर्णय लेने में मदद मिलेगी। आशीर्वाद पारदर्शिता और भरोसे को बढ़ावा देने के लिए पर्सनलाइज्ड क्वालिटी सर्टिफिकेट लेकर आया है। आशीर्वाद शुद्ध चक्की आटे का हर पैक क्यूआर कोड के साथ आता है जिससे ग्राहकों को अपने आटे के बारे में जानकारी मिलेगी।

### स्टैंडर्ड कैपिटल की बोनस इश्यू को मंजूरी

नई दिल्ली । फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर की लीडिंग कंपनी स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ने बीएसई को ईजीएम के नतीजे की जानकारी दी। बोर्ड द्वारा 10:1 रेशो में स्टॉक स्प्लिट को मंजूरी देने के बाद अर्थात स्टॉक स्प्लिट के बाद शेयर धारकों को 1 इक्विटी शेयर के बदले 10 इक्विटी शेयर दिए जाएंगे और 2:1 रेशो में बोनस इश्यू करना ,कंपनी ने एक्सचेंज को ईजीएम के नतीजे की जानकारी दी, जहां सदस्यों ने उक्त घोषणाओं को मंजूरी दे दी और प्रस्ताव पारित किए गए।

### एका मोबिलिटी ने मित्सुई और वीडीएल ग्रोएप से हाथ मिलाया

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक वाहन एवं तकनीकी कंपनी एका मोबिलिटी, मित्सुई एंड कंपनी लिमिटेड (जापान) और वीडीएल ग्रोएप (नीदरलैंड) के साथ साझेदारी की घोषणा की। यह रणनीतिक सहभागिता भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग के विकास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बन गई है, जो भारत को टिकाऊ परिवहन का वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में ले जाएगी। यह गठबंधन इस क्षेत्र में, सबसे अत्याधुनिक वैश्विक मूल उपकरण निर्माताओं को स्थापित करने जा रहा है।

### कौशल्या लॉजिस्टिक्स का आईपीओ आज खुलेगा

मुंबई। लॉजिस्टिक्स, ई-कॉमर्स और कमर्शियल रियल एस्टेट में कार्यरत एक विविधीकृत कंग्लोमेरेट, कौशल्या लॉजिस्टिक्स ने 29 दिसंबर 2023 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आईपीओ) के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है। कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत अप्पर बैंड प्राइस पर 36.60 करोड जुटाने का है। कंपनी के शेयरों को एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट किया जाएगा। इश्यू साइज 10 रुपए प्रत्येक सम भाव के 48,80,000 इक्विटी शेयर्स तक है.आईपीओ से प्राप्त शुद्ध रकम का उपयोग असुरक्षित कर्ज का पुनरभुगतान करने, कार्यशील पूंजी की जरूरतों और सामान्य कॉरपोरेट खर्चो का वित्त पोषण करने के लिए किया जाएगा।

### विवांता की निवेश मॉडल पर बैठक आज

अहमदाबाद। कंसल्टेंसी और टर्नकी समाधान प्रदान करनेवाली अहमदाबाद स्थित विवांता इंडस्ट्रीज लिमिटेड ट्रिनिटी गणेश प्राइवेट लिमिटेड में निवेश पर विचार कर रही है। शेयर स्वैप अनुपात पर विचार और प्रस्ताव का अनुमोदन करने और ट्रिनिटी गणेश प्राइवेट लिमिटेड में निवेश मॉडल पर आगे चर्चा करने के लिए बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक शुक्रवार 29 दिसंबर को होगी। कंपनी नेक्स्ट जनरेशन तकनीकी व्यवसायों जैसेकि ड्रोन, इन्फोर्मेशन टेक्नोलोजी, एआई और रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन सहित अन्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ संचालन मे परिवर्तन लाने का लक्ष्य रखा है।

### गोदरेज ने आय 10 फीसदी बढ़ाने का रखा लक्ष्य

मुंबई । गोदरेज समूह की प्रमुख कंपनी, गोदरेज एंड बॉयस का व्यवसाय गोदरेज लॉक्स ने वित्त वर्ष 2025 तक बाजार हिस्सेदारी को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने के साथ आय 10 फीसदी बढ़ाने का लक्ष्य रखा है और वह अपने डिजिटल लॉकिंग समाधानों को निरंतर विस्तार कर रही है। इस 125 साल से अधिक पुराने ब्रांड को उम्मीद है कि 25 से अधिक नए उत्पादों के साथ वह बाजार पर हावी होगा, जिनमें से 50 फीसदी से अधिक जंप एंड लीप इनोवेशन से आएंगे।

### रेजरपे ने फिर से शुरू की मर्चेंट की ऑनबोर्डिंग

नई दिल्ली। कारोबारों के लिए भारत के प्रमुख ओमनी चैनल पेमेंट्स एवं बैंकिंग प्लेटफार्म रेजर पे ने बताया कि इसे पेमेंट सैटल मेंट अधिनियम 2007 के तहत पेमेंट एग्रीगेटर के रूप में संचालन करने के लिए रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया से अंतिम प्राधिकरण प्राप्त हो गया है। फाइनल पेमेंट एग्री गेटर लाइसेंस के साथ फिनटे कप्लेट फॉर्म ने तत्काल प्रभाव के साथ अपने पेमेंटप्लेट फॉर्म पर नए मर्चेंट की ऑन बोर्डिंग फिर से शुरू कर दी है। इस अवसर पर हर्षिल माथुर सीईओ एवं सह-संस्थापक रेजर पे ने कहाकि हम इस नए विकास का स्वागत करते हैं।

---

# आईईए का सम्मेलन : डॉ. अहलुवालिया ने प्रौद्योगिकी आधारित प्रगति पर बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भुबनेश्वर

इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन (आईईए) सम्मेलन का 106वां संस्करण महत्वपूर्ण आर्थिक पहलुओं, प्रौद्योगिकी और नीति-निर्माण के उभरते परिदृश्य पर प्रकाश के साथ शुरू हुआ। इस मौके पर प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और भारत के योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. मोंटेक सिंह अहलुवालिया ने प्रतिस्पर्धी हितों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र की ताकत, बदलती सरकारों के बावजूद नीतिगत निरंतरता सुनिश्चित करने को रेखांकित किया। डॉ. अहलुवालिया ने प्रौद्योगिकी आधारित प्रगति के साथ आवश्यक आसन्न संरचनात्मक परिवर्तनों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने नवाचार को बाधित किए बिना नई प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने के लिए एक संतुलित नीति दृष्टिकोण की वकालत की और कमजोर आबादी की नौकरियों तक पहुंच सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अर्थशास्त्रियों से इन चुनौतियों पर विचार करने का आग्रह किया।



### आभार व्यक्त किया

कीट-कीस के संस्थापक और इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के संरक्षक डॉ. अच्युत सामंत ने कीट में सम्मेलन की मेजबानी के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने संस्थान के वित्तीय प्रबंधन पर प्रकाश डाला और कीट-कीस की शुरुआत को याद किया। इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. विश्वजीत चटर्जी ने वृहद स्तर पर अर्थव्यवस्था की एक विस्तृत तस्वीर पेश की। सम्मेलन के एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. तपन कुमार शांडिल्य, मुख्य संयोजक डॉ. अनिल कुमार ठाकुर, आईईए के उपाध्यक्ष डॉ. ए. जोथी मुरुगन, आईईए के उपाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र अवस्ती सहित अन्य शामिल थे।

# नाबार्ड ने रेलवे स्टेशनों पर लगाया 'एक स्टेशन एक उत्पाद' स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भुबनेश्वर

भुबनेश्वर एवं खोरधा रोड रेलवे स्टेशनों पर 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल' अब राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा प्रवर्तित किसानों और कारीगरों के उत्पादों के साथ प्रदर्शित किए गए हैं। इन उत्पादों में हरियाणा, हस्तशिल्प और उपभोग्य उत्पाद जैसे घोड़ा चना, हरा चना, काला चना, शहद आदि शामिल है।
भारत सरकार द्वारा स्थानीय कारीगरों, कुम्हारों, बुनकरों/हथकरघा, बुनकरों, आदिवासियों आदि की आजीविका और कल्याण को बढ़ाने के उद्देश्य से 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल' अवधारणा की घोषणा की गई थी।
रेलवे स्टेशन इस उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक विपणन चैनल के रूप में कार्य करेगा।इस पहल से नाबार्ड ने अपने किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), ऑफ फार्स उत्तादक संगठनों (ओएफपीओ) और स्वयं सहायक समूहों को निर्मित 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल' (ओएसओपी) स्टालों के माध्यम से भुवनेश्वर और खोरधारोड रेलवे स्टेशनों पर अपने उत्पादों को बेचने के लिए प्रोत्साहित किया। रेलवे स्टेशनों पर 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल' स्टॉल प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत लाभान्वित कारीगरों और शिल्पकारों के लिए एक मंच के रूप में कार्य कर रहे हैं।



### पियाजियो आपे आईसीई थ्री व्हीलर वाहनों की बढ़ेगी कीमत

नई दिल्ली। पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड ने अपने इंटरनल कम्बशन इंजन वाले आपे ब्रांड के थ्री व्हीलर की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2024 से प्रभावी होगी। यह बढ़ोतरी पियाजियो आपे के डीजल, सीएनजी, एलपीजी और पेट्रोल वेरिएंट के कार्गो और पैसेंजर दोनों तरह के वाहनों पर लागू होगी।कंपनी ने बताया है कि 1 जनवरी 2024 से पूरे भारत में कंपनी के इन वाहनों की मौजूदा एक्स-शोरूम कीमत में 6000 रुपए तक की बढ़ोतरी होगी। पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के ईवीपीए सीवी डोमेस्टिक बिजनेस और रिटेल फाइनेंस, अमित सागर ने कहाकि इस त्योहारी सीजन में हमारे थ्री व्हीलर वाहनों की बिक्री जबरदस्त रही है। हमने रिटेल बिक्री में 38 फीसदी से ज्यादा की बढ़त दर्ज की है।

# रॉक्स हाई-टेक को 40 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला

मुंबई। ग्राहक क्रेंद्रित आईटी सॉल्यूशंस प्रदाता रॉक्स हाइ-टेक ने वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में 40 करोड़ रुपए का आर्डर प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण सीमाचिन्ह हासिल किया है। इन डील्स का नियोजित निष्पादन जनवरी 2024 से जून 2024 के बीच निर्धारित है, जो उसके उल्लेखनीय ग्रोथ और उसकी डिजिटल उत्कृष्टता को दर्शाता है। रॉक्स हाई-टेक लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर,जिम राकेश ने कहाकि यह आर्डर प्राप्त करने में सफलता डिजिटल क्षेत्र का आधुनिकीकरण करने में कंपनी की लाभप्रदता की कसौटी है, जो डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन पहल को आगे बढ़ाने में उसकी एक्सपर्टीज को प्रदर्शित करती है।

चिंतन

# कांग्रेस को अपने अतीत से सबक लेने की जरूरत

आज कांग्रेस ने जब अपना 139वां स्थापना दिवस मनाया है, वह अपने इतिहास के सबसे कठिन दौर से गुजर रही है। आजादी के आंदोलन से लेकर स्वतंत्र भारत के निर्माण में सरकार के रूप में योगदान तक कांग्रेस का शानदार अतीत रहा है। कांग्रेस ने राष्ट्र को एक से बढ़कर एक नेता दिए, भारत को एक राष्ट्र के रूप में सिंचित व समृद्ध किया, धर्मनिरपेक्ष भारत की अवधारणा को मजबूत किया, राजनीति में शांति, सहअस्तित्व व समावेशी मूल्यों को स्थापित किया। आज भारत जहां है, जैसा है, विश्व में उसकी जो भी पहचान है, जितनी बड़ी भी आर्थिक व सामरिक शक्ति है, उसमें कांग्रेस के योगदान को कमतर करके नहीं आंका जा सकता है। लेकिन 1885 से अपनी 138 वर्ष की राजनीतिक यात्रा में आज वर्ष 2023 के आखिरी दिनों में कांग्रेस जिस मोड़ पर खड़ी है, दो दशक से पहले तक के किसी भी कांग्रेस नेता ने इसकी कल्पना तक नहीं की होगी। आज की कांग्रेस अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। नीतिगत रूप से, वैचारिक रूप से, नेतृत्व के रूप से व राजनीतिक ताकत के रूप से देखें तो कांग्रेस की कहीं भी दमदार उपस्थिति नहीं है। अभी अभी तीन राज्यों में करारी हार मिली है। पिछले 32 चुनावों से राहुल गांधी की छत्रछाया में कांग्रेस हारती आ रही है। आज कांग्रेस के पास न देशव्यापी संगठन है, न सर्वमान्य राष्ट्रीय नेता है, न उसके पास राष्ट्रीय एजेंडा है, न नीति है, न रीति है, न वह यूपीए को संभाल सकी। कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन जरूर बनाया है, तो वह भी कई वैचारिक व सांगठनिक संकटों से गुजर रहा है। आज की कांग्रेस सबसे अधिक दिग्भ्रमित प्रतीत हो रही है। कांग्रेस इस दुविधा में है कि वह गांधी परिवार के साथ आगे बढ़े या मल्लिकार्जुन खरगे जैसे वफादार के साथ। राहुल गांधी की हरकतों से कांग्रेस की प्रतिष्ठा और धूमिल ही हो रही है। स्थापना दिवस पर कांग्रेस ने नागपुर से रैली की है, जिसमें उसने वैचारिक रूप से राष्ट्रीय स्वयं सेवक को ललकारने की चेष्टा की है। कांग्रेस के अघोषित सर्वेसर्वा राहुल गांधी ने संघ के मुख्यालय नागपुर में रैली कर अपनी पार्टी की वैचारिकता को रखने की कोशिश की है कि कांग्रेस संघ के विचारों के खिलाफ है। शायद कांग्रेस भूल रही है कि एक संगठन के रूप में संघ भारत में वटवृक्ष बन चुका है और भारत, भारतीयता व राष्ट्रवाद का प्रतीक बन चुका है। भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण में संघ के सतत योगदान के लिए राष्ट्र हमेशा उसका कृतज्ञ रहेगा। भारतीय संस्कृति, भारतीय पहचान, भारतीय ज्ञान व भारतीय विरासत के प्रति गर्वबोध कराने में संघ ने हमेशा उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। कांग्रेस संघ की वैचारिक आलोचना कर सकती है, लेकिन उसे याद रखना होगा कि नेहरू से लेकर इंदिरा तक ने संकट के समय संघ के योगदान के महत्व को समझा था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने स्थापना दिवस पर कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा ऐसे भारत के निर्माण की दिशा में काम किया है जो संसदीय लोकतंत्र और समानता पर आधारित हो। आज के भारत में लोकतंत्र संविधान के अनुरूप कार्य कर रहा है। कांग्रेस सत्ता में नहीं है तो इसका मतलब यह नहीं कि देश में लोकतंत्र नहीं है, मौलिक अधिकार नहीं है या समानता व स्वतंत्रता के अधिकार नहीं हैं। 21वीं सदी के आकांक्षी भारत में अगर कांग्रेस के नेता राहुल गांधीं जाति जनगणना जैसे दकियानूस मुद्दों की वकालत करते हैं, तो युवाओं का भरोसा कांग्रेस के प्रति कैसे जगेगा? कांग्रेस को अपने खट्टे मीठे अतीत से सबक लेकर पार्टी की खोई प्रतिष्ठा को स्थापित करनी होगी।

नव वर्ष

उमेश चतुर्वेदी



# सोशल मीडिया संसार में बेहतरी की उम्मीद

वर्ष 2010-11 में दुनिया ने दो क्रांतियां देखीं..पहली रही अरब स्प्रिंग के नाम से विख्यात अपेक्षाकृत रूढ़िवादी इस्लामी देशों में हुआ बदलाव...और दूसरी रही, भारत में सिविल सोसायटी का सफल आंदोलन.. दोनों की बुनियाद में सबसे बड़ा योगदान रहा सोशल मीडिया का.. सार्थक सामाजिक हस्तक्षेप की दिशा में सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर उम्मीदों के पहाड़ खड़े हो गए.. मान लिया गया कि दुनिया में गरीबी, अशिक्षा, कुरीति आदि के अंधेरे को खत्म करने में सोशल मीडिया कारगर हथियार होगा सोशल मीडिया पर भरोसा इतना बढ़ा कि उसके जरिए दुनिया में उन अंधेरे कोनों में लोकतंत्र की रोशनी नजर आने लगी, जहां अभी तक लोकतंत्र नहीं पहुंच पाया है। अगर कहीं पहुंचा भी है तो वह पुराने घरों की दीवारों के उपरी कोने में स्थित छोटे रोशनदान की माफिक। सोशल मीडिया से ऐसी उम्मीद बेमानी भी नहीं थी..सोशल मीडिया ने ऐसा किया भी.. लेकिन अब हालात बदल गए है.. उसकी चुनौती बढ़ती जा रही है..सोशल मीडिया का विकास दैत्याकार अंदाज में हो रहा है। सहज-सुलभ तकनीकी विस्तार के चलते उस तक सबकी पहुंच है। इसने सूचनाओं को पहले की तुलना में कहीं ज्यादा लोकतांत्रिक बनाया है। इस विस्तार के साथ ही एक कमी भी नजर आ रही है। इसे कमी नहीं, खतरा कहना ज्यादा उचित होगा..इसे इस्तेमाल करने वाली शख्सियतों की ठोस जवाबदारी ना होने की वजह से यह जहर के माफिक खतरनाक होता जा रहा है।



आने वाले साल 2024 में सोशल मीडिया समाज और सरकार के लिए बड़ी चुनौतियों की वजह बनेगा...उसमें सबसे बड़ी चुनौती है..डीपफेक की समस्या..इसे हाल ही में स्पेन के एक छोटे शहर अल्मेंद्रलेजो में भी महसूस किया गया..जब पता चला कि वहां की दर्जनों स्कूली छात्राओं के नग्न फोटो स्कूली ग्रुप के फोन में प्रसारित हो गए। जांच में पता चला कि ये फोटो एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए 'कपड़ा उतारने वाले ऐप' के जरिए बनाए गए थे। हाल ही में अपने देश में भी दक्षिण भारत की मशहूर अदाकारा रश्मिका मंदाना के अश्लील फोटो डीपफेक तकनीक के जरिए तैयार करके प्रसारित किए गए। पुलिस अभी इसकी जांच कर रही है..लेकिन माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में अगर इस तकनीक के इस्तेमाल के लिए कड़े कानून और ठोस दिशानिर्देश नहीं बनाए गए तो यह समाज के लिए चुनौती बनकर उभरेगा जिसकी वजह से कानून और व्यवस्था की समस्या खड़ी हो सकती है।

सोशल मीडिया के मोर्चे पर दूसरी चुनौती रहेगी उसकी घटती साख। द अटलांटिक में छपे एक लेख के अनुसार, सोशल मीडिया की साख घटेगी। जिसकी वजह से इसके पारंपरिक रूपों मे गिरावट आएगी। सोशल मीडिया का प्लेटफॉर्म एक्स, जिसे अतीत में ट्वीटर नाम से जाना जाता था, में अराजकता और बढ़ेगी। क्योंकि उसका अल्गोरिद्म अराजकता को ही बढ़ावा देता है। इसका असर दूसरे सोशल मीडिया मंचों पर भी दिख रहा है।

चूंकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की जरूरत सामाजिकता को बढ़ावा देने की है। लेकिन अब तक उपलब्ध माध्यमों में सामाजिकता सीमित हुई है और अराजकता बढ़ी है। पश्चिमी देशों में हुए शोधों से पता चल रहा है कि अब स्थितियां बदल रही हैं। इसलिए सार्थक संवाद वाले नए प्लेटफॉर्म भी विकसित हो सकते हैं। अराजकता के बाद अब प्रमाणिकता की ओर दुनिया ज्यादा गहरी निगाह लगाए बैठी है। इसलिए अब सोशल मीडिया मंचों पर प्रमाणिक जानकारियों की जरूरत बढ़ेगी। छोटे वीडियो इन दिनों बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं। हालांकि उनके विस्तार में अब तक अश्लीलता और अर्धनग्नता को बड़ा कारक माना गया है। अब इसकी ओर रूझान घट रहा है। अब लोग कुछ बेहतर चाह रहे हैं। इसलिए ऐसे वीडियों जो शॉर्ट हों, लेकिन उनके जरिए कुछ सार्थक संदेश मिल रहे हों, आने वाले दिनों में उनकी मांग बढ़ेगी। जानकारों का मानना है कि साल 2024 में सोशल मीडिया पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और सामाजिक रूप से जिम्मेदार उपभोक्ताओं में बढ़ोत्तरी दिखेगी। पर्यावरण के प्रति जागरूक और सामाजिक रूप से जिम्मेदार सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं की बढ़त को जानकार प्रमाणिकता की ही बढ़त के रूप में देखते हैं। कह सकते हैं कि कुछ मोर्चे पर सोशल मीडिया अच्छा करेगा तो कुछ मोर्चे पर खराब करेगा। वर्तमान में दुनिया भर में 4.95 अरब लोग सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



राम मंदिर

प्रो. नीलम महाजन सिंह

22 जनवरी को राम मंदिर का भव्य उद्घाटन होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। इसे स्वतंत्र भारत में मील का पत्थर माना जा रहा है, जैसे इतिहास करवट ले रहा हो। लंबे समय तक अयोध्या एक उपेक्षित कस्बे के रूप में ही रहा, जहां राम जन्मभूमि विवादों में रही। आधुनिक शहर की तर्ज पर अयोध्या को विकसित किया जा रहा है। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, सड़कें और चौक-चौराहों को भव्य बनाने के साथ ही 'राम की पैड़ी' को भी नये तरह से सजाया संवारा गया है। 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के प्रथम चरण के पूरा होने के साथ ही हिंदू धर्म के भावों को व्यावहारिकता प्राप्त होगी। राम मंदिर के नाम पर देश में राजनीतिक बंटवारा नहीं होना चाहिये। राम सबके हैं।

# स्वतंत्र भारत में मील का पत्थर

अयोध्या अभी चर्चा में है। 22 जनवरी को राम मंदिर का भव्य उद्घाटन होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। इसे स्वतंत्र भारत में मील का पत्थर माना जा रहा है, जैसे इतिहास करवट ले रहा हो। राम जन्मभूमि अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लाइव प्रसारित किया जाएगा। अयोध्या के इतिहास में, 9 नवंबर 2019 को देश की सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या में राम जन्मभूमि परिसर पर हिन्दुओं के दावे को स्वीकार करते हुए उसे हिन्दूओं के पक्ष को देने वाले फैसले के दूरगामी परिणाम हैं। इसीलिए चार साल बाद जब अयोध्या में राम जन्म भूमि पर रामलला का भव्य मंदिर आकार ले रहा है तब इसके उद्घाटन में अनेक गणमान्य व्यक्तियों को विश्व भर से आमंत्रित किया जा रहा है। बाबरी मस्जिद विवाद के बाद हुए, राजनीतिक कशमाकश अब इतिहास में लुप्त हो गए हैं। जहां एक और राम रथ यात्रा के दौरान, लाल कृष्ण आडवाणी, राम की तीर कमान लिये हुए, अनेक राज्यों का दौरा कर रहे थे, तो उसी समय नरेंद मोदी, भाजपा जनरल सेक्रेटरी थे, व उन्होंन ही रथयात्रा की पूर्ण तैयारी और संचालन किया था। हालांकि राजीव गांधी सरकार के गृह मंत्री, मरहूम अरुण नेहरू ने मंदिर के ताले खुलवाने का कार्य किया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कैबिनेट की बैठक में, अन्य निर्णयों के साथ एक महत्वपूर्ण निर्णय; 'अयोध्या तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद' के गठन का किया है। इस 'तीर्थक्षेत्र विकास परिषद' के गठन के साथ न केवल अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य संपन्न हुआ है, बल्कि पूरे अयोध्या परिक्षेत्र को एक तीर्थक्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस मौके पर नरेंद मोदी ने कहा, 'अयोध्या नगरी एक नये युग की ओर जा रही है। पूरी दुनिया आज रामनगरी की ओर आकर्षित हो रही है'। ऐसा माना जाता है कि 1525 में राम जन्मभूमि मंदिर को बाबर के सेनापति 'मीर बांकी' ने ध्वस्त करवाया था। बाबरी मस्जिद के तीन गुंबद थे जिसके बाहरी हिस्से में एक चबूतरे में श्रीराम के बाल स्वरूप की पूजा होती थी। इसे 'राम चबूतरा' कहते थे। 1949 में बाबरी मस्जिद के मुख्य गुंबद के ठीक नीचे, वही मूर्ति निकली जो सदियों से राम चबूतरे पर विराजमान थी। यह कहना उचित होगा कि जहाँ एक ओर, मुस्लिम समुदाय हज करने, पवित्र स्थान मक्का मदिना जाते हैं, ईसाई समुदाय के लिए, रोम में वैटिकन सिटी है, सिख समुदाय के लिए, अमृतसर का स्वर्ण मंदिर है, उसी प्रकार हिन्दुओं के लिए, राम भगवान का अयोध्या में राम मंदिर, महत्वपूर्ण तीर्थ स्थान होगा।

यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया थी। जहां अटल बिहारी वाजपेयी तो बाबरी मस्जिद ध्वस्त होने पर, निराश और व्याकुल हुए, वहीं दूर से, लाल कृष्ण आडवाणी, उमा भारती, अशोक सिंघल व अनेक कारसेवक खुशी से नाच रहे थे। अब अयोध्या में राम मंदिर के लिए हुए आंदोलन का नेतृत्व करने वाले, बीजेपी नेता लालकृष्ण आडवाणी, 97 वर्ष और मुरली मनोहर जोशी, 91 वर्ष के हो गए हैं। राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए, राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव, चंपत राय ने



मीडिया से कहा, 'दोनों नेता परिवार के बड़े हैं, परन्तु उनकी उम्र को देखते हुए, उनसे समारोह में न आने के लिए कहा गया है, जिसे दोनों ने स्वीकार भी कर लिया है'। क्योंकि राम मंदिर के उद्घाटन को अत्यंत भव्य स्तर पर किया जा रहा है; ये स्वाभाविक भी है कि, आडवाणी व जोशी के स्वास्थ्य के कारण उनकी देखरेख करना प्रशासन के लिए मुश्किल होगा। वे बाद में भी अयोध्या जा सकते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि जब से अयोध्या में 'रामलला टेंट से बाहर' आये हैं वहां जानेवाले दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ी है।

लंबे समय तक अयोध्या एक उपेक्षित कस्बे के रूप में ही रहा, जहां राम जन्मभूमि विवादों में रही। वैसे भी अयोध्या कोई बड़ा शहर नहीं बल्कि फैज़ाबाद का एक कस्बा है। भारत के अन्य तीर्थक्षेत्रों जैसी इसकी महत्ता ज़रूर है, लेकिन आर्थिक रूप से यह एक विपन्न शहर था। अभी पुलिस प्रशासन की भारी मौजूदगी के कारण लोगों का अयोध्या जाना लगभग बंद है। सिर्फ आसपास के स्थानीय लोग ही हनुमानगढ़ी जाते हैं। जहां तीर्थयात्री आयें तो वहां संपन्नता आयेगी ! 2017 तक कमोबेश यही स्थिति बनी रही। उत्तर प्रदेश में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद कुछ हुआ या न हुआ, मगर एक नगर के रूप में अयोध्या का वनवास खत्म हो गया। योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने, जिनके दादागुरु महंत दिग्विजय नाथ ने ही 1949 में बाबरी मस्जिद के भीतर रामलला विराजमान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अयोध्या का राम जन्मभूमि मंदिर मात्र राजनीतिक या धार्मिक आस्था का ही विषय नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में प्रदेश सरकार की ओर से हर प्रकार की मांग को पूरा किया गया है; बल्कि अयोध्या के विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। अयोध्या में दीपावली से एक दिन पहले 'भव्य दीपोत्सव' की शुरुआत अयोध्या का प्रमुख आकर्षण बन गया है। घरेलू हों या वैश्विक पर्यटक, अब बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश आते हैं। इसका कारण यहां के धार्मिक स्थल हैं जिसमें काशी, प्रयाग, मथुरा व वृन्दावन आनेवाले पर्यटक हैं। इसके अलावा आगरा का ताजमहल भी पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र है। अब 'राम की पैड़ी' व उन मंदिरों का रंग रोगन कराया गया जिन पर दशकों से बदरंग होने की उदासी छायी हुई थी। कोरिया की महारानी, 'किम जुंग शुक' भी बतौर अतिथि यहां आ चुकी हैं, जिनके बारे में कहा जाता है कि उस राजघराने की पहली महारानी अयोध्या की राजकुमारी थीं। इस समय अयोध्या में 3,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। अयोध्या कैण्ट (पूर्व फैज़ाबाद) से लता मंगेशकर चौक तक के रामपथ की साज-सज्जा की जा रही है। इसके बाद भक्ति पथ और राम जन्मभूमि पथ को भी न सिर्फ चौड़ा किया गया है बल्कि उन्हें आधुनिक शहर की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, सड़कों और चौक-चौराहों को भव्य बनाने के साथ ही 'राम की पैड़ी' को भी नये तरह से सजाया संवारा गया है। आसपास की 8 झीलों का सुन्दरीकरण, चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग का सुन्दरीकरण, सूर्यकुण्ड के सूर्य मंदिर का विकास, गुप्तार घाट के सौंदर्यकरण के साथ ही, अयोध्या के सभी मंदिरों के आसपास यात्री सुविधाओं का विकास शामिल है। नव्य अयोध्या, मंदिर स्थापत्य संग्रहालय, पंच सितारा होटल आदि का विकास, लंबी अवधि में होगा। 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के प्रथम चरण के पूरा होने के साथ ही हिंदू धर्म के भावों को व्यावहारिकता प्राप्त होगी। राम मंदिर के नाम पर राजनीतिक बंटवारा नहीं होना चाहिये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य नायक हैं। इतिहासकार राम मंदिर के उद्घाटन को 'एक नए युग का आरंभ' मान रहें हैं। यह सभी के लिए अभिमान हैं।

(लेखक वरिष्ठ टीवी पत्रकार, राजनैतिक समीक्षक, सॉलिसिटर फॉर ह्यूमन राइट्स संरक्षण व परोपकारक, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## जानिए कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित

दर्शन

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा। *-श्री श्री रविशंकर*

## मृत्यु टाले नहीं टलती



संकलित

प्रेरणा

भगवान विष्णु गरुड़ पर बैठ कर कैलाश पर्वत पर गए। द्वार पर गरुड़ को छोड़ कर खुद शिव से मिलने अंदर चले गए। तब कैलाश की अपूर्व प्राकृतिक शोभा को देख कर गरुड़ मंत्रमुग्ध थे कि तभी उनकी नजर एक खूबसूरत छोटी-सी चिड़िया पर पड़ी। चिड़िया कुछ इतनी सुंदर थी कि गरुड़ के सारे विचार उसकी तरफ आकर्षित होने लगे। उसी समय कैलाश पर यम देव पधारे और अंदर जाने से पहले उन्होंने उस छोटे से पक्षी को आश्चर्य की दृष्टि से देखा। गरुड़ समझ गए उस चिड़िया का अंत निकट है और यमदेव कैलाश से निकलते ही उसे अपने साथ यमलोक ले जाएंगे। गरूड़ को दया आ गई। इतनी छोटी और सुंदर चिड़िया को मरता हुआ नहीं देख सकते थे। उसे अपने पंजों में दबाया और कैलाश से हजारों कोस दूर एक जंगल में एक चट्टान के ऊपर छोड़ दिया, और खुद वापिस कैलाश पर आ गए। आखिर जब यम बाहर आए तो गरुड़ ने पूछ ही लिया कि उन्होंने उस चिड़िया को इतनी आश्चर्य भरी नजर से क्यों देखा था। यम देव बोलेः गरुड़ जब मैंने उस चिड़िया को देखा तो मुझे ज्ञात हुआ कि वो चिड़िया कुछ ही पल बाद यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा खा ली जाएगी। मैं सोच रहा था कि वो इतनी जल्दी इतनी दूर कैसे जाएगी, पर अब जब वो यहां नहीं है तो निश्चित ही वो मर चुकी होगी। गरुड़ समझ गए मृत्यु टाले नहीं टलती चाहे कितनी भी चतुराई की जाए।

सटाका




आज की पाती

### साइबर अपराध रोकने के लिए उठाएं सख्त कदम

हाल ही में वित्त मंत्रालय ने सभी छोटे-बड़े प्राइवेट बैंकों को यह सुझाव दिया है कि सभी साइबर सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएं। इसके लिए सभी बैंकों को 24 गुणा 7 हेल्पलाइन अपने उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवानी चाहिए और सभी फोन नंबर जो हेल्पलाइन के लिए उपलब्ध करवाए जाएं, वो भी हर वक्त दुरुस्त रहें और फ्री रहें। एसबीआई क्रेडिट कार्ड ने अपना हेल्पलाइन नंबर मुफ्त सुविधा से वंचित रखा है। यहां कॉल करने के लिए एक मिनट के लिए लगभग 2 रुपए पड़ते हैं। हमारा देश डिजिटल लेन-देन की ओर कदम तो बढ़ा चुका है, लेकिन कुछ साइबर चोर इसकी राह में ठगी करके बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। देश में दिन-प्रतिदिन साइबर ठगी की खबरें पढ़ने और सुनने को मिल रही हैं।

*- महेंद्र दीवान, राजनांदगांव*

ट्रेंड

### प्रभावशाली आवाज



2023 को यादगार बनाते हैं। इस वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में प्रभावशाली जी20 का नेतृत्व किया और एक ऐसे भविष्य के लिए मंच तैयार किया जहां भारत वैश्विक दक्षिण की प्रभावशाली आवाज के रूप में उभरेगा।

-स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री

### युवाओं की पीड़ा



अस्थायी भर्ती के लिए लाई गई अग्निवीर योजना की आड़ में सेना एवं एयरफोर्स की 'स्थायी भर्ती प्रक्रिया' को रद्द कर सरकार ने युवाओं की मेहनत पर पानी फेर दिया। इन छात्रों की पीड़ा शायद मुख्यधारा में जगह न बना सके।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### राम सेतु की प्राण प्रतिष्ठा



मेरे पिछले ट्वीट के लाखों रीट्वीट में से कई लोगों ने मुझसे भगवान श्री राम द्वारा राम सेतु प्राण प्रतिष्ठा पूजा करने का उल्लेख करने के लिए कहा है। यह कितने लोग जानते हैं?

-सुब्रमण्यम स्वामी, भाजपा नेता

### बहुत शानदार, लाजवाब



अभिनव बिन्द्रा शूटिंग रेंज हॉल में यह मुझे प्रेरित करने के लिए पर्याप्त था जब मैंने अपनी तीसरी कोशिश में बुल्सआई मारा। मुझे ऐसा लग रहा था कि कुछ भी हो सकता है। वहां पूर्वी चंदेला ने मुझे खासकर बहुत प्रभावित किया। वो बहुत शानदार, लाजवाब हैं। जय हो।

-अनुपम खेर, अभिनेता

अपने विचार


हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

करंट अफेयर

## भारत-रूस संबंध तेजी से आगे बढ़ रहे हैं : पुतिन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि दुनिया में 'वर्तमान उथल-पुथल' के बावजूद रूस के भारत और उसके लोगों के साथ संबंध 'लगातार आगे' बढ़ रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत में अगले आम चुनाव के बाद भले 'कोई भी राजनीतिक समीकरण' बने लेकिन दोनों देश अपने पारंपरिक मैत्रीपूर्ण संबंधों को बनाए रखेंगे। पुतिन ने यह टिप्पणी बुधवार को तब की जब विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने क्रेमलिन में उनसे मुलाकात की। पुतिन ने कहा, ''हमें यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि दुनिया में मौजूदा उथल-पुथल के बावजूद, एशिया में हमारे पारंपरिक दोस्तों, भारत और भारतीयों के साथ संबंध लगातार आगे बढ़ रहे हैं।''




यूक्रेन के खिलाफ रूस की सैन्य कार्रवाई के बावजूद भारत और रूस के बीच संबंध मजबूत बने हुए हैं। भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा नहीं की है और वह कहता रहा है कि संकट को कूटनीति और बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। पुतिन ने कहा, 'हम प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी के रुख को जानते हैं और हम यूक्रेन की स्थिति, उनकी चिंताओं और जटिल प्रक्रिया के संबंध के बारे में लगातार बातचीत की है।' रूसी राष्ट्रपति ने कहा, मैंने उन्हें इस संघर्ष की स्थिति के बारे में बार-बार सूचित किया है।

ऑफ बीट

## त्वचा विज्ञान की दृष्टि से टैटू क्या है

तो आप अपनी टैटू वाली त्वचा की देखभाल कैसे करते हैं? यहां आपको सनबर्न, पसीना और रंग फीका पड़ने के बारे में जानने की जरूरत है।



त्वचाविज्ञान की दृष्टि से टैटू क्या है? टैटू की स्याही त्वचा की परत जिसे डर्मिस कहा जाता है, में जमा होती है। इस परत में पसीना और तेल ग्रंथियां, रक्त आपूर्ति, प्रतिरक्षा कोशिकाएं, त्वचा की संरचनाओं का समर्थन करने के लिए कोलेजन और फाइब्रोब्लास्ट होते हैं, जो कोलेजन का उत्पादन करते हैं। फ़ाइब्रोब्लास्ट स्याही के कणों को ग्रहण करते हैं, जैसे कि त्वचा ऊतक में प्रतिरक्षा कोशिकाएं जिन्हें मैक्रोफेज कहा जाता है। स्याही के कण कोलेजन के बंडलों के अंदर भी चिपक जाते हैं। इन तीन तंत्रों के बीच, डर्मिस टैटू स्याही को इतनी अच्छी तरह से पकड़ता है कि उन्हें 5,300 साल पुरानी हिम ममी ओत्ज़ी पर भी देखा जा सकता है। अगर मैं धूप से झुलस गया हूँ तो क्या मैं टैटू बनवा सकता हूँ? नहीं, और कई टैटू बनाने वाले ऐसा नहीं करेंगे। सनबर्न के दौरान, आपकी त्वचा अतिरिक्त प्रतिरक्षा कोशिकाओं और तरल पदार्थ को उन कोशिकाओं को मारने और तोड़ने के लिए सक्रिय करती है जिनमें बहुत अधिक यूवी क्षति होती है। यह प्रदाह टैटू की स्याही के जमाव को प्रभावित कर सकता है।

काउंटर मामला दर्ज, प्रबंधक और कर्मचारियों पर लगाया जबरन घर में घुसने और गाली-गलौज करने का आरोप

# गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित नारियलखेड़ा में विद्युत मीटर चेक करने पहुंचे असिस्टेंट इंजीनियर के साथ की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित नारियलखेड़ा में विद्युत मीटर चेक करने पहुंचे असिस्टेंट इंजीनियर और कर्मचारियों से मारपीट और झूमाझटकी का मामला सामने आया है। उक्त मामले में पुलिस ने प्रबंधक की शिकायत पर शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है, जबकि विद्युत मीटर मालिक की शिकायत पर प्रबंधक और सहकर्मियों पर गाली-गलौज, अभद्रता और घर में जबरन घुसने का प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार 34 साल के मिर्जा जावेद बेग, छोला जोन मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में असिस्टेंट इंजीनियर हैं और छोला जोन में पदस्थ हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उच्च कार्यालय के आदेशानुसार बुधवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे वह नारियलखेड़ा निवासी राहुल ठाकुर के घर बिजली मीटर चेक करने गए थे।

इस दौरान उनके साथ टीम में मंगनी बाई, शेख नसीम एवं सुरक्षागार्ड परवेज खान था। राहुल के घर पहुंचकर मीटर की जांच की गई तो विद्युत मीटर का ढक्कन तोड़कर दो तार अलग से जोड़े गए थे। इन्हीं तार के माध्यम से बिजली चोरी हो रही थी। मिर्जा जावेद ने बिजली का बिल मांगा तो वह भड़क गया और गाली गलौच करने लगा। राहुल की आवाज सुनकर उनके पिता अवध नारायण एवं राहुल के भाई निक्की ठाकुर भी पहुंच गए और उन्होंने झूमा-झटकी करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव में सुरक्षागार्ड परवेज खान ने बीच बचाव किया तो राहुल के भाई निक्की ठाकुर और पिता अवधनारायण ने उससे भी मारपीट की है।

इसी प्रकार राहुल सिंह ठाकुर ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह हाऊसिंग बार्ड कॉलोनी नारियलखेड़ा में रहता है और प्राइवेट काम करता है। उसके मकान का काम चल रहा है। बुधवार सुबह उनकी अनुमति लिए बिना सुबह करीब साढ़े 11 बजे बिजली विभाग के ए-ई (असिस्टेंट इंजीनियर) मिर्जा जावेद बेग तथा एक उसका सहयोगी प्राइवेट व्यक्ति परवेज उनके घर में जबरन घुस गए। उन्होंने परिवार की महिलाओं के साथ गाली-गलौज की है। राहुल का आरोप है कि इंजीनियर का विरोध करने पर उसने और कर्मचारी ने उनके साथ झूमाझटकी भी की है।

ईओडब्ल्यू ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई कर प्रकरण दर्ज किया

# बैंक मैनेजर और ग्रामीण विस्तार अधिकारी ने केसीसी खाते से स्थानांतरित किए 12 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैंक मैनेजर तथा ग्रामीण विस्तार अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर व आईडी से निकाली राशि



6 खातों की लोन राशि ओम रिकवरी एजेंसी व अन्य व्यक्ति के खाते में की स्थानांतरित

किसानों के केसीसी खाते में धोखाधड़ी करने वाले बैंक मैनेजर तथा ग्रामीण विकास अधिकारी के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने प्रकरण दर्ज किया है। मिलीभगत कर केसीसी खाते में आई रकम को रिकवरी एजेंट व अन्य खाते में स्थानांतरित की गई थी।

पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू जबलपुर आरडी भारद्वाज ने बताया कि साल 2018 में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मंडला जिले स्थित पड़ाव शाखा में 201 केसीसी खाते खोले गए थे। इसमें से 6 खातों की लोन राशि ओम रिकवरी एजेंसी व अन्य व्यक्ति के खाते में पूर्ण व आंशिक रूप से स्थानांतरित कर दी गई। इस प्रकार किसानों के 6 खातों से लगभग 12 लाख रुपए की राशि दूसरे खाते में स्थानांतरित की गई थी। ईओडब्ल्यू ने जांच में पाया कि केसीसी खातों के नवीनीकरण एवं खातों को एनपीए होने से बचाने के लिए कुछ किसानों को केसीसी लोन स्वीकृत किया गया था। बैंक मैनेजर अमित जैन तथा ग्रामीण विस्तार अधिकारी अखिलेश मरावी के संयुक्त हस्ताक्षर तथा आईडी से लोन की राशि रिकवरी एजेंट व अन्य के खाते में स्थानांतरित की गई थी। लोकायुक्त ने दोनों अधिकारी सहित अन्य के खिलाफ धारा 420, 409, 120 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में 4 खिलाड़ी का चयन

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर से चार हॉकी खिलाड़ियो का चयन राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए किया गया है। हॉकी प्रशिक्षक प्रह्लाद राठौर ने बताया कि 67वीं राष्ट्रीय शालेय अंडर 14 हॉकी प्रतियोगिता 28 दिसंबर से 1 जनवरी 2024 ग्वालियर में भाग आयोजित होगी। इसमें 18 सदस्यी मध्यप्रदेश बालिका टीम में हॉकी फीडर सेंटर मंडीदीप की कु. महक मालवीय, आरती कोंदल, वर्षा डिंडोरे एंव बालक टीम में खालिद खान का चयन किया हुआ है।

### दीनदयाल चलित रसोई गाड़ी को दिखाई हरी झंडी



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में नगर पालिका द्वारा मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदर लाल पटवा की पुण्यतिथि के अवसर पर दीनदयाल चलित रसोई की गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर उपाध्याय, नपा अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष पुष्पा प्रेमषंकर साहु, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों मौजूद थे। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि गरीब भाई-बहनों को अब 5 में भरपेट भोजन दिया जाएगा। चलित रसोई गाड़ी हर जगह घूमती रहेगी।

### संगीतमयी रंगारंग की प्रस्तुति कल

**संतनगर।** मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग ग्रुप द्वारा संगीतमयी 15वीं प्रस्तुति सरदार वल्लभ भाई पटेल पॉलिटेक्निक ऑटोडरियम भोपाल में 30 दिसंबर को शाम 4 बजे आयोजित की गई है। सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट के सचिव रामचंद्र सभनानी व ग्रुप के संचालक विवेक नगरूरकर ने बताया कि गुरु संगीत के क्षेत्र में भी दी जा रही सेवाओं का विस्तार करने जा रहा है, जिससे संगीत क्षेत्र में प्रयासरत, प्रतिभावान, लगनशील तथा समर्पित गायकों को एक मंच मिल सके।

### हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष का निधन

**औबेदुल्लागंज।** हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष राधे कृष्णा नेमा का बुधवार रात 10 बजे निधन हो गया। वे पूर्व हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष जितेंद्र नेमा, भाजपा नेता गुलवी नेमा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार औबेदुल्लागंज श्मशान घाट पर उनके बेटों ने किया। इस दौरान डॉक्टर नंदू नागर, अशोक जायसवाल, अशोक शर्मा, सुरजीत सिंह गिल, वागीश अग्रवाल, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक, रमेश वासवानी, मनोज चौरसिया, सोनू राय, पप्पू कमल, विजय जैन, केटी नंदू शर्मा आदि ने दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी।



पीएचक्यू की छटनी समिति की रिपोर्ट पर एडहॉक प्रमोशन

# 465 सब इंस्पेक्टर बनेंगे कार्यवाहक इंस्पेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

5 महीने के लंबे अंतराल के बाद आखिरकार पुलिस मुख्यालय ने कार्यवाहक के तौर पर प्रमोशन देने पर फैसला कर लिया है। पुलिस मुख्यालय की छटनी समिति की रिपोर्ट पर 465 सब इंस्पेक्टर को कार्यवाहक इंस्पेक्टर बनाया जाएगा। पुलिस मुख्यालय ने संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

हालांकि पुलिस अफसर के साथ पहली बैठक में ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिसकर्मियों के प्रमोशन के संबंध में निर्देश दिए थे। सीएम ने प्रमोशन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने के आदेश डीजीपी को दिए थे। इसके बाद समिति की रिपोर्ट के आधार पर एडहाक प्रमोशन दिया गया है। खास बात है कि सब इंस्पेक्टर को कार्यवाहक इंस्पेक्टर की जिम्मेदारी निभाने के लिए मात्र 18 महीने का समय दिया गया है। 465 में समिति ने उन्हें जगह दी है जो काफी लंबे समय से प्रमोशन के इंतजार में थे और सीनियर हो चुके थे। ऐसे पुलिसकर्मियों की 50 साल उम्र पूरी होने के बाद उन्हें प्रमोशन के दायरे में रखा गया है। पुलिस मुख्यालय ने जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं यदि सूची में शामिल किसी भी पुलिसकर्मी के खिलाफ विभाग की जांच या फिर सजा का मामला है तो इसके बारे में सूचना दी जाए। जिससे की सूची से प्रमोशन के दायरे से संबंधित सब इंस्पेक्टर को बाहर किया जाए।

## ट्रेन की चपेट में आने से टेलर की मौत

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ी फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर टेलर की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के पास मिली डायरी के आधार पर उसकी पहचान कर ली गई है। परिजन से संपर्क कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार बरखेड़ी फाटक के पास गुरुवार सुबह किसी व्यक्ति की लाश पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो उसके पास से एक डायरी मिली। डायरी में मिले नंबर के आधार पर उसकी शिनाख्त ठाकुर उर्फ राजू कुशवाह (50) निवासी बरखेड़ी के रूप में कर ली गई। मृतक के परिजन ने बताया कि वह मूलतः रायसेन के रहने वाले हैं। ठाकुर यहां रत्नागिरी में कपड़े की दुकान पर आने वाले सिलाई के ऑर्डर लेते थे और घर पर ही सिलाई करते थे। जांच की जा रही है कि उन्होंने सुसाइड की या फिर वह ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आए हैं।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने थानों के निरीक्षण करने का दिया था निर्देश

# डीजीपी से लेकर एसपी ने रातभर किया प्रदेश के कई थानों का औचक निरीक्षण

डीजीपी सक्सेना रात में औबेदुल्लागंज, बिलखिरिया और टीटी नगर थाने पहुंचे, फिर कमिश्नर ऑफिस में ली बैठक

प्रदेश के सभी आईजी, डीआईजी, एसपी ने रात 12 बजे से 5 के बीच 125 थानों का किया औचक निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस मुख्यालय में बैठक के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को रात में इंस्पेक्शन करने के लिए निर्देश दिए थे। बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात डीजीपी से लेकर एसपी तक के समस्त पुलिस अधिकारियों ने मध्य प्रदेश के थानों का एक साथ औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान बीती रात पूरे प्रदेश में आईजी से लेकर एसपी तक के समस्त पुलिस अधिकारियों ने अपने कार्यक्षेत्र के सवा सौ से अधिक थानों का औचक निरीक्षण किया। डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना ने रात एक बजे औबेदुल्लागंज, ढाई बजे बिलखिरिया और सुबह चार बजे टीटी नगर थाने के औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। टीटी नगर थाने में डीजीपी सक्सेना ने भोपाल पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों की बैठक भी ली। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर का गहनता से अवलोकन कर बड़ी संख्या में खड़े वाहनों को देखकर निराकरण के आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने थानों में लॉकअप, महिला सुरक्षा डेस्क तथा सीसीटीएनएस कार्य का निरीक्षण किया और मालखाने में अनावश्यक रूप से पड़े सामान के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। डीजीपी ने वारंट रजिस्टर का अवलोकन कर समन तथा वारंटों की तामीली की । समीक्षा कर तामीली में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने औबेदुल्लागंज और बिलखिरिया थाने के विभिन्न ग्रामों की विलेज क्राइम नोटबुक का अवलोकन किया तथा ग्रामीण अंचलों की आपराधिक स्थिति की जानकारी प्राप्त की और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

### खुद कंप्यूटर चेक किया और आईसीजेएस की समीक्षा की



डीजीपी ने रात एक बजे औबेदुल्लागंज थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने औबेदुल्लागंज थाने में समन वारंट की तामीली की समीक्षा की और वारंट रजिस्टर के उचित संधारण के निर्देश दिए। इस संबंध में थाने की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। यहां डीजीपी सक्सेना ने स्वयं कम्प्यूटर का संचालन कर आईसीजेएस की समीक्षा की। यहां उन्होंने मालखाने का भी अवलोकन किया। उन्होंने थानों की केस डायरी की समीक्षा की एवं एसडीओपी द्वारा विवेचना किए जा रहे प्रकरणों की समीक्षा कर सुधार के निर्देश दिए।

### *इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर के लिए जल्द पूरी करें प्रमोशन की प्रक्रिया*

*डीजीपी ने चार बजे भोपाल के टीटी नगर थाने के औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। इस दौरान डीजीपी सक्सेना ने भोपाल पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों की बैठक ली और कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिस बल की कमी की समीक्षा की और उपलब्ध बल के प्रभावी उपयोग के संबंध में निर्देश दिए। हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा प्रमोशन के संबंध में दिए गए निर्देशों के पालन के लिए डीजीपी ने पुलिस कमिश्नर, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर, डिप्टी पुलिस कमिश्नर से कहा कि शीघ्र प्रमोशन संबंधी कार्रवाई की जाए ताकि इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर, कर्मचारियों की पूर्ति हो सके। इस दौरान कमिश्नरेट के सहायक पुलिस आयुक्तों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की।*



## मायरा ने जीती सिंधी कविता प्रतियोगिता

**संतनगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल की छात्रा मायरा तेजवानी कक्षा केजी-2 ने 7जी इंटरनेशनल सिंधी कविता प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें तृतीय स्थान पर रहकर स्मार्ट वाच पुरस्कार प्राप्त किया।

शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने छात्रा मायरा तेजवानी को बधाइयां दी। उन्होंने कहा कि इस छोटी बच्ची ने सिंधियत की शान बढ़ाई है। इसके बाद विद्यालय की प्राचार्या सुतापा जॉयसवाल, उपप्राचार्या स्वाति कलवानी, पीआरओ दीपा आहूजा आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इन विद्यार्थियों को बधाइयां देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित आदर्श नगर झुग्गी में बुधवार शाम एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पांच महीने पूर्व ही उसकी शादी हुई थी। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। एएसआई बद्रीप्रसाद ने बताया कि आदर्श नगर, झुग्गी निवासी प्रमोद ठाकुर की शादी पांच महीने पहले ही छत्तीसगढ़ निवासी सोनी क्षत्रिय से हुई थी।

सोनी छत्रिय गृहणी थी और प्रमोद ठाकुर मजदूरी करता है। बुधवार को प्रमोद मजदूरी पर गया था। शाम को वह घर लौटा तो उसने पत्नी को फांसी के फंदे पर लटके देखा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस को निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। साथ ही परिजन से प्रारंभिक पूछताछ में आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कनेरा और अगरिया गांव पहुंची, विधायक खत्री ने किया आभार व्यक्त



**बैरसिया।** शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों को जोड़ने के लिए केंद्र सरकार द्वारा निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने जनता का आभार व्यक्त किया। गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कनेरा और अगरिया गांव पहुंची। इस दौरान विधायक विष्णु खत्री ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ-साथ मैं आप सभी का आभार व्यक्त करने भी आया हूं। आपने जो अपार स्नेह और आशीर्वाद मुझे दिया है। मैं जीवन भर इस स्नेह और आशीर्वाद का ऋणी रहूंगा। उन्हने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण क्षेत्र की उन छोटी-छोटी समस्याओं को चिन्हित किया, जिसने आम आदमी के जीवन स्तर में सुधार होता है।



## बोरवन पार्क की बाउंड्री बनने से अब नहीं घुस पाएंगे आवारा मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

पं. दीनदयाल उपवन (बोरवन पार्क) में सौंदर्य के साथ सुरक्षा की दृष्टि से निरंतर विकास जारी है। जहां पहले पालतू तथा आवारा मवेशी पार्क के सौन्दर्य को नुकसान पहुंचाते थे, अब बाउंड्री बनने से अब पार्क में मवेशी नहीं घुस पाएंगे।

बोरवन क्लब के अध्यक्ष जगदीश आसवानी ने बताया की कुछ समय पूर्व विधायक रामेश्वर शर्मा को इस समस्या से अवगत करवाया था, इसके परिणाम स्वरूप बाउंड्री वॉल सहित अन्य विकास कार्य हो रहे हैं। प्रदेश में नवीन सरकार गठन के बाद विकास की गंगा फिर से बहने लगी है। क्लब के अध्यक्ष जगदीश आसवानी, शेट्टी चंदनानी, सुरेश गेहानी, सुनील दादलानी, रवि नारायण सतानी, दिनेश सोनी सहित अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने मुख्यमंत्री व स्थानीय विधायक रामेश्वर शर्मा का आभार व्यक्त किया है।



## संस्कार स्कूल के इनडोर खेल मैदान का किया भूमिपूजन

**संतनगर।** संस्कार विद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान रखते हुए विद्यालय के भवन निर्माण में विस्तार करते हुए विद्यालय में कमरों एवं इनडोर खेल मैदान का निर्माण कार्य शुरू किया गया, जिसका पूजन गुरुवार को पंडित जय महाराज द्वारा किया गया। अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कहा कि ये सारा काम रामजी कृपा से हो रहा है। इसलिए आज छोटे रूप में राम धुनी लगाई। इस अवसर पर संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि संस्कार विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों को न्यूनतम शुल्क पर अधिक से अधिक सुविधाएं देने के लिए प्रयास करता रहा है।

विधायक पटवा के निवास पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

# पूर्व सीएम स्व. सुंदरलाल पटवा की सातवीं पुण्यतिथि पर किया सुंदरकांड का पाठ, वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुन्दर लाल पटवा की पुण्यतिथि पर गुरुवार को विधायक सुरेंद्र पटवा के निवास पर सुंदरकाण्ड का पाठ किया गया। इस मौके पर मध्यप्रदेश के विकास में दिए गए उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। स्व. सुंदरलाल पटवा की सातवीं पुण्यतिथि पर वरिष्ठ नेता, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, नरेंद्र शिवाजी पटेल, पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

औबेदुल्लागंज क्षेत्र के कन्हैया नंदवंशी, पंकज कोठारी, डॉ भूपेंद्र नागर, दीपू परमार, बागिश अग्रवाल, नंदू शर्मा, पवनजोत सिंह, भूपेंद्र नंदवंशी, लोकेश परमार, जीतू नंदवंशी, रविंद्र विजय, सोनू चौकसे, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा, रामकिशोर चौहान तामोट, हेमराज चौहान तामोट, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, बाबूलाल चौहान, कोमल चौहान, नीरज चावला, सुजीत यादव, विक्रम धाड़ी, नरेश सेठी, आमिर ममनून, बच्चन लोधी, रवि शंकर राय, माखन सेन, राजेंद्र गुड्डू साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती यादव, माया राय, रेखा कपूर, सपना रैकवार आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



### स्व. पटवा की पुण्यतिथि को सेवा दिवस के रूप मनाया, किए श्रद्धासुमन अर्पित



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री सुन्दरलाल पटवा की पुण्यतिथि को सेवा दिवस के रूप मनाया गया। इस अवसर पर नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भोपाल स्थित पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुन्दरलाल पटवा के बंगले पर पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष अरविन्द्र जैन, सेवा समिति अध्यक्ष जीवनसिंह पाल, मंडल कोषाध्यक्ष विनोद जैन ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री सुंदरलाल पटवा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

भगवान जिनेंद्र स्वामी का जलाभिषेक कर शांतिधारा की

## जिनालय में मनाया मल्लिनाथ स्वामी का ज्ञान कल्याणक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर के श्री नेमीनाथ दिगंबर जैन मंदिर में गुरुवार को भगवान मल्लिनाथ स्वामी का ज्ञान कल्याणक धूमधाम से मनाया गया। जैन अनुयायियों ने भगवान जिनेंद्र स्वामी का मंगल जलाभिषेक कर शांतिधारा की। उसके बाद मंगल आरती की गई। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप व उपाध्यक्ष सत्येन्द्र जैन ने बताया कि भगवान मल्लिनाथ जैन धर्म के 19वें तीर्थंकर है। जैन धर्म भारत के प्राचीन धर्मों से एक हैं। मल्लिनाथ का जन्म मिथिलापुरी के इक्ष्वाकु वंश में मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष एकादशी को अश्विन नक्षत्र में हुआ था।

प्राण प्रतिष्ठा से पहले योगी का बड़ा फैसला

# अब अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में नहीं बिकेगी शराब

## आबकारी मंत्री का ऐलान- परिक्रमा मार्ग में लगी दुकानें जल्द हटाई जाएंगी

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या से बड़ी खबर आई है। गुरुवार को उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री



नितिन अग्रवाल ने ऐलान किया कि अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में शराब नहीं मिलेगी। इस इलाके में शराब बिक्री को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाएगा। 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र से सभी शराब की दुकानें हटाई जाएंगी। नितिन अग्रवाल राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से मुलाकात करने अयोध्या आए हैं। उन्होंने बताया कि श्रीराम मंदिर क्षेत्र में पहले ही शराबबंदी लागू हो चुकी है। अब 84 कोस क्षेत्र में भी शराब नहीं बिक पाएगी। इसके लिए जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं।

### पीएम के दौरे के संबंध में लिया जायजा

हाल ही में अयोध्या आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शराब बिक्री पर रोक लगाने के संकेत दिए थे। पीएम नरेंद्र मोदी के 30 दिसंबर के दौरे पर उनके भव्य स्वागत की तैयारी चल रही है। देशी-विदेशी फूलों और तोरणद्वारों से अयोध्या को सजाया जा रहा है। इसके लिए अयोध्या व आसपास के जिलों के अलावा पश्चिम बंगाल, मथुरा व सीतापुर के 700-800 कारीगर जुटे हैं। वे दिन-रात काम कर रहे हैं।



### इन जिलों से होकर गुजरता है परिक्रमा मार्ग

84 कोसी परिक्रमा पांच जिलों बस्ती, गोंडा, अयोध्या, बाराबंकी और अंबेडकरनगर से होकर गुजरती है। परिक्रमा पथ पर चार नैशनल हाइवे हैं। यह मार्ग एनएच 28, एनएच 27, एनएच 135 , एनएच 330 बीकापुर, इनायतनगर से जुड़ता है। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में 500 से ज्यादा शराब की दुकानें हैं जिन्हें अब हटाया जाएगा।

**एयरपोर्ट का नाम बदला-** वहीं अयोध्या एयरपोर्ट का नाम बदलकर महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा कर दिया गया है।

### 9 किमी की दूरी में बनाए जा रहे 12 प्रवेश द्वार

पीएम मोदी दौरे को लेकर एयरपोर्ट बाईपास से फोरलेन धर्मपथ, साकेत पेट्रोल पंप हनुमानगढ़ी के रास्ते 9 किमी से अधिक दूरी तय करने में दो दर्जन से अधिक तोरणद्वार बनाए जा रहे हैं। यहां रेलिंग व डिवाइडर को फूलों व बुके से सजाया जाएगा। अयोध्या के बालकृष्ण सैनी टीम के साथ काम में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 1,44,000 क्विंटल फूल लगाए जाएंगे। इनमें कोलकाता से गेंदा की लड़ी, कानपुर व दिल्ली से अशोक की पत्ती, दिल्ली व बेंगलुरु से विदेशी फूल आएंगे। इनमें आर्केड, कार्नेसन, टाटा रोज, स्टार, डेली, जरबेरा के साथ ही विक्टोरिया, सन ऑफ इंडिया, पैराग्रास, मनोकोमली, चाइना पत्ती, घोड़ापाम, एरिका पान आदि से सजावट की जाएगी। गेंदा, गुलाब, रजनीगंधा, कनेर, डहेलिया आदि फूल से भी रास्तों को सजाया जाएगा।

**700-800 कारीगर दिन रात कर रहे काम**

सैनी ने बताया कि उनकी टीम के 700-800 कारीगर रात दिन काम में लगे हुए हैं। इसमें मथुरा-वृंदावन के 250, सीतापुर के 250, बंगाल के 150 कारीगर और 75 स्थानीय कारीगर हैं।

---

नागपुर की रैली से सियासी संदेश देना चाह रही कांग्रेस, राज्य की 48 सीटों पर नजर

# आरएसएस के गढ़ से कांग्रेस ने भरी हुंकार विचारधारा की लड़ाई को बनाया आधार

कांग्रेस लगातार दो लोकसभा चुनाव हार चुकी है और हाल ही में पांच राज्यों के चुनाव में उसे दो राज्यों में अपनी सरकार भी गंवानी पड़ी है। कांग्रेस अपने इतिहास में सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। अपना आधार जमाने के लिए महाराष्ट्र को चुना है...

एजेंसी ▶▶ नागपुर

कांग्रेस लोकसभा चुनाव का अभियान नागपुर से गुरुवार को शंखनाद कर दिया है। कांग्रेस का गुरुवार को 139वां स्थापना दिवस था। इस दौरान पार्टी नागपुर में होने वाली विशाल रैली को ऐतिहासिक बनाने में जुटी हुई है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दुर्ग नागपुर में कांग्रेस चुनावी अभियान का आगाज कर आगामी लोकसभा चुनाव का एजेंडा सेट करने का प्लान बनाया है। इस महारैली को राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे संबोधित किया जबकि प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी का दौरा रद्द हो गया है। लोकसभा चुनाव में महज 3 से 4 महीने का ही वक्त बाकी है। कांग्रेस लगातार दो लोकसभा चुनाव हार चुकी है और हाल ही में पांच राज्यों के चुनाव में उसे दो राज्यों में अपनी सरकार भी गंवानी पड़ी है। कांग्रेस अपने इतिहास में सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। पार्टी के तमाम बड़े नेता साथ छोड़कर जा चुके हैं और सियासी आधार भी खिसक गया है।

**139 वां स्थापना दिवस पर आगामी लोकसभा चुनाव का प्लान बनाया**

**सोनिया गांधी और प्रियंका नहीं पहुंचीं**

### कांग्रेस के लिए यह चुनाव करो या मरो... हैं हम तैयार



कांग्रेस के लिए 2024 का लोकसभा चुनाव करो या मरो स्थिति वाला बन गया है। यही वजह है कि भाजपा से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस ने तमाम विपक्षी दलों के साथ मिलकर इंडिया गठबंधन का गठन किया है। कांग्रेस ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ की सत्ता को गंवाने के बाद भाजपा के वैचारिक संगठन आरएसएस के गढ़ से रैली करके 2024 के चुनावी अभियान की शुरुआत करने की स्ट्रेटेजी बनाई है।कांग्रेस यह बताने की कोशिश में है कि वह वैचारिक स्तर पर भाजपा से लड़ने के लिए 'हैं हम तैयार' नारा दिया।

**कांग्रेस का यहां खास फोकस**

उत्तर प्रदेश के बाद सबसे ज्यादा लोकसभा सीटें महाराष्ट्र में आती हैं। यूपी में 80 और उसके बाद महाराष्ट्र में 48 लोकसभा सीटें हैं। कांग्रेस ने महाराष्ट्र में शरद पवार की एनसीपी और उद्धव ठाकरे के शिवसेना के साथ हाथ मिला रखा है। राज्य में मराठा आरक्षण की चुनौती से भाजपा पहले ही जूझ रही है और अब ओबीसी भी जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं।

### कुर्सियों के पीछे लगाया बारकोड

रैली में कुर्सियों के पीछे एक बारकोड लगाया गया है। इस बारकोड के जरिए कांग्रेस समर्थक दान दे सकते हैं। यह जानकारी खुद कांग्रेस पार्टी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए दी है। उस बारकोड को स्कैन कर आप 138 , 1380 , 13800 , 138000 रुपए या उससे अधिक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को दान स्वरूप दे सकते हैं।

### पित्रोदा ने ईवीएम पर उठाए सवाल

कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने ईवीएम पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि



लोकसभा चुनावों से पहले अगर ईवीएम को ठीक नहीं किया गया तो भाजपा 400 से ज्यादा सीटें जीत सकती है। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव भारत के भाग्य का फैसला करने वाला होगा। पित्रोदा ने राम मंदिर को लेकर कहा कि उनकी टिप्पणियों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया।

### पार्टी अपनी विचारधारा से नहीं झुकेगी: खरगे

राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि स्थापना दिवस पर हम सब मिलकर देश को एक संदेश देना चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी अपने विचारधारा से कभी भी नहीं झुकने वाली है और अपने विचारधारा से आगे बढ़ेगी। यही संदेश हम नागपुर से देना चाहते हैं। पवन खेड़ा ने भी कहा कि नागपुर एक ऐतिहासिक जगह है। कांग्रेस की जड़ें यहीं से मजबूत हुईं, यहीं से उत्पन्न हुई और यहीं से आगे बढ़ी।

### कांग्रेस लगा रही भाजपा पर आरोप

महाराष्ट्र पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का कहना है कि वह संघ की जमीन पर रैली करके भाजपा को कड़ा जवाब देंगे। रैली में 247 प्रमुख नेता, अधिकांश सांसदों और 600 में से लगभग 300 विधायकों के शामिल होना बताया है। लाखों लोगों के भी आने की बात कही है। चव्हाण का कहना है कि भाजपा सरकार बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की आत्महत्या सहित तमाम समस्याओं को हल करने और लोगों को राहत देने में विफल रही है। कांग्रेस इस रैली के जरिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को कड़ा मैसेज देना चाहती है। यही वजह है कि रैली के लिए नागपुर को चुना गया है।

### आम चुनाव की थीम और मुद्दों का ऐलान भी किया

कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने कहा, एक संगठन जो नफरत पैदा करता है और फैलाता है, वह नागपुर में स्थित है। कांग्रेस पार्टी यह दिखाएगी कि भारत में नफरत खत्म होनी चाहिए और हमें प्रत्येक भारतीय के लिए प्यार और स्नेह फैलाना चाहिए, यही संदेश है। कांग्रेस ने नागपुर महारैली के लिए तैयार हैं हम स्लोगन भी दिया है।

कांग्रेस की रैली पर भाजपा का पलटवार

### संविधान से खिलवाड़...'कांग्रेस बचाओ-राहुल लाओ'



**देहरादून**। भाजपा ने कांग्रेस की आहूत 'संविधान बचाओ-देश बचाओ' रैली को लेकर पलटवार किया है। भाजपा ने इसे 'कांग्रेस बचाओ-राहुल लाओ' करार देते हुए कहा कि संविधान के साथ बार-बार खिलवाड़ करने वाली कांग्रेस जब संविधान बचाओ का नारा देती है। प्रदेश मीडिया प्रमुख डॉ. देवेंद्र भसीन ने कहा कि कांग्रेस ने विभाजन से लेकर 70 साल तक देश का जो नुकसान किया है। कांग्रेस ने संविधान के साथ खिलवाड़ किया है। आपातकाल और निर्वाचित पूर्ण बहुमत की विपक्षी सरकारों को गिराया।

---

बिहार के सियासी घमासान पर देशभर की नजर

# नीतीश कुमार ने सवाल टाला एनडीए में शामिल होने पर सस्पेंस, ललन ही रहेंगे अध्यक्ष



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में सियासी घमासान मचा है। सीएम नीतीश कुमार के जहां एनडीए में शामिल होने सहित जदयू में टूट के कयास लग रहे हैं। इन अफवाहों के बीच कथित रूप से नाराज चल रहे अपने प्रदेश अध्यक्ष ललन सिंह उर्फ राजीव रंजन से नीतीश ने जदयू की बैठक के बाद ऑल इज वेल का संदेश दिया है।

बिहार के नीतीश ने ललन को जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटाने की खबरों को खारिज कर दिया। गुरुवार को जब यह पूछा गया है कि यह चर्चा है कि आप एनडीए में जा सकते हैं तो इस सवाल को वे टाल गए। नीतीश गुरुवार को दिल्ली पहुंचे। यहां उनसे ललन ने मुलाकात की। दोनों के बीच एक घंटे तक लंबी बातचीत चली। ललन सिंह जहां गुरुवार सुबह तक जदयू के पोस्टरों से गायब थे, वहीं शाम होते तक उनकी तस्वीरें भी पोस्टर में दिखने लगी। ललन सिंह भी मीडिया पर गुस्सा हो गए। ललन सिंह ने साफ कहा कि नीतीश कुमार ही जदयू के सुप्रीम लीडर हैं और जदयू में सबकुछ ठीक है। ललन सिंह ने भी इस्तीफे की खबर को खारिज कर दिया है।

### ये है मामला

पिछले दो दिनों से चर्चा तेज थी कि 28-29 दिसंबर को पार्टी की राष्ट्रीय बैठक (कार्यकारिणी-परिषद) में पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष तय होगा। ललन पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं। पिछले कुछ समय से ऐसी खबरें आ रही थीं कि आरजेडी अब नीतीश को दिल्ली की सियासत में धकेल सूबे की बागडोर तेजस्वी यादव को सौंप देना चाहती है। इन सबके बीच इंडिया गठबंधन की दिल्ली में चौथी बैठक हुई जिसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने प्रधानमंत्री उम्मीदवार के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव रख दिया। इससे भी नीतीश नाराज बताए जा रहे थे कि जेडीयू विधायकों की सीक्रेट मीटिंग की खबरें आने लगीं। ललन की आरजेडी प्रमुख लालू यादव और तेजस्वी यादव के साथ करीबी के भी चर्चे होने लगे।

### आरजेडी से करीबी की चर्चा जोरों पर

*ललन की आरजेडी से करीबी की चर्चा थी। नीतीश के साथ ही जेडीयू के तमाम सांसद-विधायक जहां अपने पुराने गठबंधन में सहयोगी रही पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर सीधा हमला बोलने से बचते नजर आते हैं। ललन संसद के भीतर और बाहर भाजपा को लेकर आक्रामक थे। गठबंधन की बैठक में भी जब ममता ने प्रधानमंत्री पद के लिए खरगे के नाम का प्रस्ताव रखा, तब भी ललन के मौन और नीतीश के साथ पटना लौटने की जगह उस दिन आना जिस दिन लालू और तेजस्वी लौटे, इसे नीतीश के खफा होना माना जा रहा है।*

---

## खबर संक्षेप

### चोर एटीएम समेत 24 लाख रु. लेकर भागे

**जयपुर**। राजस्थान के नागौर जिले में नकाबपोश चोरों ने एक एटीएम



को चुरा लिया। इसमें 24 लाख रुपए थे, जिसे उखाड़ ले गए। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। बदमाशों ने श्रीबालाजी थाना क्षेत्र के जोधियासी गांव के एसबीआई के एटीएम को उखाड़ा।

### संसद सुरक्षा चूकः मांगी पॉलीग्राफ की इजाजत

**नई दिल्ली**। संसद की सुरक्षा में चूक मामले में दिल्ली पुलिस



आरोपियों का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की तैयारी कर रही है। पटियाला हाउस कोर्ट में अर्जी दाखिल की टेस्ट की इजाजत मांगी गई है। 2 जनवरी को कोर्ट सुनवाई करेगा। सभी आरोपी पुलिस की हिरासत में हैं।

### मंडी में 2 बसों में भिड़ंत में चालक की मौत

**मंडी**। किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर पडगल के पास गलत दिशा से



आ रही कार और एचआरटीसी बस में टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक की मौत हो गई। एचआरटीसी बस सरकाघाट से दिल्ली की ओर जा रही थी। पडगल के पास पहुंची तो वहां पर मंडी भराड़ी पुल पर एक कार गलत दिशा में आ रही थी।

---

मुर्मू ने अपनी सहमति दी

# कार्बी युवा महोत्सव:स्वर्ण जयंती में राष्ट्रपति होंगी मुख्य अतिथि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कार्बी युवा महोत्सव के स्वर्ण जयंती पर समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समारोह असम के कार्बी आंगलोंग जिले के तारालांगसो में 12-19 जनवरी तक कार्बी पीपुल्स हॉल, तारालांगसो दीफू में आयोजित किया जाएगा।कार्बी आंगलोंग स्वायत्त परिषद (केएएसी) के मुख्य कार्यकारी सदस्य तुलीराम रोंगहांग ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 17 जनवरी 2024 को कार्बी युवा महोत्सव के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपनी सहमति जताई है।



### शामिल होंगे कई गणमान्य

कार्बी युवा महोत्सव के अवसर पर विभिन्न राज्यों के गणमान्य की उपस्थित जिनमें असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया,मेघालय के राज्यपाल फागू चौहान,नगालैंड के राज्यपाल ला गणेशन,असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा, नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो और मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

---

देश के कई राज्यों में ठंड और कोहरे के संबंध में अलर्ट

# भीषण सर्दी से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सभी स्कूल बंद

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में भीषण ठंड का प्रकोप है। गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में स्कूलों में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। स्कूलों में हर साल 1 जनवरी से 14 जनवरी तक छुट्टियां रहती हैं।

इस बार इसमें 3दिन का इजाफा हो गया है। दोनों ही जिलों में 29 और 30 दिसंबर को स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया है, जबकि 31 को रविवार है। परिषदीय स्कूलों में 31 से 14 जनवरी तक शीत कालीन अवकाश रहेगा। 15 जनवरी से स्कूल अपने निर्धारित समय पर खुलेंगे।



### 22 ट्रेनें ,134 फ्लाइट्स लेट

कोहरे का असर ट्रेनों और विमान के परिचालन पर भी पड़ा है। दिल्ली एयरपोर्ट पर करीब 134 फ्लाइट्स के परिचालन में देरी हुई है। इनमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों ही विमान शामिल हैं। घने कोहरे का असर इसी तरह ट्रेनों पर भी पड़ा है। दिल्ली में करीब 22 ट्रेनें देर से चल रही हैं।

---

मद्रास हाईकोर्ट का फैसला

# मुस्लिमों को चार बीवी रखने की छूट, समान व्यवहार रखें

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास हाई कोर्ट ने कहा है कि भले ही इस्लामिक कानूनों में मुस्लिम शख्स को 4 शादियां करने की अनुमति हो, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि वे अपनी पत्नियों से गैर-बराबरी का व्यवहार करे। उसे समान अधिकार देने होंगे और सभी के साथ अच्छा व्यवहार करना होगा। अगर पति ऐसा नहीं करता है तो उसे क्रूरता समझा जाएगा।

जस्टिस आरएमटी टीका रमन और पीबी बालाजी की पीठ ने फैमिली कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। कोर्ट ने कहा कि पति और उसके परिवार के अन्य सदस्यों ने पहली पत्नी के साथ गलत व्यवहार रखा और उसका उत्पीड़न किया। कोर्ट ने शादी खत्म करने का आदेश दिया है।



### कोर्ट ने उत्पीड़न की बात स्वीकारी

महिला ने बताया था कि उसके पति ने अन्य महिला से शादी कर ली और उसके साथ ही रह रहा है। उसके साथ पति का व्यवहार गलत है और प्रेगनेंसी के दौरान उसका उत्पीड़न हुआ था। महिला ने पति, सास और ननद पर आरोप लगाए थे।

---

सरकार और उल्फा संगठन के बीच आज होगा शांति समझौता

# उल्फा के हजारों काडर आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में जुड़ेंगे

## गृह मंत्री अमित शाह की ऐतिहासिक पहल, पूर्वोत्तर में शांति की पहल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार और उल्फा संगठन के बीच शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में शांति समझौते पर हस्ताक्षर होंगे। यह भारत सरकार के पूर्वोत्तर में शांति प्रयास की दिशा में यह एक बहुत बड़ा कदम है।

उल्फा कई सालों से उत्तर पूर्व में सशस्त्र सुरक्षा बलों के खिलाफ हिंसात्मक संघर्ष कर रहा था। इस शांति समझौते पर हस्ताक्षर के बाद उल्फा के हजारों काडर आत्मसमर्पण करेंगे और मुख्य धारा में शामिल होंगे।

**खास बातें**

- गृहमंत्री शाह के इस कदम से लौटेगी यहां पर शांति
- उल्फा संगठन कई वर्षों से हिंसा में रहा था शामिल

### समझौता ज्ञापन पर आज हस्ताक्षर होंगे



यह समझौता शुक्रवार को नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली में शाह की मौजूदगी में होगा। इस मौके पर भारत सरकार, असम सरकार और यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के प्रतिनिधियों के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। पिछले 1 साल से भारत सरकार इस शांति समझौते पर कार्यरत थी और उल्फा के शीर्ष नेता जिसमें अनूप चेतिया भी शामिल है उसे भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी वार्ता कर रहे थे। शाह की पहल पर यह अहम समझौता हो रहा है।

**दोनों पक्षों के बीच कई दौर की चर्चा पूरी**

शांति समझौते का माहौल बनाने और उसके लिए संगठन को राजी करने के लिए लंबे समय से प्रयास हो रहे थे। इधर, बीते एक हफ्ते से इसको लेकर दिल्ली में संगठन और सरकार के बीच बातचीत हो रही थी। राजखोवा गुट के दो लीडर अनूप चेतिया और शशधर चौधरी नई दिल्ली में सरकारी वार्ताकारों के संपर्क में थे।

### सरकार के लिए यह काफी महत्वपूर्ण मामला

यह समझौता भारत सरकार के लिए बहुत अधिक मायने रखता है और इसका उद्देश्य पूर्वोत्तर राज्य में दीर्घकालिक शांति बहाली का लक्ष्य है।

समझौते के समय असम के मसीएम हिमंत बिस्वा सरमा और उल्फा के वार्ता समर्थक गुट के एक दर्जन से अधिक शीर्ष नेता मौजूद रहेंगे। इस समझौते में लंबे समय से चले आ रहे सभी मुद्दों का ध्यान रखा जाएगा। देश के पूर्वोत्तर राज्यों सक्रिय उग्रवादी संगठन उल्फा का गठन 1979 में हुआ था और इसकी सबसे प्रमुख मांग संप्रभु असम की थी। यह लगातार हिंसक और तोड़फोड़ की गतिविधियों में शामिल रहा। इसे 1990 में प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया गया था।


---

कोरोना के जेएन1. वैरिएंट में बढ़ोतरी

# एक दिन में छह मरीजों की मौत, 702 नए मामले मिले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में कोरोना एक बार फिर से दहशत फैलाने लगा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी है कि देश में एक दिन में कोविड 19 के 702 मामले सामने आए हैं। इस आंकड़े को मिलाकर देश भर में संक्रमण के मामलों की संख्या बढ़कर 4,097 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों को विशेष सतर्क रहने को कहा है। मंत्रालय ने सुबह 8 बजे तक के जो



आंकड़े जारी किये हैं उसके मुताबिक पिछले 24 घंटे की अवधि में 6 मरीजों की मौत हो गई है। इनमें दो महाराष्ट्र से वहीं कर्नाटक, केरल, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में एक-एक मरीज की मौत हो गई है।

### बढ़ती सर्दी के साथ संक्रमितों के मामले बढ़े

इससे पहले 22 दिसंबर को देश में कोविड के सबसे ज्यादा 752 नए मामले दर्ज किए गए थे। हालांकि 5 दिसंबर तक कोविड के रोजाना मामलों की संख्या घटकर घटने लगी थी, लेकिन बढ़ती सर्दी के चलते नए वैरिएंट के संक्रमण के मामले फिर से बढ़ गए हैं। लोगों को सतर्क किया गया है।

*आरोपियों में पुणे का डॉक्टर भी शामिल*

# एनआईए ने प्रतिबंधित आईएसआईएस के लिए काम करने वाले 6 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की

एजेंसी ▶▶| पुणे

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया के खिलाफ शिकंजा कसा है। उसने संगठन के लिए भर्ती और धन जुटाने में शामिल पुणे के डॉक्टर समेत छह लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। एनआईए ने बताया कि महाराष्ट्र आईएसआईएस आतंकी मॉड्यूल मामले में अब तक की जांच में अंतरराष्ट्रीय संबंधों और विदेशी-आधारित आईएसआईएस संचालकों की भागीदारी के साथ एक बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। इसमें भारत के भीतर आईएसआईएस की चरमपंथी और हिंसक विचारधारा का प्रचार करने के लिए प्रतिबद्ध व्यक्तियों के एक जटिल नेटवर्क का भी खुलासा हुआ है। आरोपियों की पहचान मुंबई के ताबिश नासिर सिद्दीकी, जुल्फिकार अली बड़ौदावाला उर्फ लालाभाई, शारजील शेख और बोरीवली-पडघा के आकिफ अतीक नाचन, साथ ही पुणे के जुबैर नूर मोहम्मद शेख उर्फ अबू नुसैबा और डॉ. अदनानअली सरकार के रूप में हुई है। ये सभी प्रतिबंधित आईएसआईएस संगठन के सदस्य हैं और



इन्होने लोगों के बीच डर, आतंक पैदा करने और भारत की सुरक्षा, धर्मनिरपेक्ष लोकाचार, संस्कृति और सरकार की लोकतांत्रिक प्रणाली को खतरे में डालने के इरादे से संगठन की आतंकवादी गतिविधियों को आगे बढ़ाने की साजिश रची थी। इनमें से दो आरोपियों, जुल्फिकार अली बड़ौदावाला और आकिफ अतीक नाचन के खिलाफ पहले भी पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में विस्फोटों को अंजाम देने के लिए IED के निर्माण के आरोप में चार्जशीट दायर की गई थी।

### ये है आरोप

गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहतएनआईए विशेष अदालत, मुंबई के समक्ष चार्जशीट दायर किए गए आरोपी, इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) की हिंसक और चरमपंथी विचारधारा को सक्रिय रूप से प्रचारित करने और संगठन और उसके उद्देश्य में व्यक्तियों की भर्ती के माध्यम से आतंकवादी हिंसा की तैयारी के कार्यों को अंजाम देने में लगे हुए थे। दो आरोपियों ताबिश और जुल्फिकार ने आईएसआईएस के स्वयंभू खलीफा (नेता) के प्रति निष्ठा (बायथ) की शपथ ली थी। एनआईए की मुंबई शाखा को आरोपी के पास आईएसआईएस द्वारा प्रकाशित 'वॉयस ऑफ हिंद' और 'वॉयस ऑफ खुरासान' जैसी प्रचार पत्रिकाओं के साथ-साथ सीरिया में हिजराह से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री भी मिली। इसके अलावा, आरोपी अपने संपर्कों के साथ डीआईवाय (डू इट योरसेल्फ) किट साझा कर रहे थे। एनआईए की जांच के अनुसार, आरोपियों को अपनी आतंकी योजनाओं और डिजाइनों को वित्तपोषित करने के लिए धन जुटाते हुए भी पाया गया।

*भारत आ रहे जहाज को भी बनाया था निशाना*

# हूती विद्रोहियों ने अब पाक जा रहे जहाज पर किया हमला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इजराइल और हमास में जारी जंग के बीच समंदर में हूती विद्रोहियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को एक बार फिर समंदर से गुजर रहे एक जहाज पर ड्रोन से हमला किया है। यह हमला इजराइली शहर इलियट पोर्ट के पास किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, हूती विद्रोहियों ने यह हमला लाल सागर से गुजर रहे एक कंटेनर जहाज पर किया है। हूती विद्रोही समूह के प्रवक्ता याह्या सारेया ने इस ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली है। जहाज सऊदी अरब से पाकिस्तान जा रहा था। हालांकि, इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

जहाज पर मौजूद सभी क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। अभी बीते नवंबर में ही हूती विद्रोहियो ने लाल सागर में एक मालवाहक जहाज को भी हाइजैक कर लिया था।

### स.अरब से आ रहे जहाज पर भी हमला

शनिवार को सऊदी अरब से भारत आ रहे जहाज को ड्रोन से निशाना बनाया गया था। तेल लदा जहाज एमवी केम प्लूटो पर यह हमला अरब सागर में गुजरात के वेरावल से 200 किमी दक्षिण पश्चिम में किया गया था। इस जहाज पर मास्टर सहित 21 भारतीय और एक नेपाली नागरिक भी सवार थे। ड्रोन हमले के बाद जहाज में आग लग गई थी, लेकिन समय रहते आग को बुझा दिया गया था। अमेरिकी रक्षा विभाग ने इस ड्रोन हमले के लिए भी ईरान को जिम्मेदार ठहराया था।

## खबर संक्षेप

### अनीश दयाल सिंह बने सीआरपीएफ के प्रमुख

**नई दिल्ली।** आईटीबीपी प्रमुख अनीश दयाल सिंह अब



सीआरपीएफ के महानिदेशक होंगे। कार्मिक मंत्रालय की तरफ से जारी आदेश में गुरुवार को कहा गया, नीना सिंह को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) प्रमुख को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### जम्मू कश्मीर में ओबीसी आरक्षण शामिल

**जम्मू।** लोकतांत्रिक संस्थानों में ओबीसी आरक्षण सुनिश्चित करने



के लिए इसमें ओबीसी की परिभाषा को शामिल किया गया है। इसके लिए संशोधन को मंजूरी दे दी गई है। पंचायती राज अधिनियम में एससी और एसटी के अलावा अब ओबीसी को भी आरक्षण दिया।

### जापान में 6.3 तीव्रता का आया भूकंप,हानि नहीं

**टॉक्यो।** जापान में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए



गए। कुरिल द्वीप में आए भूकंप की तीव्रता 6.3 तीव्रता मापी गई। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 3 दिन में तीसरी बार भूकंप आया है।

*मुंबई हमले का मास्टरमाइंड*

# भारत ने की आतंकी हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग

*पुलवामा हमले का भी आरोपी है आतंकी सईद*

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

भारत ने पाकिस्तान से लश्कर ए तैयबा के संस्थापक और खूंखार आतंकी हाफिज सईदी को सौंपने की मांग की है। पाकिस्तानी मीडिया के हवाले से ये खबर आई है।



मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत ने हाफिज सईद के प्रत्यर्पण के लिए पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय से औपचारिक मांग की है। बता दें कि हाफिज सईद पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड है।

भारत सरकार ने पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय से हाफिज सईद को भारत प्रत्यर्पित करने की कानूनी कार्रवाई शुरू करने की अपील की है। हालांकि पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने अभी तक इस पर कोई एक्शन नहीं लिया है।

### भारत का मोस्ट वॉन्टेड आतंकी

बता दें कि हाफिज सईद एक पाकिस्तानी आतंकी और आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा का संस्थापक है और जम्मू कश्मीर में कई आतंकी घटनाओं में हाफिज सईद शामिल रहा है। भारत में वह मोस्ट वॉन्टेड आतंकियों की लिस्ट में शामिल है। साल 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले और पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड भी हाफिज सईद ही है। कुछ साल पहले तक हाफिज सईद पाकिस्तान में खुला घूम रहा था और अपने संगठन के लिए चंदा जुटा रहा था लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ने के बाद साल 2019 में हाफिज सईद को पाकिस्तान में गिरफ्तार किया गया और आतंक के वित्त पोषण के आरोप में उसे 15 साल की सजा सुनाई। बीते साल भी पाकिस्तान की अदालत ने हाफिज को आतंक के लिए पैसे जुटाने के आरोप में 31 साल जेल की सजा सुनाई थी।

### चुनाव लड़ रही हाफिज सईद की पार्टी

अमेरिका ने भी हाफिज सईद को आतंकी घोषित किया हुआ है और उस पर एक करोड़ डॉलर का इनाम घोषित किया हुआ है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में हाफिज सईद भले ही कथित तौर पर जेल में बंद है लेकिन पाकिस्तान में अगले साल होने वाले आम चुनाव में उसकी पार्टी पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रही है। हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद भी लाहौर सीट से पार्टी का उम्मीदवार है। पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग प्रतिबंधित संगठन जमात उद दावा की राजनीतिक शाखा है।

*भारत की ताकत! जयशंकर से मिलने के लिए पुतिन ने तोड़ा प्रोटोकॉल*

# पुतिन का मोदी को रूस आने का न्योता कहा- रूस-भारत के बीच मजबूत रिश्ते

एजेंसी ▶▶| मास्को

रूस की पांच दिनों की यात्रा पर पहुंचे भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। राष्ट्रपति व्लादिमीर के साथ बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत-रूस द्विपक्षीय व्यापार में 50 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की महत्वपूर्ण प्रगति को रेखांकित किया। जयशंकर ने आगे विकास की संभावना और अधिक टिकाऊ रिश्ते की आवश्यकता पर जोर दिया। पुतिन ने गर्मजोशी के साथ जयशंकर से मुलाकात की और भारतीय पीएम मोदी को अगले साल रूस आने का न्योता दिया। इस दौरान पुतिन ने कहा कि अगला साल चुनाव के लिहाज से भारत के लिए बहुत व्यस्त रहने वाला है। चुनाव के लिए उन्होंने मोदी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि चुनावी जीत किसी की भी हो, भारत-रूस के रिश्ते मजबूत और स्थिर बने रहेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सहयोग के प्रमुख पहलुओं को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्री ने कुडनकुलम परियोजना से संबंधित महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर करने पर प्रकाश डालते हुए परमाणु क्षेत्र पर चर्चा की। उन्होंने परमाणु ईंधन आपूर्ति पर एक महत्वपूर्ण समझौते को अंतिम रूप दिए जाने का खुलासा किया, जो परमाणु क्षेत्र में भारत-रूस सहयोग में प्रगति का संकेत देता है।

*जयशंकर ने आगे विकास की संभावना और अधिक टिकाऊ रिश्ते की*



*आवश्यकता पर जोर दिया। पुतिन ने गर्मजोशी के साथ जयशंकर से मुलाकात की और भारतीय पीएम मोदी को अगले साल रूस आने का न्योता दिया।*

### भारत-रूस द्विपक्षीय व्यापार में 50 अरब अमेरिकी डॉलर प्रगति



### पुतिन ने ऐसे तोड़ दिया प्रोटोकॉल

*रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कुछ ऐसा किया जिसकी उम्मीद कम ही की जाती है। दरअसल, पुतिन सभी प्रोटोकॉल तोड़ते हुए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से मिले और उन्होंने पीएम मोदी को रूस आने का न्योता भी दिया। आमतौर पर पुतिन केवल अपने समकक्ष से ही इस तरह वन टू वन मुलाकात करते हैं। इससे पहले वो इसी तर्ज पर भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मिलकर परंपरा तोड़ चुके हैं।*

### विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पोस्ट में कहा

*एस जयशंकर ने राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। इसकी जानकारी जयशंकर ने एक्स पोस्ट में दी, उन्होंने कहा, 'आज शाम राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से उन्हें शुभकामनाएं दीं और एक निजी संदेश सौंपा। इस बातचीत के दौरान रूसी राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि पीएम मोदी शांतिपूर्ण तरीके से रूस-यूक्रेन विवाद को हल करने की कोशिश कर रहे हैं। हमने कई मौकों पर इसका बार-बार उल्लेख किया। उन्होंने भारत-रूस संबंधों पर बात करते हुए कहा कि हम उर्जा से लेकर प्रौद्योगिकी सहित अन्य क्षेत्रों में एक साथ हैं। हम पेट्रोल के साथ-साथ उच्च तकनीकी क्षेत्र में भी साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में काफी उथल-पुथल के बावजूद रूस और भारत के रिश्ते मजबूत हो रहे हैं।*

### रूस के विदेश मंत्री मर्गेई लावरोव से की मुलाकात

*इससे पहले भारतीय विदेश मंत्री ने रूस के विदेश मंत्री मर्गेई लावरोव से मुलाकात की। दोनों मंत्रियों ने रणनीतिक साझेदार के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्थिति और समसामयिक मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही इंडो-पैसिफिक, यूक्रेन संघर्ष, गाजा स्थिति, अफगानिस्तान और मध्य एशिया, ब्रिक्स, एससीओ, जी20 और संयुक्त राष्ट्र पर विचारों का आदान-प्रदान किया।दोनों के बीच द्विपक्षीय बैठक में लावरोव ने संयुक्त राष्ट्र संघ के सुरक्षा परिषद् में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत ने जी 20 की अध्यक्षता कर अपनी विदेश नीति की ताकत को साबित कर दिया।*

*नाबालिगों को बाल कल्याण सेवा केंद्र में रखा*

# चालोंस वाट्री हवाई अड्डे पर 4 दिन रुकने के बाद 25 भारतीय यात्रियों को किया मुक्त

एजेंसी ▶▶| पेरिस

फ्रांस में राजनीतिक आधार पर शरण के लिए आवेदन करने वाले 25 यात्रियों को मंगलवार को कथित तौर पर मुक्त कर दिया गया और उनमें से पांच को नाबालिग होने के कारण बाल कल्याण सेवा केंद्र में रखा गया। ये यात्री शरण के लिए फ्रांस में रूक गए थे।

फ्रांसिसी मीडिया ने जानकारी दी, पेरिस के पास चालोंस-वाट्री हवाई अड्डे पर चार दिन रुकने के बाद ये 25 यात्री उस उड़ान में शामिल नहीं थे, जो सोमवार दोपहर को मुंबई के लिए रवाना हुआ था। फ्रांस से भारत रवाना हुई उड़ान के 276 यात्रियों में से अधिकतर भारतीय थे। अभियोजकों के हवाले से कहा गया कि स्थानीय न्यायाधीश ने इस आधार पर ''औपचारिक'' रूप से उन्हें मुक्त करने आदेश दिया कि फ्रांस के चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे पर सीमा पुलिस के प्रमुख ने कानून द्वारा निर्धारित समय-सीमा में मामले को उनके पास नहीं भेजा था। फ्रांस में राजनीतिक आधार पर शरण के लिए आवेदन करने



वाले 25 यात्रियों को 26 दिसंबर को कथित तौर पर मुक्त कर दिया गया और उनमें से पांच को नाबालिग होने के कारण बाल कल्याण सेवा केंद्र में रखा गया।

ये 25 लोग उन करीब 300 यात्रियों में से थे जो पिछले सप्ताह दुबई में रोमानियाई कंपनी लीजेंड एयरलाइंस द्वारा संचालित विमान में सवार हुए थे। वे निकारागुआ जाने वाले थे, लेकिन 21 दिसंबर को पूर्वोत्तर फ्रांस के वेट्री हवाई अड्डे पर ईंधन भरने के दौरान गुप्त सूचना के बाद विमान को चार दिनों के लिए रोक दिया गया।

### दो लोगों से तस्करी के संबंध

*फ्रांस में रुके लोगों में से दो लोगों से पुलिस ने संदिग्ध लोगों की तस्करी के संबंध में पूछताछ की। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए दो लोगों के खिलाफ मानव तस्करी का आरोप हटा दिया गया क्योंकि यह स्थापित हो गया था कि यात्री अपनी मर्जी से विमान में सवार हुए थे।*

*स्वीकार किया नामांकन*

# नवाज शरीफ दो सीटों से लड़ रहे हैं आम चुनाव

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ क्या आठ फरवरी को होने वाला आम चुनाव लड़ सकेंगे? इस सवाल से गुरुवार को पर्दा उठ गया। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने नवाज शरीफ के नामांकन पत्र को स्वीकार कर लिया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की ओर से नवाज शरीफ के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। नवाज शरीफ के चुनाव लड़ने पर आजीवन लगे प्रतिबंध के बाद सवाल खड़े होने लगे थे।

### मानसहरा से उतरे

दबता दें कि चुनाव आयोग को 73 वर्षीय नवाज शरीफ की उम्मीदवारी पर कोई आपत्ति नहीं है और उनका



नामांकन पत्र स्वीकार कर लिया गया है। ऐसे में नवाज शरीफ लाहौर और खैबर पख्तूनख्वा के मानसहरा शहर से चुनावी मैदान में नजर आएंगे। मानसहरा को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज का गढ़ माना जाता है, यहां पर अन्य पार्टियों को एएड़ी से चोटी तक का जोर लगाना पड़ेगा।

*कांग्रेस को दिखाई आंखें*

# पं. बंगाल में हम ही करेंगे 'लड़ाई' का नेतृत्वः ममता



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

लोकसभा चुनाव 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी के सामने विपक्षी इंडिया गठबंधन का फेस कौन होगा, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दलों के नेता चाहते हैं कि उनकी पार्टी के चीफ को पीएम उम्मीदवार घोषित किया जाए।

इस सबके बीच पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने कांग्रेस को आंखे दिखा दी हैं। बेनर्जी ने बड़ा बयान दिया है, जो सीट शेयरिंग की तरफ इशारा कर रहा है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने उत्तरी 24 परगना में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन देशभर में भाजपा से मुकाबला करेगा।

### कांग्रेस और भाजपा पर साधा निशाना

ममता बेनर्जी ने कहा कि माकपा, भाजपा और कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में गठबंधन बनाया है और सक्रिय रूप से हमारे खिलाफ प्रचार कर रहे हैं। विपक्षी इंडिया गठबंधन नेशनल स्तर पर भाजपा का मुकाबला करेगा जबकि पश्चिम बंगाल में भाजपा के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व टीएमसी करेगी। ममता बेनर्जी ने उत्तर 24 परगना जिले में बांग्लादेश मूल के लोगों की बड़ी आबादी तक पहुंच बनाने के उद्देश्य से भाजपा पर राजनीतिक लाभ के लिए नागरिकता के मुद्दे में हेरफेर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले जिलाधिकारी नागरिकता से जुड़े मामलों का फैसला करते थे, लेकिन अब उनसे ये शक्तियां छीन ली गई हैं। यदि लोगों के पास नागरिकता नहीं होगी, तो वे सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ कैसे उठा पाएंगे?

### नागरिकता के नाम पर गुमराह करने का आरोप

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में इस लड़ाई का नेतृत्व उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस करेगी। इस दौरान ममता बनर्जी ने भाजपा पर नागरिकता के नाम पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सियासी फायदे के लिए नागरिकता के मुद्दे का इस्तेमाल कर रही है। ममता बनर्जी ने कहा कि भारत अब एक ऐसा लोकतंत्र है जो केंद्रीय एजेंसियों द्वारा संचालित हो रहा है।

*अरुणाचल में दुनिया की सबसे ऊंचाई पर स्थित है यह सबसे लंबी सुरंग*

# सेला टनल बनकर तैयार, नए साल में मिलेगा तोहफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नए वर्ष में देशवासी एक बार फिर से ऐतिहासिक क्षण के गवाह बनने जा रहे हैं। बहुप्रतीक्षित और दुनिया की सबसे ऊंचाई पर बन रही सबसे लंबी सुरंग (13000 फीट) का काम लगभग पूरा हो गया है। डबल लेन वाली यह ऑल वेदर टनल अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामिंग और तवांग जिले को जोड़ेगा। एलएसी तक पहुंचने वाला यह एकमात्र रास्ता है। माइनस 20 डिग्री के तापमान में रात-दिन इसका काम जारी है। बॉर्डर रोड आर्गेनाजेशन (बीआरओ) की देखरेख में बन रही यह सुरंग पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक का उदाहरण है।

### रणनीतिक महत्व

- सेला दर्रा (पास) 317 किलोमीटर लंबी बालीपारा-चाहरद्वार-तवांग सड़क पर है।

  यह अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग को तवांग को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाला एकमात्र सड़क है।
- तवांग सेक्टर में एलएसी तक पहुंचने का एक मात्र रास्ता।
- हर मौसम में रहेगा खुला। भारतीय सेना और आमजन को होगी सहूलियत
- सेना तीव्र गति से पहुंचेगी

संजौली-ढल्ली टनल




*शिमला। हिमाचल प्रदेश स्थित संजौली-ढल्ली टनल का सोमवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने इसका उद्घाटन किया। 154.22 मीटर लंबी यह सुरंग 47.36 करोड़ की लागत से बनी है।*

### बीआरओ की देखरेख में बन रही यह सुरंग पूरी

#### पश्चिम कामिंग और तवांग जिले को जोड़ेगी यह ऑल वेदर टनल

*कुल टनल प्रोजेक्ट की लंबाई है 11.84 किलोमीटर : टनल प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 11.84 किलोमीटर है। इसमें टनल और सड़कें शामिल हैं। पश्चिम कमिंग जिले (बैसाखी) की तरफ 7.2 किलोमीटर चलने के बाद हम टनल-1 में प्रवेश करते हैं।*



*इसकी लंबाई करीब 1 किलोमीटर है। इसके बाद एक सड़क आती है, जिसकी लंबाई 1.2 किलोमटर है। इसके बाद आती है टनल-2 की जिसकी लंबाई 1.591 किलोमीटर है। टनल से निकलने के बाद तीसरी सड़क है, जो नूरानंग की तरफ निकलती है।*

लाइफ Style



## 'फाइटर' का नया पोस्टर रिलीज, 25 जनवरी को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म 'फाइटर' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनीं फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर की मुख्य भूमिका है। ऋतिक रौशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म फाइटर का नया पोस्टर शेयर किया है,जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी नजर आ रहे हैं।

पोस्टर शेयर करते हुए ऋतिक रौशन ने कैप्शन में लिखा, एयर ड्रैगन ने आप सबसे एक महीने में मिलने के लिए अपनी कमर कस ली है। फाइटर थिएटर में 25 जनवरी 2024 को रिलीज हो रही है।

# रेखा

## मुझे तो मार-मारकर एक्ट्रेस बनाया गया

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक्ट्रेस रेखा उन अदाकाराओं में से हैं जिनकी खुद की जिंदगी पर एक फिल्म तक बनाई जा सकती है। शुरू से लेकर आज तक ना जाने कितने ही उतार चढ़ाव देखे हैं रेखा ने अपनी जिंदगी में। वहीं सिमी ग्रेवाल के चैट शो में जब रेखा पहुंचीं तो उन्होंने बताया कि उन्हें एक्टिंग से बिल्कुल लगाव नहीं था और वो कभी एक्ट्रेस भी नहीं बनना चाहती थीं।

वो कभी एक्टिंग की दुनिया में आना ही नहीं चाहती थीं बल्कि उन्हें तो मार-मारकर एक्ट्रेस बनाया गया। रेखा की मां साउथ की जानी मानी एक्ट्रेस थीं लिहाजा वो चाहती थीं कि उनकी बेटी भी एक्टिंग की दुनिया में नाम कमाए। बेहद छोटी उम्र में ही रेखा से उनकी मां ने एक्टिंग करवाना शुरू कर दिया था। शुरुआत में वो साउथ की फिल्मों में ही दिखीं लेकिन 13 साल की उम्र में उन्होंने अपनी मां के साथ मुंबई का रुख किया ताकि वो हिंदी फिल्मों में काम कर सकें। ये इच्छा भी उनकी मां की ही थी न कि रेखा की। रेखा की पहली हिंदी फिल्म थी सावन भादों थी जिसमे वो नवीन निश्चल के अपोजिट नजर आई थीं। इस फिल्म के लिए उन्हें काफी सराहा गया था। वहीं फिल्म रिलीज होने के बाद रेखा और नवीन निश्चल का नाम एक दूसरे के साथ खूब जुड़ा। कहा जाता है कि शूटिंग के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गई थीं। एक्ट्रेस रेखा ने ये भी रिवील किया कि उनका पूरा बचपन खिलौनों की बजाय सेट पर काम करते हुए बीता जो उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं था। लिहाजा वो शूटिंग से ब्रेक लेने का बहाना बनाया करती थीं कभी बुखार तो कभी कुछ कहकर वो सेट से कई-कई घंटों के लिए गायब हो जाया करती थीं।



### हॉलीवुड मसाला



## पैरासाइट फेम एक्टर नहीं रहे

**लॉस एंजिलस।** साउथ कोरिया के जाने माने एक्टर ली सुन क्युन ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। खबरों के अनुसार, अभिनेता का शव उनकी कार में मिला जिसके बाद पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई है। पुलिस को इस बात का शक है कि अभिनेता ने सुसाइड की है। आपको बता दें कि ली ने ऑस्कर विनिंग 'पैरासाइट' फिल्म में मुख्य रोल निभाया था। इनके इस रोल को लोगों ने काफी पसंद किया था। इसके अलावा इन्होंने अपने करियर की शुरुआत साल 2000 में फिल्म 'साइको ड्रामा' से की थी।



## भारत में छुट्टियां मनाने आईं पॉप सिंगर लीपा, पहुंचीं राजस्थान

**मुंबई।** भारत आईं पॉप सिंगर दुआ लीपा इन दिनों राजस्थान की सैर पर हैं। दुआ राजस्थान की सड़कों पर आराम से घूमते हुए स्पॉट हुईं। इस मशहूर पॉप सिंगर ने राजस्थान से कई फोटोज शेयर की हैं. ।जिसमें वो कभी कैमरे के सामने सेल्फी लेती नजर आईं तो कभी वहां की फेमस जगहों पर फोटोज क्लिक करवाती दिखीं। दुआ ने इन तस्वीरों को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। फोटोज को शेयर कर कैप्शन में लिखा- 'मेरी तरफ से आप सभी को हैप्पी हॉलीडे। आप सभी को ढेर सारा प्यार, गुड हेल्थ और ढेर सारी खुशियां अगले साल के लिए सेंड कर रही हूं। राजस्थान में पर्यटकों की भारी भीड़ की वजह स्थानीय लोग इस सेलिब्रिटी से अनजान हैं और वे उन्हें पहचानने नहीं पा। हालांकि पॉप सिंगर राजस्थान में कहां पर गई हैं इस बात की जानकारी नहीं है।



## रणबीर को मारे थे 20-25 थप्पड़...


**मुंबई।** संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल' को रिलीज हुए एक महीना होने वाला है। फिल्म के एक दृश्य में रश्मिका मंदाना रणबीर को जोरदार थप्पड़ मारती हैं। जानिए, इस दृश्य में कैमरे के पीछे क्या हुआ था। फिल्म के एक दृश्य में करवाचौथ के मौके पर गीतांजली (रश्मिका) रणविजय (रणबीर) को खूब-खरी खोटी सुनाती है। इस दृश्य में रश्मिका के अभिनय की खूब तारीफ हुई जिसमें वे रणबीर को थप्पड़ मारती हैं। एक इंटरव्यू में वांगा के भाई प्रणय ने बताया कि शूटिंग के दौरान रणबीर ने रश्मिका से कहा था यह अच्छे से शूट हो, इसके लिए वह उन्हें चाहे जितनी बार मार सकती हैं। अच्छे शॉट के लिए रश्मिका ने रणबीर को 20-25 थप्पड़ भी मारे थे। रणबीर इस दृश्य की भावनाओं को अच्छे से दिखाना चाहते थे।




## 'मेरी क्रिसमस' एक बार फिर बड़े पर्दे पर

**मुंबई।** 'टाइगर 3' की ग्रैंड सक्सेस एंजॉय कर रही कैटरीना कैफ जल्द ही 'मेरी क्रिसमस' से एक बार फिर बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली हैं। इस फिल्म में कैटरीना पहली बार साउथ एक्टर विजय सेतुपति संग स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। वहीं इन सबके बीच मेकर्स ने 'मेरी क्रिसमस' का टाइटल ट्रैक सॉन्ग का ऑडियो क्लिप रिलीज कर दिया। मेकर्स ने कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की तस्वीरों के साथ ऑडियो क्लिप रिलीज किया है। इसे शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, परफेक्ट केरी क्रिसमस 12 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'मेरी क्रिसमस' को दो भाषाओं में शूट किया गया बता दें कि 'मेरी क्रिसमस' का निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है।

### टीवी मसाला



## 3 जनवरी को होगा नए टीवी शो मेरा बलम थानेदार का प्रीमियम

**मुंबई।** नया टीवी सीरियल मेरा बलम थानेदार 3 जनवरी से प्रसारित होगा। नए टीवी शो में विपरीत विचारधारा वाले दो व्यक्तियों की इस अनूठी प्रेम कहानी के साथ विविध विषयों को पेश किया जाएगा। शो में शगुन पांडे और श्रुति चौधरी क्रमशः वीर प्रताप सिंह और बुलबुल राजावत की भूमिका में हैं। इसमें एक जोड़े की प्रेम कहानी को दर्शाया गया है, जिनकी शादी एक झूठ पर आधारित है, जिसके कारण उनके रिश्ते की नींव ढह सकती है। शशि सुमीत प्रोडक्शंस की ओर से निर्मित, 'मेरा बलम थानेदार' का प्रीमियर 3 जनवरी को होगा और हर सोमवार से शुक्रवार रात 9:30 बजे प्रसारित होगा। शो को राजस्थान की सुरम्य पृष्ठभूमि पर सेट किया गया है। 'मेरा बलम थानेदार' सीरियल बुलबुल और वीर के जीवन को दर्शाता है, जो दिन और रात की तरह अलग-अलग हैं, लेकिन उनकी नियति आपस में जुड़ी हुई है। वीरप्रताप सिंह की भूमिका निभाने पर अपने विचार साझा करते हुए, शगुन पांडे कहते हैं, मैं किसी भी तरह के धोखे के खिलाफ मजबूती से खड़े होने वाले, एक ईमानदार आईपीएस अधिकारी की भूमिका निभाने के लिए रोमांचित हूं। मैं इस तरह की भूमिका का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा था।

## आयशा के लिए मुनव्वर ने छोड़ा अपनी दोस्त का साथ

**नई दिल्ली।** बिग बॉस के घर में हर दिन कुछ ना कुछ नया होता रहता है। रिश्ते मिनटों में बदल जाते हैं। वहीं जब से मुनव्वर की गर्लफ्रेंड आयशा बिग बॉस के घर में आई है तब से सब कुछ बदल गया है। मुनव्वर अपने



पुराने दोस्तों से लड़ने लगे हैं। वहीं बीते दिन देखा गया कि कैसे मुनव्वर एक छोटी सी बात पर मनारा का डांटने लगते हैं। वीकेंड के वार के बाद से ही मुनव्वर पूरे तरीके से बदले- बदले नजर आ रहे हैं। वहीं विक्की जैन और अंकिता लोखंडे के बीच इन दिनों जमकर लड़ाई हो रही हैं। एक वायरल वीडियो में दिख रहा था कि विक्की- अकिता को मारने की कोशिश करते हैं। वहीं इस पर अंकिता और विक्की दोनों यही कहते हैं कि वह केवल बेड से उतर रहे थे। वहीं बीते दिन अंकिता कहती हैं कि तुझे सबकी दिक्कत दिखती है लेकिन क्या तुझे पता भी है कि मेरे साथ क्या दिक्कत है।

## फिर से जलवा दिखाने आ रहा टीपू ...

**मुंबई।** राजकुमार राव की वेब सीरीज 'गन्स एंड गुलाब्स' के दूसरे सीजन का ऐलान हो गया है। दूसरे सीजन का ऐलान करते हुए एक वीडियो भी शेयर किया है। इस सीजन का पहला पार्ट इसी साल 18 अगस्त को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुआ था। जो इस साल की सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाली वेब सीरीज में एक है। 'गन्स एंड गुलाब्स' का दूसरा सीजन जल्द ही ओटीटी पर दस्तक देने वाला है. इसका ऐलान करते हुए वेब सीरीज के मेन हीरो राजकुमार राव ने लिखा- 'आपका इतना प्यार पाना, टीपू के लिए प्रेम पत्र से कम नहीं था। टीपू का जलवा देखना मत भूलना। गन्स एंड गुलाब्स सीजन 2, जल्द आ रहा है नेटफ्लिक्स पर। इस वेब सीरीज की कहानी की बात करें तो ये 1990 दशक के गुलाब गंज के नाम के शहर के इर्द गिर्द घूमती है। फिल्म में नब्बे के गानों का खूब तड़का लगाया गया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री 2' को लेकर सुर्खियों में है। कुछ दिनों पहले इस फिल्म की शूटिंग की खबरें आई थी। वहीं इस साल की बात करें तो 'भीड़' फिल्म रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया था राजकुमार राव की जिंदगी 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' फिल्म ने बदल दी। इस फिल्म में एक्टर का रोल भले ही छोटा था लेकिन उनके करियर को बूस्ट कर दिया।



## 'अगर पहनूंगा तो असली जेवर, नहीं तो...'अड़ गए राजकुमार

## रोक दी शूटिंग, अटक गई थीं मेकर्स की सांसें, फिर...

**मुंबई।** अक्खड़ मिजाज, मुंहफट और बेबाक अंदाज, चाल-ढाल में शेरों जैसा रौब, धमाकेदार आवास, मदमस्त अंदाज और सख्त मिजाज वाले एक्टर राजकुमार का एक दौर था। इनके फेमस डॉयलॉग्स आज भी लोगों की जुबान पर हैं। वह पुलिस की नौकरी छोड़कर बॉलीवुड में आए थे, यहां भी उनका रौब कुछ ऐसा ही रहता था। इंडस्ट्री में राजकुमार साहब अपने तीखे तेवर और विवादित बोल के लिए जाने जाते थे। 1968 में उन्होंने असली जेवर पहनने की जिद में फिल्म की शूटिंग बीच में ही रोक दी, जिसके बाद तो डायरेक्टर के पसीने छूट गए थे।



***नीलकमल फिल्म में रही ये कास्ट :*** ये फिल्मों का वो दौर था, जब कम बजट में डायरेक्टर को फिल्म पूरी करके समय पर रिलीज करनी होती थी। 1968 में वहीदा रेहमान, राजकुमार, मनोज कुमार, मेहमूद, बलराज साहनी, ललिता पवार जैसे दिग्गजों से सजी एक फिल्म रिलीज हुई, जिसका नाम था नीलकमल। फिल्म को डायरेक्टर राम माहेश्वरी ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में राजकुमार का किरदार एक 'मूर्तिकार' का था, इसके अलावा राज कुमार को इसमें कुछ गहने भी पहनने थे।

***नकली जेवर देखकर भड़क गए राजकुमार :*** जब फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई तो राज कुमार अपने लिए आए नकली आभूषणों को देखकर गुस्सा से लाल हो गए। सेट पर उन्हें गुस्से में देख साथी कलाकार और क्रू परेशान हो गई। गुस्से से लाल राजकुमार डायरेक्टर के पास पहुंचे और गुस्से में बोले- 'अगर पहनूंगा तो असली जेवर, नहीं तो शूटिंग नहीं करूंगा। ये सुनकर डायरेक्टर के हाथ पैर फूल गए।

### कई दिनों तक रुकी रही शूटिंग

काफी समझाने के बाद भी राज कुमार अपनी जिद पर अड़े रहे। डायरेक्टर राम माहेश्वरी घबराकर नील कमल के प्रोड्यूसर पन्ना लाल माहेश्वरी के पास पहुंचे और उन्होंने राज साहब की जिद को उनके सामने रख दी। कई दिनों तक शूटिंग रुकी रही, जिसकी वजह से फिल्म के मेकर्स का नुकसान होता रहा।

### आखिर में मंगवाना ही पड़े असली सोने के गहने

डायरेक्टर व प्रोड्यूसर दोनों के पास कोई दूसरा रास्ता भी नहीं था, क्योंकि फिल्म की कुछ शूटिंग हो चुकी थी। आखिरकार प्रोड्यूसर ने किसी तरह जुगाड़ करके असली गहनों का इंतजाम किया। उसके बाद ही राजकुमार ने फिल्म का पहला शॉट दिया। वो राज कुमार ही थे, जो ठान लेते थे वही करते भी थे।

## एक्शन फिल्मों के शौकीन हैं तो देख डालिए

# ओटीटी पर हॉलीवुड की हिंदी में डब 2023 की ये बड़ी एक्शन फिल्में

***मुंबई।** एक्शन फिल्मों के शौकीन लोगों के लिए साल 2023 बेहद खास रहा, क्योंकि इस साल हॉलीवुड की 5 बड़ी एक्शन फ्रेंचाइजी की फिल्में रिलीज हुईं। इन फिल्मों की खास बात ये है कि इनमें से हर फिल्म हिंदी में डब की गई है। इससे पहले कि साल 2023 विदाई ले इन फिल्मों को अपनी वॉचलिस्ट में जरूर जोड़ लीजिए। ये फिल्में आपकी बॉडी की एड्रेनल ग्लैंड को एड्रेनालाईन हार्मोन रिलीज करने पर मजबूर कर देंगी। चलिए एक नजर डालते हैं इस साल की इन 5 बेहतरीन एक्शन फिल्मों पर।*




### जॉन विक-4

ये कहानी उस जॉन विक की है जो आम दुनिया के बीच ही पनपी एक अलग जरायम की दुनिया का सबसे खूंखार इंसान है। हमेशा शांत दिखने वाला जॉन ने छोटी-छोटी दिखने वाली बातों के लिए हजारों लोगों को खत्म कर दिया है। इस फिल्म में भी आप जॉन को ऐसा ही करते देख पाएंगे। 24 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम पर रेंट देकर देख सकते हैं।

### फास्ट एक्स




डोमिनिक (विन डीजल) की पूरी फैमिली इस साल थिएटर में 19 मई को फिर से लौटी फास्ट एंड फ्यूरियस सीरीज के 10वें पार्ट 'फास्ट एक्स' के साथ। फिल्म का पहला पार्ट साल 2001 में आया था। तब से आने वाले अगले हर पार्ट में फिल्म अपनी ही पुरानी फिल्म के एक्शन से एक कदम आगे निकल जाती। बैकग्राउंड में बजते गानों के साथ फिल्म के कार चेज सीन बांधकर रखते हैं। इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम पर रेंट देकर देख सकते हैं।

### एक्सट्रैक्शन-2




थॉर फेम एक्टर क्रिस हेम्सवर्थ की एक्सट्रैक्शन 2 इस साल 9 जून को रिलीज हुई। 3 साल बाद लौटी एक्सट्रैक्शन की टीम का ठिकाना बदल चुका है। अब वो बांग्लादेश से निकलकर यूरोप पहुंच चुकी है। इस बार भी इस टीम को एक फैमिली को बचाने का काम मिलता है। फिल्म के एक्शन एकदम रॉ रखे गए हैं, जो देखने लायक हैं और डराते हैं। अगर आपके पास नेटफ्लिक्स का सब्सक्रिप्शन है, तो आपको ये फिल्म यहां देखने को मिल जाएगी।

### द इक्वलाइजर-3




इस सीरीज की पुरानी फिल्मों की तरह ही इसमें भी फिल्म के लीड डेंजेल वॉशिंगटन शांत चेहरे के साथ 'कूल' एक्शन करते दिखे हैं। फिल्म का लीड शांत दिखता है लेकिन उसके अंदर एक कोल्ड ब्लडेड कातिल छुपा है जो किसी के साथ बुरा होते देखते ही जग जाता है। उनका ये रूप देखकर आपके रोंगटे जरूर खड़े हो जाएंगे। ये फिल्म आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### मिशन इंपॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट 1

मिशन इंपॉसिबल सीरीज की ये फिल्म इसी साल 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को अमेजन प्राइम पर रेंट देकर देखा जा सकता है। फिल्म में टॉम क्रूज को वो हर इंपॉसिबल स्टंट करते हुए देखे जा सकते हैं जिनके लिए उनकी ये फ्रेंचाइजी दर्शकों की मनपसंद फिल्म बनी हुई है। सांस थाम देने वाले एक्शन से भरपूर इस फिल्म ने इंडिया में 100 करोड़ से ज्यादा कमाई की है।



# ईपीएल : सिटी ने एवर्टन को हराया, वोल्व्स-चेल्सी और यूनाइटेड को भी मिली जीत

एजेंसी ▸▸| लंदन

इंग्लैंड की फुटबॉल लीग प्रीमियर लीग का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। बुधवार रात को कई बेहतरीन मैच खेले गए। इनमें मैनचेस्टर सिटी, वोल्व्स, चेल्सी और मैनचेस्टर यूनाइटेड ने जीत दर्ज की।

ब्रेंटफोर्ड के डिफेंडर के बेहद खराब प्रदर्शन के बीच तीन मिनट और तीन सेकंड में तीन गोल की मदद से वोल्व्स ने प्रीमियर लीग में रिकॉर्ड जीत दर्ज की, जबकि चेल्सी ने पेनल्टी मिलने के बाद अहम जीत दर्ज की। मैनचेस्टर सिटी ने विवादास्पद पेनल्टी के बाद एवर्टन को हरा दिया।

## चेल्सी ने 'वार' ड्रामा के बाद जीता मैच

चेल्सी और क्रिस्टल पैलेस के बीच खेले गए मुकाबले में जमकर ड्रामा देखने को मिला। वीडियो एसिस्टेंट रेफरी के एक फैसले की वजह से चेल्सी के फैंस गुस्सा गए थे, लेकिन उसके कुछ मिनट बाद ही मिले पेनल्टी पर गोल ने फैंस को चीयर करने का मौका दे दिया। नोनी मदुएके ने 89वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर चेल्सी को 2-1 से जीत दिलाई। इस जीत की बदौलत मॉरिशियो पोचेटिनो की चेल्सी के लिए 2023 के अंत में सकारात्मक नतीजे आए। इससे पहले मिखायलो मुद्रिक ने 13वें मिनट में गोल कर चेल्सी को 1-0 से आगे कर दिया था। इसके बाद क्रिस्टल पैलेस की ओर से माइकल ओलिसे ने 45+1वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।



## फुस्स हुए ब्रेंटफोर्ड के डिफेंडर्स

वोल्व्स ने ब्रेंटफोर्ड पर 4-1 की एकतरफा जीत हासिल की। वोल्व्स के लिए गोल का खाता 13वें मिनट में ही खुल गया, जब मारियो लेमिना ने बेहतरीन गोल दागा। इसके 12 सेकंड बाद ही ह्वांग ही चान ने गोल दाग स्कोर 2-0 कर दिया। ब्रेंटफोर्ड ने वापसी की कोशिश की और 16वें मिनट में योएन विसा ने गोल किया। हालांकि, इसके बाद ब्रेंटफोर्ड के डिफेंडर्स का खराब खेल शुरू हुआ, जिसे वह जल्द से जल्द भूलना चाहेंगे। 28वें मिनट में ह्वांग ने एक और गोल दागा। वहीं, 79वें मिनट में जीनरिसनर बेलेगार्डे ने गोल दाग अपनी टीम को 4-1 से जीत दिलाई।

## यूनाइटेड की विला पर नाटकीय जीत

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने एस्टन विला पर 3-2 से नाटकीय जीत दर्ज की। 26 मिनट में ही यूनाइटेड दो गोल से पिछड़ गया। इस प्रदर्शन पर मैनेजर एरिक टेन हैग की टीम की उसके समर्थकों ने ही हूटिंग शुरू कर दी, लेकिन दूसरे हाफ में यूनाइटेड ने अपने खेल से समर्थकों को जश्न मनाने पर मजबूर कर दिया। जॉन मैक्गिन ने 21वें और लिएंडर डेंडोंकर ने 26वें मिनट में गोल कर विला को 2-0 से आगे कर दिया। दूसरे हाफ में यूनाइटेड एकदम से बदली टीम नजर आई। 59वें मिनट अलजांद्रो गरनाचो ने गोल किया। 71वें मिनट में उन्होंने एक और गोलकर 2-2 की बराबरी दिला दी। मैच समाप्ति से आठ मिनट पहले रासमुस हाजलुंद ने गोलकर यूनाइटेड को 3-2 से बढ़त दिला दी।

## सिटी ने एवर्टन को 3-1 से हराया

मैनचेस्टर सिटी की टीम को जीत दर्ज करने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। उन्होंने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एवर्टन को 3-1 से शिकस्त दी। पेप गार्डियोला की टीम को 29वें मिनट में झटका लगा, जब एवर्टन के जैक हैरिसन ने 29वें मिनट में गोल दागा। हाफ टाइम तक एवर्टन की टीम 1-0 से आगे चल रही थी। दूसरे हाफ में सिटी के फिल फोडेन ने गोल दाग स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद 64वें मिनट में मैनचेस्टर सिटी को पेनल्टी मिला और उस पर जूलियन अल्वारेज ने गोल दाग स्कोर 2-1 कर दिया। मैच के आखिरी कुछ मिनट में सिल्वा ने गोल दाग अपनी टीम को 3-1 से जीत दिलाई।

## टेस्ट : दूसरी पारी में 131 रन ही बना सकी टीम इंडिया


# एल्गर का यलगार, अफ्रीका ने भारत को पारी और 32 रन से दी शिकस्त

एजेंसी ▸▸| सेंचुरियन

भारतीय टीम को बॉक्सिंग डे टेस्ट में करारी हार का सामना करना पड़ा। पहली पारी में भारत 245 रन और दूसरी पारी में 131 रन सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 408 रन बनाए थे। इस तरह उसे पारी और 32 रन से जीत मिली।

एल्गर का संघर्ष देखकर हर कोई यह मान रहा था कि साउथ अफ्रीका को भी मुश्किल होगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। अपनी रिटायरमेंट सीरीज खेल रहे दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर ने बल्ले से यलगार मचाया। उन्होंने भारतीय गेंदबाजों की जमकर खबर ली और बेजोड़ शतक जड़ा। 36 साल के एल्गर ने कमाल की बैटिंग की है और 185 रन बनाकर आउट हुए। एल्गर ने साबित किया वह टेस्ट कॅरियर की आखिरी सीरीज जरूर खेल रहे हैं, लेकिन उनके अंदर क्रिकेट अभी काफी बाकी है।

सेंचुरियन ताबड़तोड़ शतक के बाद बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि वह इस श्रृंखला में बड़े आत्मविश्वास के साथ आए हैं, जिससे उन्हें और मदद मिली है। केएल राहुल के शतक के बाद एल्गर ने भारत के गन-गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ मजबूती से खड़े होकर मैदान के चारों ओर शॉट्स लगाए।




### जीत की ओर बढ़ी अफ्रीकी टीम

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन दूसरी पारी में समाचार लिखे जाने तक सात विकेट पर 105 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। पहली पारी के आधार पर 163 रन की बढ़त बनाने वाले दक्षिण अफ्रीका से भारत अब 53 रन पीछे है और उसे पारी की हार सता रही है। विराट कोहली 60 और जसप्रीत बुमराह शून्य रन बनाकर खेल रहे थे। भारत ने दूसरी पारी में कप्तान रोहित शर्मा (00), यशस्वी जायसवाल (05) और शुभमन गिल (26) के विकेट गंवा दिए।

## कागिसो रबाडा ने भारत के खिलाफ झटका 50वां



इस टेस्ट मैच में साउथ अफ्रीकी पेसर कागिसो रबाडा ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने पहली पारी में अपनी शानदार गेंदबाजी से भारत के बल्लेबाजी क्रम को झकझोर दिया। फिर दूसरी पारी में भी रोहित शर्मा (0) को आउट कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में भारत के खिलाफ 50 विकेट पूरे कर लिए हैं। वह इस मेगा रिकॉर्ड को दर्ज करने वाले 5वें प्रोटियाज गेंदबाज बन गए हैं।



## जेमिमा शतक से चूकीं पूजा का अर्धशतक

**मुंबई।** भारत ने जेमिमा रोड्रिग्स की 82 रन की शानदार पारी और पूजा वस्त्राकर के तेज तर्रार नाबाद 62 रन की बदौलत आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की महिला एक दिवसीय क्रिकेट श्रृंखला के पहले मैच में आठ विकेट पर 282 रन का स्कोर खड़ा किया जो इस प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ उसका सर्वोच्च वनडे स्कोर भी है। भारत का वनडे में आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर चार विकेट पर 281 रन था जो उसने 2017 में डर्बी में बनाया था। भारत की शीर्ष क्रम की कोई भी बल्लेबाज अपनी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सकीं लेकिन जेमिमा ने गर्मी और उमस से जूझते हुए 2023 में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और इस साल चार वनडे में अपना दूसरा अर्धशतक जड़ा जो आस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका पहला पचासा भी है। दायें हाथ की इस बल्लेबाज ने 77 गेंद में सात चौकों की मदद से वनडे में अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी बनाया।

## आस्ट्रेलिया ने बनाई 241 रन की बढ़त, स्मिथ-मार्श ने जोड़े 153 रन



एजेंसी ▸▸| मेलबर्न

आस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी के पहले चार विकेट सिर्फ 16 रन पर गंवा दिए। इसके बाद स्टीव स्मिथ और मिचेल मार्श के बीच 153 रन की साझेदारी की मदद से मेजबान ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन 241 रन की अहम बढ़त बना ली।

तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर मार्श 96 और स्मिथ 50 रन बनाकर खेल रहे थे। आस्ट्रेलिया ने छह विकेट 187 रन पर गंवा दिए थे। इससे पहले कप्तान पैट कमिंस ने टेस्ट क्रिकेट में दसवीं बार पारी के पांच विकेट लेकर आस्ट्रेलिया को पहली पारी में 54 रन की बढ़त दिलाई। आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 318 रन के जवाब में पाकिस्तान ने पहली पारी में 264 रन बनाए थे। पाकिस्तानी गेंदबाजों ने पहली पारी में 52 रन अतिरिक्त दिए थे। स्पिनर नाथन लियोन ने 73 रन देकर चार विकेट चटकाए। पाकिस्तान ने हालांकि पारी के ब्रेक के बाद वापसी करते हुए उस्मान ख्वाजा (0) और मार्नस लाबुशेन (पांच) के विकेट लिए।

लंच के समय तक उसके पास 60 रन की बढ़त थी। पाकिस्तान के लिए दोनों विकेट तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने लिए और विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान ने कैच लपका। इसके बाद मार्श और स्मिथ ने पारी को संभाला।

## वॉर्नर ने पूरी की नन्हे फैन की मुराद

**मेलबर्न।** धाकड़ ओपनर डेविड वॉर्नर ने जिस मैदान से अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था, उसी मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में अपनी आखिरी पारी खेल ली है। वह थोड़ा भावुक थे, जब पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 6 रन बनाकर पवेलियन लौट रहे थे। जब डेविड वॉर्नर गुरुवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के ड्रेसिंग रूम में लौट रहे थे तो स्टेडियम में मौजूद फैंस ने खड़े होकर तालियां बजाते हुए उनका अभिवादन किया। जब वॉर्नर पवेलियन लौट रहे थे तो एक नन्हे फैन ने हाथ में चार्ट ले रखा था, जिस पर लिखा था - इतनी यादों के लिए शुक्रिया डेवी वॉर्नर, 31! क्या मुझे आपके ग्लव्स मिल सकते हैं? वॉर्नर ने ये देखते ही अपने दोनों ग्लव्स फैंस को पकड़ा दिए, जिन्हें पाकर वो दो बच्चे काफी खुश हुए।




# आसियान क्षेत्र के चैंपियन से भिड़ेगा ओडिशा एफसी

एजेंसी ▸▸| कुआलालंपुर

इंडियन सुपर लीग टीम ओडिशा एफसी एएफसी कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतर क्षेत्रीय सेमीफाइनल में आसियान क्षेत्र के चैंपियन से भिड़ेगी जिसका नाम अभी तय नहीं है। एएफसी कप का ड्रॉ गुरुवार को डाला गया। ओडिशा एफसी एएफसी कप दक्षिण क्षेत्र का विजेता रहा। उसने इसी महीने ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में बांग्लादेश के बसुंधरा किंग्स को हराया।

आसियान क्षेत्र का चैंपियन बनने की दौड़ में चार टीम हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया का सेंट्रल कोस्ट मरीनर्स एफसी, कंबोडिया का पुहनोम पेन क्राउन एफसी, ऑस्ट्रेलिया का मैकआर्थर एफसी और मलेशिया का सबाह एफसी शामिल है। आसियान क्षेत्र का फाइनल 22 फरवरी को होगा और इसका विजेता ओडिशा एफसी से अंतर क्षेत्रीय सेमीफाइनल में भिड़ेगा जो दो चरण का मुकाबला होगा। पहला चरण छह या सात मार्च को आसियान क्षेत्र के चैंपियन की मेजबानी में होगा जबकि दूसरा चरण 13 या 14 मार्च को भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में होगा।



## यूनाइटेड कप की तैयारी...



**सिडनी।** जर्मनी की एंजेलिक कर्बर गुरुवार को सिडनी, ऑस्ट्रेलिया में केन रोज़वेल एरेना में 2024 यूनाइटेड कप से पहले कोर्ट पर अभ्यास सत्र के दौरान गेंद को रिटर्न शॉट मारती हुई।

## पूर्व भारतीय डिफेंडर मजूमदार नहीं रहे

*नई दिल्ली। पूर्व भारतीय डिफेंडर प्रबीर मजूमदार का गुरुवार को संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटा है। मजूमदार उस भारतीय टीम के सदस्य थे जिसने 1974 एशियाई खेलों में हिस्सा लिया था। 1960 और 1970 के दशक के स्टाइलिश डिफेंडर मजूमदार ने घरेलू सर्किट में ईस्ट बंगाल और ईस्टर्न रेलवे का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने संतोष ट्राफी में भी बंगाल का प्रतिनिधित्व किया था। उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, 'प्रबीर दा अपने समय के सबसे भरोसेमंद और सम्मानित डिफेंडरों में से एक थे। दुख की इस घड़ी में मैं उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।' मजूमदार ने ईस्ट बंगाल के लिए खेलते हुए कई खिताब जीते, जिनमें कलकत्ता फुटबॉल लीग, आईएफए शील्ड, डूरंड कप, रोवर्स कप, डीसीएम ट्रॉफी, बोरदोलोई ट्रॉफी और कई अन्य खिताब शामिल हैं।*



### नई हेयर स्टाइल को लेकर चर्चा में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान

# लंबे बाल रखने में खर्च होते हैं 1 घंटे 10 मिनट : धोनी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इन दिनों अपनी नई हेयर स्टाइल को लेकर चर्चा में हैं। आईपीएल 2024 में महेंद्र सिंह धोनी नए लुक में नजर आएंगे। भारतीय क्रिकेट फैंस को धोनी के लंबे बाल रखना बहुत पसंद है।

बता दें कि महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल 2024 से पहले एक बार फिर लंबे बाल रखे हैं। धोनी ने साल 2007 में जब टीम इंडिया को टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जिताया था, तो उसके बाद उन्होंने अपने लंबे बालों को कटवा लिया था, लेकिन एक बार फिर महेंद्र सिंह धोनी ने अपने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है और लंबे बाल रखे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने एक इवेंट के दौरान कहा कि उन्हें नए हेयरस्टाइल को रखने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। धोनी का कहना है कि उन्होंने अपने फैंस के लिए लंबे बाल रखे हैं। महेंद्र सिंह धोनी ने अपने लेटेस्ट हेयर स्टाइल पर कमेंट करते हुए कहा, 'ऐसे हेयरस्टाइल को मेंटेन रखना बहुत कठिन हैं, क्योंकि पहले मैं सिर्फ 20 मिनट में तैयार हो जाता था, लेकिन अभी मुझे 1 घंटा और 10 मिनट का समय लगता है। मैं इस हेयर स्टाइल को इसलिए रख रहा हूं कि फैंस को ये पसंद है।'



### बेहद खास कप्तान हैं धोनी

*बता दें कि महेंद्र सिंह धोनी वर्ल्ड क्रिकेट में इकलौते ऐसे कप्तान हैं, जिन्होंने आईसीसी की तीन बड़ी ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। धोनी की कप्तानी में भारत आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप (2007), क्रिकेट वर्ल्ड कप (2011) और आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी (2013) का खिताब जीत चुका है। इसके अलावा भारत 2009 में पहली बार टेस्ट में नंबर एक बना था। महेंद्र सिंह धोनी ने अपनी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स को 5 बार आईपीएल का खिताब जिताया है। महेंद्र सिंह धोनी ने भारतीय टीम की कप्तानी साल 2008 में संभाली थी।*

# निलंबन को अदालत में चुनौती देंगे : संजय

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह ने गुरुवार को कहा कि खेल मंत्रालय ने कुश्ती की राष्ट्रीय संस्था को निलंबित करते समय उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया और वे सरकार के इस फैसले को अदालत में चुनौती देंगे।

संजय ने हालांकि कहा कि सरकार डब्लूएफआई का पक्ष सुने बिना उनकी स्वायत्त और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई संस्था को निलंबित नहीं कर सकती। संजय ने कहा, 'हमने लोकतांत्रिक तरीके से डब्लूएफआई के चुनाव जीते। जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त प्रधान न्यायाधीश निर्वाचन अधिकारी थे, इसमें भारतीय ओलंपिक संघ और यूनाईटेड विश्व कुश्ती के भी पर्यवेक्षक थे। चुनावों में 22 राज्य इकाईयों ने हिस्सा लिया था, 47 वोट मिले थे जिसमें से मुझे 40 मिले थे। इसके बावजूद अगर हमें निलंबित कर दिया जाता है तो हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई संस्था को अपना पक्ष रखने का मौका ही नहीं दिया गया जो न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है जबकि भारतीय संविधान के अंतर्गत हर कोई इसका हकदार होता है।'



## खबर संक्षेप



### स्टार ओपनर मंधाना पहले वनडे से आउट

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय महिला क्रिकेट टीम वनडे सीरीज का पहला मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेली। इस मैच में टॉस के समय टीम इंडिया के लिए एक बुरी खबर सामने आई। टीम की स्टार ओपनर बल्लेबाज स्मृति मंधाना तबियत ठीक न होने के चलते पहले वनडे की प्लेइंग-11 में शामिल नहीं हो सकीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस के समय इस बात की जानकारी दी कि तबियत ठीक न होने की वजह से स्मृति मंधाना इस मैच में नहीं खेल रही हैं।


### हैदराबाद में फॉर्मूला ई रेस को लेकर चिंता



**नई दिल्ली।** फॉर्मूला ई ने हैदराबाद में दस फरवरी को होने वाली रेस को लेकर ताजा चिंता जताते हुए कहा है कि तेलंगाना में नई सरकार से मिली ताजा सूचना के बाद इसका आयोजन मुश्किल लग रहा है। देश में पहली इलेक्ट्रिक रेस इस साल फरवरी में हुई और तत्कालीन आईटी मंत्री केटी रामाराव की इसके आयोजन में अहम भूमिका रही। केटीआर की बीआरएस पार्टी हालांकि दिसंबर में चुनाव हार गई और अब वहां कांग्रेस की सरकार है।

### इंदौर में सबसे सस्ता टिकट 743 रुपए का

**इंदौर।** इंदौर में भारत और अफगानिस्तान के बीच आगामी 14 जनवरी को खेले जाने वाले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के निचले ईस्ट स्टैंड के सबसे सस्ते टिकट के लिए दर्शकों को 743 रुपए खर्च करने होंगे, जबकि पहली मंजिल स्थित साउथ पवेलियन के सबसे महंगे टिकट के लिए 5,947 रुपए देने होंगे। मध्यप्रदेश क्रिकेट संगठन के एक अधिकारी ने टिकट दरों की घोषणा के बाद गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि भारत-अफगानिस्तान टी-20 मैच के टिकटों की ऑनलाइन बिक्री 30 दिसंबर को सुबह छह बजे से शुरू होगी।



### क्रिकेट छोड़ राजनीति की पिच पर उतरे रायुडू



**नई दिल्ली।** भारत के लिए कॅरियर में 61 मैच खेलने वाले क्रिकेटर अंबाती रायडू राजनीति की पिच पर उतर गए हैं। वह गुरुवार को आंध्र प्रदेश की सत्तारुढ़ वाईएसआरसीपी पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने आंध्र प्रदेश के सीएम वाईएस जगनमोहन रेड्डी की मौजूदगी में पार्टी जॉइन की। वह विजयवाड़ा में मुख्यमंत्री आवास पहुंचे थे और बाद में उनके फोटो-वीडियो सामने आए जिसमें वह पार्टी का पटका पहने हुए थे।

### थर्ड अंपायर के लिफ्ट में फंसने से रोका गया मैच

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा टेस्ट मुकाबला खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच मेलबर्न में खेले जा रहे इस टेस्ट मैच के दौरान एक अजीब घटना घट गई। इस टेस्ट मैच के तीसरे दिन गुरुवार को लंच के बाद का खेल कुछ देर के लिए रोका गया। थर्ड अंपायर के लिफ्ट में फंसने की वजह से इस मैच को कुछ देर के लिए रोका गया। सोशल मीडिया पर जैसे ही इस घटना का वीडियो वायरल हुआ तो फैंस अपने रिएक्शंस देने से खुद को नहीं रोक पाए थे।






## बैतूल से आए 50 विद्यार्थियों ने किया मैपकास्ट और साइंस सेंटर का भ्रमण

# जनजातीय संग्रहालय में स्टूडेंट्स भारतीय कला, संस्कृति से हुए रूबरू, एसटीईएम सेंटर में समझा न्यूटन का नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम राइज स्कूल और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के बैतूल से आए 50 जनजातीय विद्यार्थियों ने गुरुवार को मैपकास्ट और क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र का भ्रमण किया।

उन्होंने मप्र जनजातीय संग्रहालय का भ्रमण भी किया। वे अपनी कला व संस्कृति से परिचित हुए। नेहरू नगर में एसटीईएम वर्कशॉप सेंटर में विद्यार्थियों को न्यूटन के नियम, बर्नोली के प्रमेय और बिजली उत्पादन आदि से संबंधित जानकारी दी गई। क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को तारामंडल, 3डी वीडियो और अन्य विज्ञान संबंधी जानकारी भी दी गई।





### मप्र राज्य सेवा परीक्षा-2019 का रिजल्ट घोषित: टॉप-10 में 7 स्थानों पर लड़कियों ने मारी बाजी

# टॉपर्स ने कहा- राज्य सेवा परीक्षा में सफलता के लिए मन में ठाना, सोशल मीडिया से बनाई दूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने मंगलवार देर रात राज्य सेवा परीक्षा-2019 का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया है। 87 फीसदी पदों पर चयन सूची जारी की गई है। जिसमें टॉप-10 में 7 लड़कियां हैं। ओबीसी आरक्षण मामला कोर्ट में लंबित होने के कारण 13 फीसदी पदों पर नियुक्तियां रोकी गई हैं।

484 पदों के लिए हुई राज्य सेवा परीक्षा में 13 कैंडिडेट डिप्टी कलेक्टर जबकि 9 डीएसपी बनी हैं। आयोग द्वारा जारी डिप्टी कलेक्टर श्रेणी की सूची में पहले नंबर पर सतना की प्रिया पाठक, दूसरे पर सिवनी की शिवांगी बघेल और तीसरे नंबर पर पन्ना की पूजा सोनी हैं।

परीक्षा की तैयारी के दौरान कभी हार नहीं मानी


प्रिया पाठक

### पढ़ाई के दौरान तय कर लिया था प्रशासनिक सेवा में आना है

सतना जिले के नागौद से ताल्लुक रखने वाली प्रिया पाठक राज्य सेवा परीक्षा 2020 में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) पद पर चुनी गईं। अपनी सफलता से उत्साहित प्रिया ने बताया कि बायो टेक्नोलॉजी विषय में स्नातक अंतिम वर्ष की पढ़ाई के दौरान मैंने तय कर लिया था कि मुझे प्रशासनिक सेवा में आना है। मैं संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की 2015 में आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में शीर्ष स्थान करने वाली टीना डाबी से प्रेरित हूं। उन्होंने बताया कि यह बात मेरे मन में एक प्रेरणा के तौर पर हमेशा रहती थी कि टीना डाबी ने केवल 22 साल की उम्र में सिविल सेवा परीक्षा में अपने पहले प्रयास में शीर्ष स्थान हासिल किया।

### *पहली बार राज्य सेवा परीक्षा में बैठी तो सोशल मीडिया से दूर रही*

*प्रिया के पिता कृष्णशरण पाठक एक शासकीय प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक हैं। 26 वर्षीय प्रिया ने राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि हासिल की है। उन्होंने बताया कि मैंने ठान लिया था कि मुझे राज्य सेवा परीक्षा में सफल होना ही है। परीक्षा की तैयारी के दौरान मैंने कभी हार नहीं मानी। जब लक्ष्य बड़ा हो, तो मेहनत करनी ही पड़ती है और सफलता मिलने तक सब्र रखना ही पड़ता है। उन्होंने कहा कि 2019 में पहली बार राज्य सेवा परीक्षा में बैठीं, तो सोशल मीडिया से दूर रही।*

### मां की बीमारी के बीच भी पढ़ाई रखी जारी

दूसरा स्थान हासिल करने वाली शिवांगी बघेल ने कहा कि साल 2020 की एमपीपीएससी परीक्षा में मेरा चयन जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर हुआ, जिसकी अभी उनकी भोपाल में ट्रेनिंग चल रही है। उन्होंने बताया कि मेरे पिता पीडब्ल्यूडी में प्रमुख अभियंता पद पर भोपाल में पदस्थ हैं, वो परिवार के साथ भोपाल में ही रहती हैं। एमबीए के बाद मैं नौकरी करने के लिए हैदराबाद चली गई लेकिन एक महीने बाद ही मैंने नौकरी छोड़कर, पीएससी की तैयारी शुरू की। उन्होंने बताया कि मेरी मां का इस साल सितंबर में किडनी ट्रांसप्लांट करना पड़ा। लेकिन मैंने मां की गंभीर स्वास्थ्य स्थिति के बीच भी अपनी पढ़ाई जारी रखी और इंटरव्यू दिया। उन्होंने कहा कि यदि आप जीवन में कुछ करना हैं तो आपको टाइम निकालना ही पड़ता है। कभी-कभी मेरा मन भी पढ़ने को नहीं करता था, लेकिन उसके बावजूद टाइम निकालना पड़ता था। कोविड के दौरान भी मैंने अपनी मेंस की तैयारी शुरू कर दी थी।



### 2020 में बनी डीएसपी और अब डिप्टी कलेक्टर, परिवार और पति का मिला भरपूर साथ


मयूरी जोक

धार में पदस्थ सूबेदार मयूरी जोक का चयन भी डिप्टी कलेक्टर के लिए हुआ है। 2020 में हुई एमपीपीएससी परीक्षा का रिजल्ट इसी साल जून में आया था, तब वे डीएसपी के पद पर चयनित हुई थीं। उन्होंने कहा कि बचपन से पिता को वर्दी में देखा। तब ही पुलिस विभाग में नौकरी करने का मैंने फैसला कर लिया। पिता की इच्छाओं को पूरा करने के लिए कॉलेज टाइम से ही प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी। जोक बताती हैं कि 2020 में निकली भर्ती का मेंस डेढ़ साल बाद अप्रैल 2022 में था, इसी बीच शादी तय हो गई। अप्रैल में ही शादी होनी थी। ऐसे में पति रवि सिंह ने सपोर्ट करते हुए दोनों परिवारों से बातचीत कर शादी को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। वे कहती हैं कि आत्मविश्वास से सफलता पाई जा सकती है।

### आईएएस की ट्रेनिंग ले रही भोपाल की रुचि जैन बनीं डीएसपी


भोपाल के पंचशील नगर की रुचि जैन ने एमपीपीएससी-2019 रिजल्ट में डीएसपी (उप पुलिस अधीक्षक) के पद पर टॉप किया है। खास बात यह है कि रुचि ने एमपीपीएससी एग्जाम 2019 में दिया था। इसके बाद यूपीएससी2020 में शामिल हुईं। जिसे क्रैक करने के बाद अभी अंडमान निकोबार में आईएएस की ट्रेनिंग पर हैं। सरकारी स्कूल और कॉलेज में पढ़ी रुचि 2016 में एसबी (स्पेशल ब्रांच) में ऑल इंडिया में टॉपर रही थीं। रुचि ने बताया कि मेरी कामयाबी में मां-पिता और बड़े भाई आयुष जैन का महत्वपूर्ण रोल रहा है। भाई आयुष ने मोटिवेटर का रोल निभाया। उन्हीं की बदौलत आज मेरा चयन हुआ। सरकारी स्कूल में पढ़ाई पूरी करने वाली रुचि ने मास्टर ऑफ आर्टस में दो बार एमए किया। 2016 से 2022 तक स्पेशल ब्रांच में रही। इस दौरान जबलपुर, मंडला, बालाघाट जिलों में पोस्टिंग हुई। आईएएस-2020 में शामिल हुईं। हिंदी माध्यम से एग्जाम दिया और फर्स्ट अटेम्प में ही सेकेंड रैंक मिली थी।

### जैक एंड जिल स्कूल की सिल्वर जुबली

# रवींद्र भवनः नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों पर दी प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रवींद्र भवन में जैक एंड जिल फाउंडेशन स्कूल के सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन के रूप में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें जहां एक ओर बड़ी संख्या में नन्हे-मुन्नों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया तो वहीं पैरेंट्स ने भी तालियों की गड़गड़ाहट से अपने नन्हे-मुन्नों की प्रस्तुति का स्वागत किया।

सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन में बच्चों ने ग्रुप डांस के माध्यम से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। संचालिका नीति भूषण ने कहा आज हमारे इस फाउंडेशन स्कूल को 25 साल पूरे हो गए हैं।

## खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में भोपाल के तीन निर्देशक हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में भोपाल की तीन शॉर्ट फिल्म शक की सुई (निर्देशक -सुनील सोन्हिया), कर्तव्य (निदेशक आर के दादोरिया), यह जिंदगी (निर्देशक - अन्वेष कोसे) की स्क्रीनिंग की गई तथा मुख्य समारोह में तीनों निर्देशक सुनील सोन्हिया, आर के दादोरिया, अन्वेष कोसे एवं शक की सुई की अभिनेत्री मायरा दयाल को आयोजक अभिनेता राजा बुंदेला ने सम्मानित किया।

**भोपाल**

## 14 लाख की लूट में दो पुलिसकर्मी गिरफ्तार, डीसीपी ने किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में दो पुलिस आरक्षकों की वजह से खाकी को शर्मिंदा होना पड़ा। दोनों ने एक व्यापारी के 14 लाख रुपए लूटे हैं।

व्यापारी ने जब पुलिस में शिकायत की तो डीसीपी ने जांच के बाद दोनों को सस्पेंड कर जेल पहुंचाया। डीसीपी राजेश सिंह ने बताया कि चंदन नगर थाने पर 25 दिसंबर को अंकित जैन ने शिकायत दर्ज कराई थी। अंकित के मुताबिक 23 दिसंबर की रात पंजाब ट्रेवल्स की बस के ड्राइवर को भाविक पटेल ने बंद पैकेट दिया। इसमें 14 लाख रुपए रखे थे। पैकेट अहमदाबाद के कन्हैयालाल पटेल को देना है। 25 दिसबर को कन्हैयालाल ने अंकित को बताया कि बस ड्राइवर ने उन्हें रुपए नहीं दिए। इसके बाद ड्राइवर ने टीआई इंद्रमणि पटेल के सामने कहा कि उसकी बस पर दो सिपाही आए और पार्सल उठाकर ले गए।

## पेटीएम बॉक्स चेक करने का झांसा देकर 48 हजार रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जूस व्यापारी की दुकान में पेटीएम साउंड बाक्स चेक करने के बहाने जालसाज ने 48 हजार रुपए उसके पेटीएम खाते से अपने करीबी के बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिए। साइबर क्राइम पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज किया है।


पुलिस के मुताबिक, झूलेलाल मंदिर के पास बैरागढ़ निवासी 32 वर्षीय नीरज वाघवानी की नई सब्जी मंडी सीहोर नाका बैरागढ़ में जूस की दुकान है। उसने साइबर क्राइम पुलिस को आवेदन दिया कि खुद को पेटीएम का कर्मचारी बताकर जालसाज उसकी दुकान में आया। उसने दुकान में लगे पेटीएम की साउंड बाक्स मशीन को बदलने के लिए कहा। इसके लिए जालसाज ने व्यापारी से उसका मोबाइल ले लिया। इसके बाद आरोपी ने अपने साथी के अकाउंट में 48 हजार रुपए ट्रांस्फर कर लिया।

## रेड बस से शिक्षक का जेबकतरों ने किया पर्स पार, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेड बस में सवार जेबकतरे ने शिक्षक के जेब से पर्स पार कर दिया। घटना उस समय हुई जब शिक्षक अपनी बेटी का एसएसबी का इंटरव्यू कराकर लालघाटी से रेलवे स्टेशन जाने के लिए बस में बैठे। रास्ते में जेबकतरे ने उनका पर्स पार कर दिया। मंगलवारा पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, सुरेन्द्र कुमार शर्मा शिक्षक हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बुधवार को वह अपनी बेटी आकांक्षा को एसएसबी का इंटरव्यू दिलाकर रेड बस में लालघाटी से रेलवे स्टेशन तक जाने के लिए सवार हुआ। शाम करीब साढ़े 5 बजे अल्पना तिराहा बस स्टाप पर उतरे। देखा कि पैंट के पीछे की जेब में रखा पर्स गायब है। सुरेन्द्र ने बताया कि पर्स में दो एटीएम कार्ड, 18 सौ रुपए नकदी समेत अन्य दस्तावेज थे।

## मंत्री जायसवाल और पटेल का स्वागत



**भोपाल।** भोपाल से कोतमा जाते मंत्री दिलीप जायसवाल और प्रहलाद पटेल का स्वागत राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ की राष्ट्रीय संयोजक अर्चना जायसवाल के मार्गदर्शन में स्वागत किया गया। तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर में कार्यकारी अध्यक्ष किशोर राय एवं मनीषा राय के साथ अशोक राय, अरविन्द राय राजेश राय, महेश राय ने स्वागत किया।

### नरेंद्र नगर के वीर हनुमान मंदिर में रामकथा आयोजित

रामकथा वाचक पं. उमाशंकर पाचौरी ने सुनाई कथा

# भगवान राम की लीला अपरंपार, जीवन में एक बार 'राम' कहने पर मिले देव दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नागपुर

रामकथा वाचक पं. उमाशंकर पचौरी ने कथा का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान राम की लीला अपरंपार है। जीवन में एक बार राम कहने पर भी देव दर्शन हो सकते हैं। एक व्यक्ति को बताया कि यमराज जब आपसे आपके पुण्य के बारे में पूछे तो बताना कि जीवन में एक बार राम नाम लिया, इसका बड़ा महत्व होता है। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या (उत्तर प्रदेश) में नरेंद्र नगर के उज्जवल सोसाइटी में श्रीराम कथा का आयोजन हो रहा है।



### *राम नाम सुमिरन से मिला राक्षसों को परम धाम*

*पं. उमाशंकर पचौरी ने अपनी अमृतवाली से कहा कि राम नाम का दिन -रात सुमिरन करने से राक्षसों को भी भगवान श्रीराम अपना परम धाम दे देते हैं जिसकी याचना बड़े- बड़े मुनि करते हैं। भगवान राम और रावण के साथ युद्ध में हनुमान जी और अंगद जी राक्षसों की टांग पकड़ कर राम और विभीषण के पास फेंकते थे और वह उनका नाम बताते थे। भगवान राम उनको अपने परम धाम भेज देते थे।*

## ट्रायल रन में दौड़ी ट्रेन ने 2 छात्राओं को कुचला

**भोपाल।** इंदौर-देवास रेलवे लाइन पर सीएसआर के दौरे के बाद ट्रैक पर हादसा हो गया। सीआरएस स्पेशल ट्रेन से दो स्टूडेंट्स की मौत हो गई। जिस ट्रैक पर घटना हुई है वहां पर ट्रेन का पहली बार ट्रायल रन था। इसी ट्रैक से 3 स्टूडेंट्स बबली, राधिका और साधना कोचिंग से घर लौट रही थी। मौके पर रेलवे के अधिकारी और लसूड़िया थाने के पुलिस अधिकारी पहुंचे। घटना की जानकारी कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट ने भी केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को दी।

Advertorial

जानकारी - (शोध) कहीं आपके पेट के चूर्ण में सनाय तो नहीं?

कब्ज के रोगियों के लिए राहत भरी ख़बर

मुंबई: सनाय एक उत्तेजक पदार्थ है जिसकी शरीर को आदत हो जाती है, जिसके कारण मलाशय की तकलीफ एवं कैंसर होने की सम्भावना होती है। इससे कब्ज की तकलीफ दीर्घकाल तक हो सकती है। पेट में गैस की समस्या को पेट में वायु बनना या गैस बनना आदि भी बोला जाता है। आजकल अस्वस्थ आहार और सुस्त जीवनशैली के कारण पेट में गैस की समस्या होना आम बात हो गई है। आयुर्वेद के अनुसार, पेट के जितने भी रोग है वे सभी शरीर के त्रिदोष के कारण होते हैं। इसलिए वात, पित्त, कफ दोषों को शांत करके पेट के रोग जैसे गैस की समस्या को ठीक किया जा सकता है। पेट में गैस होने पर अनेक तरह की बीमारियां होने की संभावना भी बन जाती है। जब खाना खाते हैं तब पाचनक्रिया के दौरान हाइड्रोजन, कार्बनडाई ऑक्साइड और मिथेन गैस निकलता है जो गैस या एसिडिटी होने का कारण बनता है। जब पाचन सही प्रकार से नहीं होता है तो पेट में बनने वाली अपान वायु तथा प्राण वायु बाहर नहीं निकल पाती है। गैस से होने वाले रोग से बचने के लिए आपको आयुर्वेदिक ख्याल स्वादिष्ट चूर्ण इस्तेमाल करना चाहिए। 21 जड़ी-बूटियों जैसे - सफेद जीरा, कृष्णा जीरा, अजवाइन, अजमोद, पीपली, सौंठ, लौंग, दालचीनी, धनिए, गजपीपली, कालीमिर्च, अनारदाना, इलाइची, पुदीना, हींग व सौंफ आदि से निर्मित ख्याल स्वादिष्ट चूर्ण पेट सम्बंधित समस्याओं में तुरंत राहत देता है एवं इसकी आदत भी नहीं पड़ती। खाने के बाद एक चम्मच सेवन करें और सभी रोगों से अपने को बचाएं क्योंकि बुजुर्ग बोल गये हैं की सभी बीमारी की जड़ पेट ही है। और पेट से सम्बंधित किसी भी समस्या के लिए निःशुल्क नम्बर 9329618105, 9878877768 पर परामर्श कर सकते है।




SUPER STOCKIST- MAHAKAUSHAL DISTRIBUTOR- 9200802777, STOCKIST-GURUKRIPA AGENCY- 7000129182, NAINA PHARMA- 8770589259, PHARMA TRADERS, KATNI- 8889922866, SHEELA MEDICOSE, MANDLA-9981919813, VAINAV MEDICOSE, REWA 7000538746, K. LAL & SONS, SATNA- 9425174301

ख्याल स्वादिष्ट चूर्ण

• गैस • अफरा • अपचन • बदहजमी

आम जनता के लिए ...

www.khayalhealth.com

Flipkart meesho TATA 1mg JioMart

और मेडिकल स्टोर्स पर भी उपलब्ध

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930